सुप्रभात
रांची, मंगलवार
13.06.2023
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



* नगर संस्करण । पेज : 12 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 328 | khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा का रिजल्ट जारी

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सोमवार को सिविल सेवा (प्रीलिम्स) परीक्षा 2023 के रिजल्ट की घोषणा कर दी है। यूपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षार्थी अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

### साइबर अपराध पर करें फोकस : डीजीपी

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आला अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में डीजीपी ने स्पष्ट कर दिया कि किसी भी स्थिति में अवैध माइनिंग पर रोक लगे।

### वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

**साहिबगंज।** जिला में रविवार की शाम काफी बारिश हुई। 34 एमएम बारिश के साथ हवा की रफ्तार भी 36 किलोमीटर प्रति घंटा रही। आंधी तूफान इतना जोर था कि कई लोगों के कच्चे मकान के छप्पर उड़ गये। वहीं वज्रपात की घटना भी सामने आयी है, यहां ठनका गिरने से युवक की मौत हो गयी।

### अभिषेक झा की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 16 को

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित और झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर 16 जून को सुनवाई करेगा। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया।

### तूफान की दस्तक : जुहू बीच में चार लोग डूबे

**मुंबई।** महाराष्ट्र से बड़ी खबर आ रही है। खबर है कि मुंबई के जुहू बीच पर 5 लोग समुद्र में डूब गये हैं, हालांकि एक शख्स को रेस्क्यू कर लिया है, लेकिन चार लोगों का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। सभी लापता है। वहीं, घटना के बाद लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है।

### आज झारखंड आयेंगी वसुंधरा राजे सिंधिया

**रांची।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया तीन दिवसीय दौरे पर 13 से 15 जून तक झारखंड में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। इस दौरान वे तीन लोकसभा क्षेत्र दुमका, गोड्डा और गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगी। वह मंगलवार को देवघर में एक कार्यक्रम में शामिल होंगी।

### इंडीज में वनडे, टी20 टेस्ट खेलेगी टीम इंडिया

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज का दौरा करेगी। इस दौरे पर भारत और कैरेबियाई टीम के बीच क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में कड़ी टक्कर होगी। वेस्टइंडीज के इस दौरे पर भारत और कैरेबियाई टीम के बीच क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (वनडे, टेस्ट और टी20) में टक्कर होगी।

### भारत की जीडीपी 3.75 ट्रिलियन डॉलर पहुंची

**नयी दिल्ली।** भारत की जीडीपी (सकल घरेलू घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गयी है। यह वर्ष 2014 में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर के करीब थी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

# ट्रायल रन : पटना से रांची पहुंची वंदे भारत ट्रेन

■ पटना–रांची के बीच 6 स्टेशनों पर होगा ठहराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड और बिहार के बीच प्रस्तावित सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदेभारत का सोमवार को ट्रायल रन किया गया। पटना जंक्शन से चलकर रांची पहुंची वंदेभारत एक्सप्रेस को देखने स्टेशन में भीड़ उमड़ पड़ी। लोग ट्रेन के साथ सेल्फी ले रहे थे। सोमवार की सुबह करीब 6:55 बजे पटना स्टेशन से चली वंदेभारत ट्रेन को दोपहर के 12:30 बजे तक रांची स्टेशन पहुंचा था लेकिन 160 किमी तक अधिकतम स्पीड वाली यह अत्याधुनिक ट्रेन निर्धारित समय से 20 मिनट पहले पहुंची। ट्रेन में ट्रायल के दौरान चालक दल के सदस्यों सहित दानापुर रेल डिवीजन के टेक्निकल स्टाफ भी सवार थे।

## हर स्टेशन पर भव्य स्वागत, सेल्फी लेने की मची होड़

पटना से चलकर यह ट्रेन जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना और मेसरा में ही रूकेगी। अभी पूर्व मध्य रेलवे ने केवल गया और बरकाकाना में स्टॉपेज का ही समय निर्धारित किया है। बाकी स्टेशनों में समय निर्धारित किया जाना बाकी है। वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित परिचालन होने से पटना से रांची की दूरी महज 6 घंटे में पूरी का जा सकेगी। गौरतलब है कि जब पटना से चलकर ट्रेन रांची पहुंची तो लोगों में सेल्फी लेने की होड़ लग गई। हर कोई ट्रेन के समीप जाना चाहता था लेकिन सुरक्षा कारणों से आरपीएफ जवानों ने बैरिकेडिंग कर सबको रोक दिया। पहले पत्रकारों को भी रोका गया लेकिन बाद में उन्हें ट्रेन के अंदर जाने दिया गया।

### रांची-पटना के बीच होगा 3 ट्रायल रन

रांची-पटना वंदेभारत ट्रेन का 3 ट्रायल रन होना है। आज पहला हुआ। ट्रायल के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने पहले 11 जून की तारीख निर्धारित की थी लेकिन बाद में इसे 12 जून किया गया। बता दें कि अभी ट्रेन के आधिकारिक परिचालन के तारीखों की पुष्टि नहीं की गई है। उम्मीद जाहिर की जा रही है कि इस महीने के आखिर में नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा, लेकिन फिलहाल यह कयास ही है। पटना से रांची के बीच ट्रेन के 6 ठहराव हैं।

### चालक की सूझबूझ से हादसा टला

रांची से पटना वापसी के दौरान कोडरमा से पहले चार जगहों पर रेलवे ट्रैक पर मवेशी के आ जाने की घटना सामने आयी है। पिपराडीह के पास रेलवे ट्रैक पर एक गाय आ गयी। ट्रेन चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन की गति धीमी कर दी, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गयी। पटना से रांची और रांची से पटना जाने के क्रम में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से चार जगह रन ऑवर की घटना हुई। सभी जगहों पर ट्रेन के सामने मवेशी आने की वजह से दो जगहों पर ट्रेन को पांच-पांच मिनट रोकना भी पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कोडरमा से हजारीबाग के बीच कुरागढ़ा-कठौतिया, मेसरा और साकी के बीच, हजारीबाग होम सिग्नल के पास तथा पिपराडीह होम सिग्नल के पास पटरी पर मवेशियों के आ जाने से रन ओवर हुआ।

### ट्रायल रन में भाजपा सांसद जयंत सिन्हा के सफर पर विवाद

हजारीबाग के भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के ट्रायल रन के के दौरान वंदेभारत में सफर करने से विवाद पैदा हुआ। उन्होंने हजारीबाग से बरकाकाना स्टेशन तक इसमें सफर किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। ट्रायल अच्छी तरह से पूरा हुआ लेकिन बीजेपी सांसद के इसमें सफर करने पर विवाद हो गया है। सांसद के सफर करने पर रेल अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि ट्रायल रन के दौरान ट्रेन में कोई सफर नहीं कर सकता। यह सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला है। पहले ही यह दिशा-निर्देश दिया गया था कि ट्रेन में चालक दल के सदस्य और तकनीकी जानकार सवार होंगे। इसमें ट्रेन की गति, पटरियों की मजबूती, तकनीकी दक्षता सहित अन्य पहलुओं को देखा परखा जाता है। ट्रायल में किसी प्रकार की गड़बड़ी भी हो सकती है जो स्वयं सांसद की सुरक्षा के लिए भी चिंताजनक है।

# झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में कामकाज शुरू

■ पहले दिन वरीय अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित, प्लास्टिक मुक्त परिसर का सीजे का आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देश के सबसे बड़े न्यायालय परिसर झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में सोमवार 12 जून से सुनवाई शुरू हो गयी। अदालती कामकाज के पहले दिन मुख्य न्यायाधीश की अदालत में शिक्षा न्यायाधिकरण से जुड़े मामले में पहली सुनवाई हुई। धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नये भवन में पहले दिन हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र समेत हाईकोर्ट के जजों ने वरीय अधिवक्ताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं नये एवं पुराने भवन का फोटो स्मृति के रूप में प्रदान किया। हाइकोर्ट की कार्यवाही शुरू होने के पहले इसे यादगार बनाने के लिए परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर चीफ जस्टिस ने नये परिसर में प्लास्टिक का यूज बंद करने का आह्वान किया। साथ ही आश्वासन दिया कि अगर कुछ कमियां है तो उसे जल्द दूर कर लिया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)



**यादगार बनाने को किया पौधरोपण :** हाई कोर्ट की कार्यवाही शुरू होने के पहले परिसर में पौधरोपण किया गया। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने गेट नंबर एक के पास पौधरोपण कर इसकी शुरुआत की। इसके बाद सभी जजों ने पौधे लगाये। इस दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि आज नये परिसर में कामकाज का पहला दिन है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया है। इस दौरान करीब 100 पौधे लगाये गये।

**आर्मी लैंड स्कैम : अमित अग्रवाल और दिलीप घोष भेजे गये जेल**

# 75.39 करोड़ की संपत्ति अटैच छवि समेत 10 पर पीसी दायर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को 75.39 करोड़ रुपये की संपत्ति की अटैच कर ली। इनमें सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन और हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से इडी ने अटैच किया है। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की कीमत 41.51 करोड़ रुपये और बजरा मौजा में 7.16 एकड़ जमीन की कीमत 32.87 करोड़ लगायी गयी गयी। वहीं आर्मी जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार किये गये व्यवसायी अमित अग्रवाल और जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को सोमवार को जेल भेज दिया गया। इनकी रिमांड अवधि सोमवार को पूरी हो गयी थी। इधर, सेना के कब्जे वाली जमीन समेत अन्य भूखंडों की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम से जुड़े निलंबित आइएएस छवि रंजन, अफसर अली, अमित अग्रवाल समेत 10 के खिलाफ इडी की विशेष कोर्ट में सोमवार को प्रॉजिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दाखिल कर दिया गया। (शेष पेज 11 पर)

### फर्जी कागजात पर जमीन बेचने का मामला

जमीन घोटाले मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों ने सोमवार को 75.39 करोड़ रुपये की संपत्ति की अटैच किया है। इनमें सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन और हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से इडी ने अटैच किया है। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की कीमत 41.51 करोड़ रुपये और बजरा मौजा में 7.16 एकड़ जमीन की कीमत 32.87 करोड़ लगायी गयी गयी। फर्जी कागजात के आधार पर इस जमीन को बेचने के मामले में ईडी ने 13 अप्रैल को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इसके बाद 14 अप्रैल को सात आरोपियों बड़गाई अंचल उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, इम्तियाज अहमद, मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और पश्चिम बंगाल के वर्धमान निवासी प्रदीप बागची को गिरफ्तार किया था।



**72 घंटे तक इडी ने की पूछताछ :** इडी की ओर से गिरफ्तार करने के बाद अमित अग्रवाल और जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष इडी कोर्ट में पेश किया गया था, जहां पूछताछ के करने स्पेशल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 72 घंटे के लिए इडी को सौंपा था। सोमवार को दोनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद इडी ने दोनों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। जहां सुनवाई के बाद दोनों को जेल भेजने का आदेश दिया गया।

# प्रचंड गर्मी से न दिन में राहत, न ही रात में चैन

■ 16 तक राहत के आसार नहीं, बिजली संकट ने परेशानी और बढ़ायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है। शाम और रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। उमस है और हवा भी नहीं चल रही जिसने लोगों को परेशान कर दिया है। घर के अंदर भी पंखा और कूलर होने के बाद भी राहत नहीं है। ऐसे में लगातार बिजली संकट ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने साफ संकेत दिया है कि अभी राहत की उम्मीद नहीं है। राजधानी रांची में 16 जून तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में ज्यादा अंतर नहीं है। अभी बारिश के कोई आसार नहीं है। रांची में पिछले पांच दिनों से लगातार 40 डिग्री सेसि के आसपास पारा चल रहा है। 13 जून तक राज्य के पूर्वी भाग (संताल) के इलाकों में कहीं कहीं हल्की बारिश की संभावना है। 18 से 20 जून के बीच बारिश और इसी बीच मानसून के पहुंचने की उम्मीद है।

**कुलपतियों संग समीक्षा बैठक में बोले कुलाधिपति**

# सिर्फ डिग्री बांटने से कुछ नहीं होगा कार्य योजना बनाकर करें काम

■ रोजगारपरक पाठ्यक्रम को प्रोत्साहित करने को नये मिशन के साथ कार्य करें

■ विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की गवर्नर ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि केवल डिग्री बांटने से कुछ नहीं होगा। हमारे छात्र-छात्राएं डिग्री पाकर दर-दर की ठोकरें खाने को विवश हो जाते हैं। इसलिए विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों को अध्ययन के बाद रोजगार कैसे मिले, इस दिशा में भी कार्य करना होगा। हमें वक्त की मांग को समझना होगा। विश्वविद्यालयों को व्यावहारिक रूप से प्रगति करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्हें बेहतर पाठ्यक्रम को अपनाना चाहिए। साथ ही रोजगारपरक पाठ्यक्रम को प्रोत्साहित करना चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

# सुल्तानगंज गंगा नहाने गये गिरिडीह के एक ही परिवार के नौ लोग डूबे

■ सांसद प्रतिनिधि का भांजा सौरभ का शव बरामद, बड़ी बेटी श्रीयांशी की खोजबीन जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भागलपुर।** सुलतानगंज के अजगैबीनाथ गंगा घाट पर सोमवार को गंगा स्नान के दौरान गिरिडीह जिले के नौ लोग डूब गये। इनमें सात को बचा लिया गया, पर दो लोग अब भी लापता हैं। इसमें पीयूष कुमार उर्फ सौरभ राज (25) का शव बरामद कर लिया गया। श्रीयांशी कुमारी (15) अब भी लापता है। उसकी खोजबीन जारी है। बताया गया कि श्राद्ध कर्म के बाद शुद्धीकरण के लिए कोडरमा सांसद प्रतिनिधि उषा देवी का पूरा परिवार गिरिडीह से आया था। पूरा परिवार गंगा स्नान कर रहा था। सांसद प्रतिनिधि उषा देवी की बेटी डूबने लगी, जिसे बचाने में सभी लोग डूबे। डूबने वाले लोग जब चीखने चिल्लाने लगे, तो स्थानीय दुकानदारों व फोटोग्राफर ने चौकी के सहारे सात लोगों को बचाया। दो लोग गहरे पानी में चले गये और लापता हो गये। घटना के बाद गंगा घाट पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रो ललित नारायण मंडल, राजस्व अधिकारी रवि कुमार, थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली। एसडीआरएफ और गोताखोर टीम खोजबीन में लगायी गयी। देर शाम गोताखोर टीम ने पीयूष का शव बरामद किया। वह सांसद प्रतिनिधि का भांजा है। सांसद प्रतिनिधि की सबसे बड़ी बेटी श्रीयांशी की खोजबीन जारी है।

# आज सरकारी विभागों में 70 हजार नियुक्ति पत्र बांटेंगे पीएम मोदी

■ देश भर में 43 स्थानों पर होगा रोजगार मेले का आयोजन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रोजगार मेले में सरकारी विभागों में नव-नियुक्तों को 70 हजार नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मौके पर पीएम नव-नियुक्तों को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने सोमवार को यह जानकारी दी। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 43 स्थानों पर किया जायेगा। इस पहल का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों व संघ शासित प्रदेशों में भर्तियां की जा रही हैं। देशभर से चयनित नव-नियुक्तों को वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखापरीक्षा और लेखा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग और गृह मंत्रालय सहित विभिन्न विभागों में शामिल होंगी। (शेष पेज 11 पर)

## चक्रवात 'बिपरजॉय' को लेकर हाइलेवल बैठक

■ केंद्रीय गृह मंत्रालय 24 घंटे कर रहा है स्थिति की समीक्षा

■ एनडीआरएफ की 12 टीमें तैनात, 15 स्टैंडबाय पर



**प्रधानमंत्री** ने सोमवार को भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि संवेदनशील स्थानों में रहने वाले लोगों की निकासी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय करें। साथ ही क्षति की स्थिति में तत्काल बहाली की तैयारी के साथ आवश्यक सेवाओं का रखरखाव सुनिश्चित करें। पीएमओ ने बैठक के बाद बताया कि पीएम मोदी ने 'बिपारजॉय' से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए केंद्र और गुजरात के मंत्रालयों व एजेंसियों सतर्क रहने को कहा। वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा संवेदनशील स्थानों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित रूप से निकाला जाये। (शेष पेज 11 पर)

# 15 जून को धोनी की याचिका पर सुनवाई करेगा मद्रास हाइकोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मद्रास हाईकोर्ट में अधिकारी संपत कुमार के खिलाफ आपराधिक अवमानना की याचिका दायर की थी। मद्रास उच्च न्यायालय धोनी द्वारा तमिलनाडु कैडर के आईपीएस अधिकारी संपत कुमार के खिलाफ दायर अदालत की अवमानना मामले की गुरुवार 15 जून को सुनवाई करेगा। आइपीएस अधिकारी संपत कुमार आइपीएल

### मैच फिक्सिंग से जुड़ा है केस

2013 के मैचों में फिक्सिंग और सट्टेबाजी मामले की जांच कर रहे थे। उस दौरान संपत ने धोनी के खिलाफ तल्ख टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति एम सुंदर और गोविंदराजन थिलकावड़ी ने सोमवार को धोनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील पीआर रमन और आईएएस अधिकारी के वकील पेरुम्बलाविल राधाकृष्णन से कहा कि अदालत हर गुरुवार अवमानना मामले की सुनवाई करती है।

# पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी!

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा बिहार की राजधानी पटना और झारखंड की राजधानी रांची के बीच शुरू करने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। सोमवार को ट्रेन ट्रायल रन पर पटना से रांची रवाना हुई और देर शाम वापस पटना लौट गयी। ट्रेन सेवा की शुरूआत की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन चर्चा है कि बाकी वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी पीएम नरेंद्र मोदी रवाना करेंगे। कार्यक्रम वर्चुअल हो सकता है या फिर प्रधानमंत्री मोदी पटना भी आ सकते हैं। केंद्र में बीजेपी सरकार के नौ साल पूरे होने पर जून में एक रैली को संबोधित करने के बिहार भाजपा के आग्रह को प्रधानमंत्री कार्यालय से सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है। संभावना है कि पीएम मोदी बिहार दौरे पर आएं तो वंदे भारत की शुरूआत और भाजपा की रैली दोनों कार्यक्रम एक साथ कर लें।

## पटना-रांची के बीच 4 सुरंगों से होकर गुजरेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पटना के रांची के बीच सफर अब पहले से सुगम और आरामदायक होने जा रहा है। करीब 410 किलोमीटर का सफर 6 घंटे में पूरा होगा। सोमवार को पहली बार पटना से रांची के बीच इसका ट्रायल किया गया। पटना रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन तय कार्यक्रम के मुताबिक सोमवार सुबह 6 बजकर 55 मिनट पर रवाना हुई और निर्धारित समय से करीब 20 मिनट पहले ही रांची पहुंच गई।

रांची से पटना के बीच ट्रेन 6 स्टेशनों पर रुकेगी। मेसरा, बरकाकाना, हजारीबाग, कोडरमा, गया और जहानाबाद में ठहराव होगा। दोनों पड़ोसी राज्यों की राजधानी के बीच चलने वाली ट्रेन ऐसे रूट से गुजरेगी जिस पर यात्री प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ भी ले पाएंगे। यह ट्रेन सिधवार (रामगढ़) और सांकी (रांची) के बीच सुरंगों और ऊंचे रेलवे पुलों से गुजरेगी। सिधवार और सांकी के बीच 27 किलोमीटर का हिस्सा चार सुरंगों से होकर गुजरता है, जिनमें से सबसे लंबी सुरंग 1.7 किलोमीटर लंबी है, जबकि तीन अन्य सुरंग लगभग 600 मीटर लंबी हैं।



# सरकार ने हाईकोर्ट को बताया, प्रिजन एक्ट के तहत ही बनेगा जेल मैनुअल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के जेल में सिस्टम में सुधार को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मॉडल जेल मैनुअल का ड्राफ्ट तैयार है लेकिन नया मॉडल प्रिजन एक्ट भारत सरकार ने लाया है। इसलिए पुराने प्रिजन एक्ट में बदलाव लाया जाएगा। प्रिजन एक्ट के तहत ही जेल मैनुअल बनता है। पुराने प्रिजन एक्ट में बदलाव कर रहे हैं, इसलिए मॉडल जेल मैनुअल के लिए थोड़ा रुकना होगा। नया प्रिजन एक्ट एक माह में लागू कर दिया जाएगा। उसके बाद मॉडल जेल मैनुअल नोटिफाइड कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई 24 जुलाई निर्धारित की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई की।

पूर्व की सुनवाई में एमिकस क्यूरी मनोज टंडन की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में मॉडल जेल मैनुअल बनाया है। इसे सारे राज्य सरकार को भेजा गया था और उन्हें इसी के आधार पर मॉडल जेल मैनुअल बनाने को कहा गया था। दूसरे राज्यों में मॉडल जेल मैनुअल बन चुका है लेकिन झारखंड में अब तक नहीं बना है। जब-जब भी हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होती है तो सरकार की ओर से कहा जाता है कि मॉडल जेल मैन्युअल बनने का काम प्रोसेस में है। इस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि वर्ष 2019 में भी शपथ पत्र दाखिल कर राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि मॉडल जेल मैनुअल बनने का काम प्रोसेस में है, आज भी सरकार यही बात कह रही है।

## गोधन न्याय योजना शुरू, कार्यशाला में जैविक कृषि की दी गयी जानकारी, कृषि मंत्री बोले

# 572 वर्मी कंपोस्ट यूनिट बनाने का है लक्ष्य

**ओफाज के तहत होगा वर्मी कंपोस्ट पायलट प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि झारखंड को जैविक राज्य बनाना है। श्री पत्रलेख सोमवार को हेसाग स्थित पशुपालन विभाग के सभागार में गोधन न्याय योजना की शुरूआत कर रहे थे। उन्होंने गोधन न्याय योजना का का लोकार्पण किया। उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों से आये प्रगतिशील किसानों और दुग्ध उत्पादकों को संबोधित करते हुए कहा कि गोवंश के गोबर से हम जैविक कृषि के क्षेत्र में झारखंड की पहचान बना सकते हैं। केमिकल फर्टिलाइजर पर आश्रित हैं, जो हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर छोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के पांच जिलों से गोधन न्याय योजना की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हो रही है। इस प्रोजेक्ट की सफलता की समीक्षा के उपरांत पूरे राज्य में इसे चलाने की योजना बनायेंगे।



उन्होंने कहा कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद्य पदार्थों का उपयोग हो, उत्पादों को जैविक की मान्यता मिले, इसके लिए एजेंसी और सेंटर बनाने की तैयारी सरकार कर रही है। वर्मी कंपोस्ट के लिये 10 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है।अगर यह सफल रहा तो 100 करोड़ की योजना भी बनाई जाएगी। इस योजना के तहत राज्य के किसानों को 8 रुपये किलो वर्मी कंपोस्ट उनके इलाके में ही उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, गोपालकों से 2 रुपए किलो गोबर सरकार लेगी और प्रसंस्करण के बाद किसानों को वर्मी कंपोस्ट के रूप में उपलब्ध करायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गाय को सम्मान देने का काम किया है। गोशाला पर काम करने के साथ पहली बार गोमुक्तिधाम के निर्माण की शुरूआत की गई है। राज्य के 12 लाख किसानों को अब तक प्रति किसान 3500 रुपए का लाभ दिया जा चुका है। साथ ही, 9.38 लाख किसानों के बीच सुखाड़ से हुए नुकसान के एवज में 810 करोड़ की राशि फसल बीमा के लाभ के रूप में वितरित की गई है। किसानों के कल्याण के लिये सुखाड़ राहत के लिए केंद्र सरकार को 9682 करोड़ की मांग की है। यह राशि सीधे किसानों के खाते में जायेगी।

### सभी सभ्यताओं में गोवंश का स्थान प्रमुख : महालिंगा शिवाजी

ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के सीइओ महालिंगा शिवाजी ने कहा कि जितना गोवंश जहां होता है, वहां उतनी ही समृद्धि और संपन्नता आती है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक हर काल में गोवंश का स्थान प्रमुख रहा है। उन्होंने कहा कि गोबर में पोषक तत्व होते हैं। जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाते हैं इसीलिए इस योजना से 504 लाख मीट्रिक टन उत्सर्जित गोबर को नाइट्रोजन के रूप में कन्वर्ट किया जा सकेगा और इस कन्वर्जन से राज्य को 22000 करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। यह योजना पारंपरिक कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस योजना का उद्देश्य झारखंड में उपलब्ध गोवंश के द्वारा उत्सर्जित गोबर का उपयोग वर्मी कंपोस्ट तैयार करते हुये कृषक की रासायनिक खादों पर निर्भरता को कम करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि करना है। प्रोजेक्ट की शुरूआत वर्तमान समय में प्रत्येक प्रमंडल के एक जिला से की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि निदेशक चंदन कुमार, उद्यान निदेशक सीईओ ओफाज महालिंगा शिवाजी, निदेशक हॉर्टिकल्चर नेसार अहमदए, संयुक्त निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भविष्यानंद सहित जिला कृषि पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में किसान और कृषक मित्र उपस्थित थे।

## 27 जून से 26 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

# झारखंड लोक सेवा आयोग ने सीडीपीओ के 64 पदों के लिए जारी किया सिलेबस

**नियुक्ति के लिए प्रारंभिक परीक्षा होगी, 100-100 अंकों की होगी परीक्षा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने सीडीपीओ के 64 पदों के लिए सिलेबस जारी कर दिया है। आयोग ने सीडीपीओ के 64 पदों के लिए निकाले गये विज्ञापन में एससी के पद घटा दिये हैं, जबकि नियमानुसार आरक्षण रोस्टर से एससी कैटेगरी में छह पद होने चाहिए। दूसरी ओर आयोग के विज्ञापन में एससी कैटेगरी में सिर्फ दो पद ही रखे गये हैं। इसे लेकर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर सुधार करते हुए फिर से विज्ञापन निकालने का आग्रह किया गया है। इधर, कुल 64 पदों में 50% महिला के लिए आरक्षित करने के मामले में भी कई युवाओं ने मुख्यमंत्री को ट्विट कर पूछा है कि 50% सीट आरक्षित रखने का निर्णय झारखंड सरकार ने कब ले लिया गया। उम्र सीमा एक अगस्त 2019 को न्यूनतम 22 वर्ष निर्धारित की गयी है, जबकि अधिकतम उम्र सीमा अनारक्षित के लिए 35 वर्ष, बीसी वन व बीसी टू के लिए 37, महिला के लिए 38, एससी/ एसटी के लिए 40 तथा इडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष निर्धारित की गयी है। निःशक्त के लिए हर कैटेगरी में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट दी गयी है।भूतपूर्व सैनिकों को उम्र सीमा में पांच वर्ष तथा राज्य सरकार के कर्मी, जिन्होंने लगातार तीन वर्ष की सरकारी सेवा पूरी कर ली है, को अधिकतम उम्र सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जायेगी।

**27 जून से कर सकते है ऑनलाइन आवेदन :** जेपीएससी ने 64 सीडीपीओ की नियुक्ति के लिए 27 जून से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन 26 जुलाई की शाम पांच बजे तक जमा करना है। जबकि परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई शाम पांच बजे कर निर्धारित की गयी है। कुल 64 पदों में अनारक्षित के 34, एससी के दो, एसटी के 21, बीसी वन के एक तथा इडब्ल्यूएस के छह पद शामिल हैं। बीसी टू के लिए एक भी पद नहीं हैं। कुल 64 पदों में 32 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। खेल कैटेगरी के लिए एक, ब्लाइंड के लिए एक, मूक-बधिर के लिए एक व लोकोमेटिव के लिए एक पद क्षैतिज आरक्षण के आधार पर दिये गये हैं।

**सभी प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ होंगे :** नियुक्ति के लिए प्रारंभिक परीक्षा होगी। जिसमें 100-100 अंकों के दो पत्र होंगे। सभी प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ होंगे। जबकि मुख्य परीक्षा हिंदी 100 अंकों की होगी। हिंदी के अंक क्वालिफाइंग होंगे। क्वालिफाइंग अंक 30 होगा। यह अंतिम मेधा सूची में शामिल नहीं होगा। हिंदी विषय का पाठ्यक्रम 10वीं कक्षा स्तर का होगा। इसके अलावा सामान्य अध्ययन दो पत्र के होंगे, जो 100-100 अंक के होंगे। आयोग ने इसके लिए सिलेबस जारी कर दिया है।

# असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें : डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा की जानेवाली समीक्षा बैठक से पहले राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के आला पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जो भी लंबित मामले हैं उनका जल्द से जल्द निष्पादन पर जोर दें।



बैठक में सर्वप्रथम अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, द्वारा राज्य के वर्तमान अपराधिक परिदृश्य जिसमें राज्य में लंबित वारंट, कुर्की की अद्यतन स्थिति, पुराने लंबित काण्डों की अद्यतन स्थिति, पोक्सो एक्ट, हत्या, मानव तस्करी, साईबर अपराध, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, अवैध उत्खनन एवं अनुसूचित जाति, जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज काण्डों के संबंध में प्रस्तुति दी गई। डीजीपी ने राज्य में लंबित वारंट, कुर्की के त्वरित निष्पादन करते हुये अपराध नियंत्रण के लिए संगठित अपराधिक गिरोहों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा संगठित अपराधिक गिरोह के फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं उसपर अपराध नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुराने लंबित काण्डों एवं राज्य में महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध जैसे दुष्कर्म, पोक्सो एवं महिला उत्पीड़न के काण्डों का त्वरित गति से निष्पादन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में डायन प्रथा जैसे कुरूतियों को दूर करने के लिए ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

इतना ही नहीं उन्होंने सर्टिफिकेट केस में निर्गत वारंट का तामिला करने, राज्य में अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने हेतु गठित टास्क फोर्स द्वारा लगातार छापामारी करने तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिवेदित कांडों की संख्या, अफीम की खेती के विनष्टीकरण एवं तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही।

बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक ने साईबर अपराध पर लगाम लगाने पर चर्चा की, जिसमें डायल 1930 को सुदृढ़ करने तथा उस पर आने वाले कॉल पर त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

### साइबर अपराध के मुद्दे पर विशेष चर्चा

बैठक के दौरान डीजीपी ने विशेष रूप से साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए चर्चा करते हुए कहा कि इस पर रोक लगाना बहुत ही जरूरी है। जिसमें डायल- 1930 को सुद्दढ करने तथा उस पर आने वाले कॉल पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि अभी तक डायल- 1930 पर ससमय सूचना प्राप्त होने पर कुल चार करोड़ आठ लाख सत्तासी हजार रुपयों को फ्रिज कराते हुए साइबर अपराधियों से सुरक्षित बचा लिया गया है।

### श्रावणी मेला को लेकर विधि-व्यवस्था की चर्चा

बैठक में राज्य में आने वाले पर्व त्योहार एवं श्रावणी मेला को देखते हुए विधि-व्यवस्था के संधारण में आ रही कठिनाईयों एवं उसके निराकरण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही पूर्व में घटित सांप्रादायिक घटनाओं से संबंधित दर्ज कांडों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावे विधि-व्यवस्था संधारण के लिए निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया, ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह, भड़काऊ भाषण एवं झूठी सूचना नहीं फैलाई जा सके।

## देवघर के अलावा गिरिडीह में भी गरजेंगी राजस्थान की पूर्व सीएम

# भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने आज झारखंड आयेंगी वसुंधरा राजे सिंधिया

**देशव्यापी जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं का प्रवास झारखंड में शुरू**

**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड में मिशन 2024 को लेकर भाजपा का अभियान तेज हो गया है। इसी के मद्देनजर राजस्थान की पूर्व सीएम सह पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया 13 जून से महा जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करेंगी। देशव्यापी जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं का प्रवास झारखंड में शुरू हो गया है। इस कड़ी में केंद्र सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों को पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं में जीत का जुनून पैदा करने के लिये राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे 13 जून को देवघर में जनसभा को संबोधित करेंगी। उनका दुमका जिले के कैराबनी में 14 जून को और 15 जून को गिरिडीह जिले के बगोदर में जनसभा का कार्यक्रम है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं मे वह जोश भरेंगी।



मिशन 2024 को लेकर रेल राज्यमंत्री राव साहेब पाटिल दानवे 12 जून को महेशपुर के कल्याण छात्रावास मैदान में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे 14 जून को सोनुवा और चक्रधरपुर में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। 15 जून को भी उनका कार्यक्रम है। महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम शिंदे 12 से 15 जून तक झारखंड में प्रवास करेंगे। वे रांची और जमशेदपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी 12 एवं 13 जून को पाकुड़ एवं साहिबगंज जिला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। 12 जून को वे पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गोहन्दा में और साहिबगंज जिले के बरहेट में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को किया। 13 जून को वे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे और बोरियो में जनसभा को संबोधित करेंगे।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार एक महीने के इस कार्यक्रम में भाजपा जन-जन तक पहुंच पीएम मोदी के कार्यों का बखान कर रही है। इसी कड़ी में वसुंधरा राजे झारखंड आ रही हैं। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का झारखंड आगमन हो रहा है। वह 13 जून को अपने तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचेंगी। इस दौरान वह देवघर, दुमका और गिरिडीह में कार्यक्रम में शामिल होंगी। जनसभाओं के जरिये हर लोकसभा सीट को साधने की कोशिश हो रही है। दरअसल, पीएम मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। 9 वर्ष के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने सेवा शासन और गरीब कल्याण के लिए जो काम किये हैं। इसे लेकर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। कहा जाये तो महाजनसंपर्क अभियान के बहाने भाजपा ने मिशन 2024 के लिए ताल ठोक दी है। गिरिडीह, कोडरमा, गोड्डा और दुमका में इस मिशन को धार करने का जिम्मा धौलपुर की बमरौलिया परिवार की कुलमाता वसुंधरा राजे सिंधिया को सौंपा है।

**पहली दफा गिरिडीह पहुंचेंगी वसुंधरा :** गिरिडीह और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र भाजपा के दिग्गज नेताओं का इलाका है। सूबे के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद रविंद्र राय इसी क्षेत्र से आते हैं। इन दिग्गज नेताओं के इलाके में पहली दफा राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पहुंच रही है। कहा जा रहा हैं कि वसुंधरा के सहारे भाजपा महिला वोटर और बिजनेस ग्रुप को लुभाने की तैयारी में है।

## महाराष्ट्र के भाजपा पार्षद राम शिंदे ने कहा

# भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है महागठबंधन की सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य राम शिंदे ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ में डूबी हुई है। श्री शिंदे सोमवार को विधायक नवीन जायसवाल के अरगोड़ा स्थित आवास में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां के तथाकथित आईएएस अधिकारी दलाली कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने, पत्नी और भाई के नाम जमीन और माइंस आवंटित की। उनके प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का पर गंभीर आरोप लगे हैं। दरअसल, केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा की ओर चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत राम शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। इसी क्रम में श्री शिंदे ने कहा कि झारखंड सरकार काम नहीं कर रही है। जब से यह सरकार सत्ता में आयी है, राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ और लव जिहाद के मामले बढ़े हैं। धर्मांतरण के मामलों में वृद्धि हुई है। सरकार ने स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर युवाओं को धोखा दिया। महिलाओं और किसानों के लिए रघुवर सरकार के समय बनी योजनाओं को बंद कर दिया। केंद्र सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं को भी झारखंड में लटका रहे हैं।

मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए राम शिंदे ने कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में 9 आईआईएम खोले। 225 मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई। 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दी गयी। 9300 जन औषधि केंद्र खोले गये। इसके अलावा 5.65 करोड़ से ज्यादा लाभुकों को मिशन इंद्रधनुष का फायदा मिला। 2.97 करोड़ लोगों को वंदे भारत मिशन के तहत विदेशों से भारत वापसी हुई। नेशनल हाइवे बनाने में 208 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। पहले 12 किमी सड़क प्रतिदिन बनते थे, अब 37 किमी प्रतिदिन बन रहे हैं। पहले 74 हवाई अड्डे थे। मोदी सरकार ने 74 नये हवाई अड्डे बनवाये। खूंटी को पीएम ने देश के पहले सोलर कोर्ट की सौगात दी। झारखंड से ही मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत हुई। पीएम मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में देशभर में मनाने का निर्णय लिया।

# वंदे भारत : राजधानी रांची में आपका स्वागत है...

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी सेमी हाइस्पीड रेल परियोजना अब पूरे देशभर में आकार लेने लगी है। अपने देश में बनी यह ट्रेन वंदे भारत है जिसका परिचालन देश के विभिन्न स्टेशनों से धीरे-धीरे शुरू किया जा रहा है। इस कड़ी में पटना से रांची के बीच भी वंदे भारत की सौगात मिली है। इसके पूर्णकालिक परिचालन से पूर्व सोमवार को पटना से रांची के बीच वाया जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना और मेसरा ट्रायल रन किया गया। पहले ट्रायल रन में इसका परिचालन सफल रहा। हालांकि अभी दो और ट्रायल रन होंगे और सबकुछ बढ़िया रहा तो इसका नियमित परिचालन इस माह के अंत तक शुरू होने की पूरी उम्मीद होगी। वंदे भारत ट्रेन के रांची पहुंचने पर रेल अधिकारियों और यात्रियों ने इसका जोरदार स्वागत किया। ट्रेन को देखकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान थी। हर कोई इसपर सफर करने की चाहत में इसे देखने को बेकरार दिखे। कोई ट्रेन के साथ सेल्फी ले रहा था तो कई लोग इसकी विशेषता को लेकर बात करते दिखे। लोग इस ट्रेन को मोबाइल में कैद करते दिखे। रांची से यह ट्रेन वापस पटना ट्रायल के लिए रवाना हो गयी।*





## मोरहाबादी मैदान में शव बरामद गला घोंट कर हत्या की आशंका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी ग्राउंड के पास म्यूजियम के ठीक सामने सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद लालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के गले पर निशान है ऐसा लगता है कि गला दबाकर उसकी हत्या की गई है। मृत व्यक्ति के गले में गमछा लपेटा हुआ था। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि उसकी गमछा से ही गला दबाकर हत्या की गई है। शव को देखने के बाद घटना की जानकारी मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों ने लालपुर पुलिस को दी, जिसके बाद आनन-फानन में सिटी डीएसपी दीपक कुमार और लालपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मौके वरदात पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान करवाने की कोशिश की लेकिन उसे कोई पहचान नहीं पाया। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

**जांच में जुटी पुलिस, सीसीटीवी खंगाला** : सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि मृत व्यक्ति के गले में गमछा लपेटा हुआ है। ऐसा लगता है कि आपसी रंजिश के बाद गला घोट कर हत्या की गई है। मृतक की पहचान के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। मामले की तफ्तीश के लिए रांची पुलिस के द्वारा मोरहाबादी मैदान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को भी चेक करवाया गया है। हालांकि उसमें पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा है। घटनास्थल पर कुछ शराब की बोतलें भी मिली हैं।

### हिंदपीढ़ी में युवक ने दोस्त को मारी गोली

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के छोटा तालाब के पास दोस्त ने अपने ही दोस्त को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को मोहम्मद इमरान नाम के युवक को उसके ही दोस्त ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोग इमरान को रिम्स लेकर गये। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल युवक के पिता का नाम मोहम्मद कल्लू है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ कर रही है।

### जेबीवीएनएल के अधिकारी बोले- रांची में बिजली की कमी नहीं

## 24 घंटे बिजली देने का दावा फेल हर आधे घंटे पर कट रही बिजली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी समेत पूरे राज्य में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। बढ़ती गर्मी के साथ बिजली कटौती लोगों को रूला रही है। जहां पानी से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। राजधानी रांची की बात करें तो यहां शहरी इलाकों में हर आधे घंटे के अंतराल में बिजली कट रही है। वहीं कुछ इलाकों में चार से पांच घंटे लगातार कटौती की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में 10 घंटे तक की कटौती जारी है। बिजली की भारी कटौती



से लोग परेशान हैं। हालांकि जेबीवीएनएल रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के जीएम पीके श्रीवास्तव ने कहा कि रांची में बिजली की कमी नहीं है। 330 से 340 मेगावाट बिजली की जरूरत है जो राजधानी को मिल रही है। कुछ इलाकों में लोकल फॉल्ट के कारण बिजली कटती होगी। पिछले दिनों नामकुम ग्रिड मे भी परेशानी आयी थी। जिसे ठीक कर लिया गया है। ऐसे में राजधानी में बिजली की कोई कमी नहीं है।

**किन किन इलाकों में पड़ रहा असर** : बिजली संकट से राजधानी समेत आस पास के ग्रामीण इलाकों में असर देखा जा रहा है. इसमें बरियातु, मोरहाबादी, कोकर, होटवार, बूटी मोड़, एदलहातू, कांके, आइटीआइ, पिस्का मोड़, रातु रोड, हरमू, किशोरगंज, धुर्वा, हटिया, लोआडीह, कांटाटोली समेत अन्य शहरी क्षेत्र में असर देखा जा रहा है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो, तुपूदाना, पुंदाग, नगड़ी, ईटकी, नामकुम, ओरमांझी, पिठोरिया आदि क्षेत्रों में बिजली की कमी देखी जा रही है।

**आधी रात से स्थिति खराब** : बिजली संकट रविवार मध्य रात्रि से और बिगड़ गयी। अधिकांश इलाकों में आधे घंटे के अंतराल में बिजली कटौती की जा रही है। ऐसे में घरो में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जवाब देने लगे है। इंवर्टर का भी इस्तेमाल लोग नहीं कर पा रहे है। वहीं, कुछ इलाकों में लो वॉल्टेज की समस्या भी देखी जा रही है।

### राजधानी में तकनीकी कारणों से कटौती

गर्मी में बिजली की मांग बढ़ जाती है। प्रत्येक ट्रांसफॉर्मर की अपनी क्षमता होती है। बिजली की मांग बढ़ने पर ट्रांसफॉर्मर पर असर पड़ता है। जिससे ट्रांसफॉर्मर जलने या अन्य तकनीकी कारणों से बिजली चली जाती है। ऐसे में मरम्मत के बाद ही बिजली बहाल की जाती है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। शुक्रवार को कोकर में 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन के कारण लोगों को आठ घंटे बिजली कटौती झेलनी पड़ी। मरम्मत के बाद बिजली बहाल हुई।

### सिविल कोर्ट में 41 मामले निष्पादित

**रांची।** झालसा के निर्देश पर सिविल कोर्ट में पारिवारिक मामलों के निष्पादन के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 16 जून तक चलेगा। इस दौरान सिविल कोर्ट के न्यायिक पदाधिकारी और जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल और महासचिव संजय विद्रोही भी मौजूद थे। अभियान की शुरूआत करते हुए फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ऋषिकेश कुमार ने मध्यस्थों और अधिवक्ताओं से कहा कि आपसी तालमेल व मध्यस्थता से अधिक से अधिक वादों को सुलझायें। ताकि न्यायालय में लंबित वादों को कम किया जा सके। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन कुल 41 मामलों को सफलतापूर्वक निपटाते हुए निष्पादित कर दिया गया।

## रोड टैक्स बकाया मामले में 266 वाहन मालिकों को भेजा नोटिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रोड टैक्स बकाया रखने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ जल्द सख्ती होगी। ऐसे वाहन मालिकों को बकाया टैक्स जमा करने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। एक सप्ताह में बकाया जमा नहीं करने पर वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर रद्द कर दिया जाएगा और नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन कार्यालय ने ऐसे 266 वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया है और एक सप्ताह में बकाया टैक्स जमा करने को कहा है।

### कई वाहनों का वर्ष 2019 से है टैक्स बकाया

जिन वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया जा रहा है, उनमें कई वाहन मालिक ऐसे हैं, जिसका साल 2019 से रोड टैक्स बकाया है। वर्ष 2020 व 2021 से अब तक टैक्स जमा नहीं करने वाले भी शामिल हैं।

### डिफॉल्टर वाहन मिलते ही होगा जब्त

बकाएदार सभी कॉमर्शियल वाहन के मालिकों को सार्वजनिक नोटिस देकर टैक्स भुगतान का मौका दिया जा रहा है। बावजूद टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहन अगर सड़क पर नजर आए या कहीं भी तो उसे जब्त कर लिया जाएगा।


जिला परिवहन कार्यालय ने जिले के 1848 बस-ट्रक मालिकों को पिछले माह रोड टैक्स का बकाया जमा नहीं करने पर नोटिस दिया था। सभी को 15 दिनों के अंदर बकाया राशि जमा करने को कहा था। इस नोटिस के बाद वाहन मालिकों ने टैक्स जमा किया, लेकिन अभी भी 266 वाहन मालिकों ने टैक्स जमा नहीं किया है। इन बस मालिकों पर टैक्स का 19.23 करोड़ बकाया है।

## जेट मामले को लेकर 21 जून को होगी अगली सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील दायर हो सकती है या नहीं, इस विषय को लेकर दाखिल विभिन्न याचिका की आंशिक सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट की वृहत बेंच में हुई। मामले में कोर्ट ने सुनवाई के लिए 21 जून की अगली तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में मामले में प्रतिवादी स्कूल प्रबंधकों की ओर से बहस पूरी हो गई। इससे पहले 6 अप्रैल को अपीलार्थियों की ओर से बहस पूरी हो गई थी।

सुनवाई के दौरान एक ही बिंदु पर सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जिसमें एक में कहा गया है कि जेट के



आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील होगा और दूसरे में कहा गया है कि अपील नहीं हो सकता है। इस पर डिटेल जजमेंट कोर्ट में अगली सुनवाई में सभी पक्षों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यों की पीठ में मामले की सुनवाई जारी है। इस मामले को लेकर विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, मनोरंजन प्रसाद सिन्हा, उपेंद्र कुमार पांडे, कृष्ण कुमार झा की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

### खबर एक नजर में

### भाजपा के महासंपर्क प्रभारी आज आयेंगी रांची

**रांची।** भाजपा की महासंपर्क अभियान प्रभारी सह सांसद सरोज पांडेय आज रांची आ रही हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने बताया कि 4 बजे अपराह्न में वाईबीएन स्कूल, धुर्वा में भाजपा हटिया विधानसभा की ओर से आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इसके बाद शाम 5 बजे प्रदेश मुख्यालय में बैठक में शामिल होंगी। देर शाम 7 बजे सेवा विमान द्वारा दिल्ली रवाना होंगी।

### सांसद संजय सेठ ब्राजील रवाना



**रांची।** केंद्र सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ सांसद संजय सेठ सोमवार को ब्राजील रवाना हुए। संसदीय कार्य मंत्री पहलाद जोशी के नेतृत्व में देश भर से 10 सांसदों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ब्राजील और उरूग्वे रवाना हुआ। यहां कई बैठकें होंगी। भारत, ब्राजील और उरुग्वे के बीच व्यवसायिक संबंध राजनयिक संबंध सहित कई ऐसे महत्वपूर्ण विषय हैं, जिन पर भारत का प्रतिनिधि मंडल बातचीत करेगा।

### 3000 लोगों को मिलेगा रोजगार : बन्ना गुप्ता

**रांची।** होटल रॉयलसेन में सोमवार को साक्ष्य फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में सुव्यवस्थित तरीके से साफ-सुथरा खानपान के लिए साक्ष्य फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को चुना गया है। इससे 3000 लोगों को रोजगार दिया जाएगा। कार्यक्रम में एसीएमओ शशि भूषण खलखो, शशि कुमार, कांग्रेस प्रदेश सचिव सौरव अग्रवाल भी उपस्थित हुए। फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के झारखंड कॉर्डिनेटर रितेश पासवान ने कहा कि लोगों के बीच जागरूकता अभियान में बताया जा रहा है कि लोगों को साफ -सुथरा खानपान दिया जाए। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मोनू झा, जिला कॉर्डिनेटर शांतनु चक्रबर्ती, राजू मुखी,अमन शर्मा, सोनू पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

### रिम्स में तीन घंटे फेल रहा सर्वर, इलाज बाधित

**रांची।** रिम्स में सोमवार को सुबह 9:30 से 12:30 बजे करीब 3 घंटे तक सर्वर फेल रहा। जिससे मरीजों का पंजीकरण नहीं हो सका। ऐसे में राज्य के दूरदराज क्षेत्र से ओपीडी में परामर्श लेने आने वाले मरीजों को परेशानी हुई। मरीज या उनके परिजन रात में ही पहुंचकर रजिस्ट्रेशन के लिए कतार में खड़े हो जाते हैं, ताकि सुबह में उन्हें चिकित्सीय परामर्श जल्दी मिल जाए, लेकिन लिंक फेल होने के कारण रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका और पहली पाली में मरीजों को दिक्कत हुई। सर्वर ठीक होने के बाद दूसरी पाली में मरीजों को परामर्श मिल। तबतक सैकड़ों मरीज घर लौट चुके थे। कुछ मरीजों ने दूसरी पाली में इलाज करवाया। रिम्स में ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या प्रतिदिन औसतन 1200 से 1400 के बीच रहती है। वहीं, सप्ताह का पहला दिन होने के कारण मरीजों की भीड़ सोमवार को ज्यादा थी।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा सिर्फ एक छलावा : आभा सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा को ढोंग करार देते हुए कहा है कि मोदी सरकार घोषणा तो धूमधाम से करती है, लेकिन उन दामों पर फसलों की खरीद नहीं करती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके मंत्रिमंडल ने रबी फसलों के लिए एमएसपी की कागजी घोषणा तो कर दी है लेकिन उसे जमीन पर नहीं उतारा गया।

आभा सिन्हा ने मोदी सरकार की हर नीति को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि यह सरकार एमएसपी की घोषणा तो कर देती है, लेकिन सच्चाई यह है कि किसान की फसल एमएसपी पर खरीदी नहीं जाती और उसे फसल की लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा भी नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी एमएसपी जब देना ही नहीं है तो कागज पर घोषित करके वाह-वाही क्यों लूटना। उन्होंने कहा है कि मोदी जी, किसानों से दो बड़े वादे कर सत्ता में आए। किसान को लागत जमा 50 प्रतिशत मुनाफा एमएसपी के तौर पर देंगे। साल 2022 तक किसान की आय दोगुनी होगी लेकिन सीएसीपी की रिपोर्ट बताती है कि मोदी सरकार ने न ही किसी फसल पर लागत जमा 50 प्रतिशत मुनाफा पर एमएसपी निर्धारित की और न भाजपा शासित राज्यों की सिफारिश मानी।

### निजी अस्पताल में हजारीबाग के मरीज का ऑपरेशन तक नहीं, लूट लिये 12 लाख रुपये

## रीढ़ की 11 टूटी हड्डियों को जोड़कर रिम्स के डॉक्टरों ने किया कमाल, मरीज अपने पैरों पर चलकर गया घर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जिस मरीज के बचने की उम्मीद उसके परिजनों ने छोड़ दी थी, रिम्स के डॉक्टरों ने उसे नया जीवनदान दिया। काफी खुशी हुई, जब मरीज अपने पैरों पर चलकर घर गया। मालूम हो कि हजारीबाग में पांच महीने पहले सड़क हादसा हुआ था, जिसमें 25 साल का एक युवक बुरी तरह से घायल था। इस हादसे में युवक के दो दोस्तों की मौत ऑन स्पॉट हो गयी थी। युवक की हालत भी गंभीर थी। बेहतर इलाज के लिए परिजन उसे रांची के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर आए, जहां 16 दिन रखने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को 12 लाख का बिल थमा दिया लेकिन ऑपरेशन तक नहीं हुआ था। जब परिजनों के पास पैसे खत्म हो गए, तो वे मरीज को लेकर रिम्स के न्यूरोसर्जरी



वार्ड पहुंचे। स्थिति देखने के बाद डॉक्टरों ने कहा था कि मरीज के बचने की संभावना 10 फीसदी भी नहीं थी। उसकी रीढ़ की 11 हड्डियां टूट चुकी थीं। सिर की हड्डी टूटी थी। डॉ. अनिल कुमार की यूनिट में भर्ती रहने के बाद मरीज का इलाज शुरू हुआ।

**10 घंटे तक चला ऑपरेशन** : करीब एक माह पहले मरीज का लॉन्ग सिगमेंट स्पाइनल सर्जरी और वर्टिब्रोप्लास्टि की गई। ऊपर से नीचे तक मरीज के 11 हड्डियों को जोड़ा गया। साथ ही जो हड्डी टूटकर छोटी हो गई थी, उसे वर्टिब्रोप्लास्टि की मदद से सीमेंट डालकर तैयार किया गया। ऑपरेशन करीब 10 घंटे तक लगातार चला था। 5 महीने बाद रविवार को मरीज अपने पैर में चलकर अपने घर लौटा।

**रिम्स ने पैरों पर खड़ा कर मरीज को भेजा घर**

डॉक्टरों का कहना है कि जिसके बचने की उम्मीद उसके परिजनों ने छोड़ दी थी, उसे नया जीवनदान दिया गया। मरीज अपने पैर से पर चलकर घर गया। रिम्स में इससे पहले इतनी बड़ी स्पाइन सर्जरी नहीं हुई थी। ऑपरेशन टीम में डॉ अनिल कुमार, डॉ. विराट और डॉ. विकास कुमार शामिल थे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद विश्वविद्यालयों की पढ़ाई में आ रहा बदलाव

# डीएसपीएमयू में होगी चार वर्षीय स्नातक की पढ़ाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीएसपीएमयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत इसी सत्र से चार वर्षीय स्नातक 2023-27 की पढ़ाई होगी। फिलहाल स्नातक तीन वर्षीय कोर्स है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद विश्वविद्यालयों के पढ़ाई में बदलाव आ रहा है। विषय विशेषज्ञों द्वारा स्नातक के कुल 43 कोर्सों का सिलेबस डिजाइन कर लिया गया है। इसमें रेगुलर के 29 कोर्स हैं, जबकि वोकेशनल के 14 कोर्स शामिल हैं। ग्रीष्मावकाश के बाद सिलेबस को स्वीकृति के लिए बोर्ड




ऑफ स्टडीज की बैठक में रखा जाएगा। डॉ. सर्वोत्तम कुमार समेत अन्य विशेषज्ञों द्वारा तैयार सिलेबस के अनुसार, स्नातक स्तर पर कुल 45 पेपर की पढ़ाई और परीक्षा होगी। चार साल की पढ़ाई पूरी करने और परीक्षा में 7.5 सीजीपीए लाने वाले छात्रों की स्नातकोत्तर की पढ़ाई सिर्फ एक साल में पूरी हो जाएगी। दो समेस्टर की पढ़ाई व परीक्षा देकर एक्जिट व इंट्री की सुविधा चार वर्षीय पाठ्यक्रम में छात्रों को आजादी रहेगी कि वह हर दो समेस्टर की पढ़ाई व परीक्षा देकर बीच में एक्जिट व इंट्री पा सकते हैं। उन्हें अधिकतम 7 वर्षों में पढ़ाई पूरी करनी होगी। आगे एक वर्ष में पीजी पास कर पीएचडी कर सकेंगे।

**पढ़ाई पूरी करने का अवसर मिलेगा**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने पर मल्टीपल इंट्री का प्रावधान रहेगा। स्नातक में 8 सेमेस्टर की जगह दो, चार या छह सेमेस्टर के बाद किसी कारण से पढ़ाई छोड़ देते हैं। तो पढ़ाई पूरी करने का अवसर मिलेगा। कभी भी आकर पढ़ाई पूरी कर सकते हैं।

**हिंदी-अंग्रेजी व इंटर्नशिप हुआ अनिवार्य**

एनईपी लागू होने के बाद स्नातक में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों के लिए हिंदी और अंग्रेजी की पढ़ाई अनिवार्य कर दी गई है। सभी को इंटर्नशिप करना भी जरूरी होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, नए सिलेबस का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शिक्षित करने के साथ-साथ रोजगार से जोड़ना है।

# हजरत मौलाना मुफ्ती हारून नदवी ने मस्जिद के महत्व पर डाला प्रकाश

### जलसा सीरत उन नबी व शिलान्यास मस्जिद आयशा का आयोजन

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनकी रही अहम भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने वालो में कमरुल हक अंसारी, यासीन अंसारी, मुहम्मद शाहिद अंसारी, अली हसन, मुहम्मद अशफाक, मुहम्मद सद्दाम, मुहम्मद परवेज, मुहम्मद जमशेद आलम, मुहम्मद आसिफ आदि ने भूमिका निभायी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के तिलता रातू अल कमर कॉलोनी में जलसा सीरत-उन-नबी व शिलान्यास मस्जिद आयशा का आयोजन किया गया। जलसे की अध्यक्षता शहर काजी मुफ़्ती कमर आलम कासमी ने की। मंच संचालन मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी व मौलाना फिरोज ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कारी सोहेब अहमद के पवित्र कुरान के तिलावत से हुई।

जलसे के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र जलगांव के स्पीकर हजरत मौलाना मुफ्ती हारून नदवी ने अपने संबोधन में मस्जिद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हे लोगों, अपने जीवन में अच्छे कर्म करो। यह मत सोचो कि मेरे बाद मेरा बेटा या परिवार मेरे लिये अच्छे काम करेगा। कुरान का पहला छंद इकरा अर्थात पढ़ो, शिक्षा को महत्व दिया। वहीं, जब शायर इस्लाम दिल खैराबादी ने पढ़ा कि इस लिए नाज है इस जमी पर मुझे, जन्म भूमि मेरा स्थान है। ये तिरंगा कफन हो मेरी लाश पर, एक मुद्दत से दिल की ये अरमान है।

### मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाये रखते हैं खेलकूद : गुप्ता

#### संत जेवियर कॉलेज में कृदोत्सव का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज रांची के राष्ट्र सेवा योजना (एनएसएस) ने 12 जून को कृदोत्सव का आयोजन किया। इसमें कई प्रकार के खेल खेले गए जैसे क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी ,रस्सी खिंचाई आदि। इसमें सभी वॉलंटियर्स ने बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लिया। अनिर्बान गुप्ता (प्रोफेसर कॉमर्स डिपार्टमेंट जेवियर्स कॉलेज) ने हाल ही में एनएसएस कॉलेज के प्रोग्राम ऑफिसर का पद भार संभाला। उसके बाद उनका यह पहला सफल आयोजन रहा। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रोफेसर ज्योति टेटे मौजूद, थे जो की कॉलेज के इवनिंग सेक्शन के इंचार्ज है। गुप्ता ने वॉलंटियर्स को बताया कि खेलकर से पुष्ट और स्फूर्तिमय शरीर ही मन को स्वस्थ बनाता है। खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता,धैर्य और साहस का विकास होता है तथा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है।

# रिलायंस निप्पॉन लाइफ के पॉलिसीधारकों को मिला 344 करोड़ रुपये का बोनस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023 में अपने पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिये कुल 344 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन करने के प÷ात, कर लाभ के रूप में 108 करोड़ रुपये दिये।

इस घोषणा के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक प्रभावी रिवर्सनरी बोनस वाली के साथ सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज को घोषित बोनस दिया



गया है। यह रिवर्सनरी बोनस वाली पॉलिसीज के लिये मृत्यु और परिपक्वता पर गारंटीड फायदे बढ़ाएगा। यह बोनस वित्त वर्ष 2023 के लिये कंपनी के पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों द्वारा अर्जित लाभ में से दिया जा रहा है। इस बोनस के जारी होने से रिलायंस निप्पॉन लाइफ के 5,69,000 से ज्यादा पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों को फायदा होगा। कंपनी पिछले 22 वर्षों से नियमित आधार पर बोनस की घोषणा कर रही है, क्योंकि यह बोनस ग्राहकों को अपने प्रीमियम का नियमित भुगतान करने और पॉलिसी की पूरी अवधि तक जुड़े रहने का प्रोत्साहन देता है।

बोनस की इस घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा है कि हमारा उद्देश्य अपने सभी ग्राहकों को समृद्धि और मानसिक शांति देना है। हमें इस बोनस की घोषणा करके खुशी हो रही है, जिससे 5.6 लाख से ज्यादा ग्राहकों को फायदा होगा। उन्होंने कहा है कि पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज के तहत घोषित बोनस संपदा निर्माण में सहायक होते हैं और ग्राहकों को अपने जीवन में लंबी अवधि के लक्ष्य पूरे करने की अनुमति देते हैं। रुपये है।

### रवि भूषण के गीत यूट्यूब पर जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के लोक गायक रवि भूषण दुबे के गीत हमर झारखंड सोमवार को यूट्यूब पर जारी किया गया। गीम के माध्यम से झारखंड के अनुपम सौंदर्य खनिज संपदा कल कारखाने सहित अन्य बिंदुओं को दर्शाया गया है। जिसमें झारखंड को सृष्टि का अद्भुत वरदान कहा गया है। गीत में नागपुरी की मौलिकता को बरकरार रखा गया है। इसके पूर्व भी रवि भूषण दुबे के गीत यूट्यूब पर राष्ट्रीय एकता पर आधारित एवं अन्य धार्मिक गीत काफी लोकप्रिय रहे है। संगीतकार हेमंत कुजूर एवं वीडियो निमार्ता चंदन कुमार मिश्र है।

# सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई के मुख्यालय स्थित डिस्पेंसरी में सोमवार को गांधी नगर अस्पताल, सीसीएल, रांची के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में सीएमपीडीआई (मुख्यालय) तथा क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के महिला कर्मियों व संविदा कर्मचारियों ने स्क्रीनिंग कराकर लाभ प्राप्त किया।




इस स्क्रीनिंग कैम्प का उद्घाटन सीएमपीडीआई कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता ने किया। इस कैम्प में एकत्रित नमूनों को हिस्टो पैथोलॉजिकल जांच के लिए सीसीएल के गांधी नगर अस्पताल को भेजा गया। इस शिविर में लगभग 35 महिला कर्मियों/कर्मचारियों की स्क्रीनिंग टेस्ट की गयी।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिल्पी स्वरूप एवं ओम प्रकाश, गांधी नगर अस्पताल,सीसीएल के सीएमएस/इंचार्ज डॉ रत्नेश जैन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कादम्बिनी तथा विप्स के अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस स्क्रीनिंग कैम्प के सफल संचालन में विप्स,सीएमपीडीआई शाखा की भूमिका अहम रही।

# प्रांत अभ्यास वर्ग के मौके पर देवघर में अभाविप के नये दायित्व का एलान

### डॉ राजेश बने देवघर के नये जिला प्रमुख और प्रशांत को जिला संयोजक की कमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रांत अभ्यास वर्ग 8 से 11 जून तक बाबा बंशीधर और मां गढ़देवी की पावन धरा गढ़वा में संपन्न हुआ। अभाविप के प्रदेश अभ्यास वर्ग में झारखंड प्रांत के लगभग 250 कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रदेश अभ्यास वर्ग में 4 दिन तक चलने वाले विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकताओं को परिषद के सिद्धांत एवं शैक्षणिक संस्थानों में चल रही गतिविधियों से परिचय कराया गया। अभाविप का मूल सिद्धांत ज्ञान, शील एवं एकता के माध्यम से राष्ट्र पुनर्निर्माण के संकल्प को दोहराया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो सुमनलता, प्रदेश मंत्री सोमनाथ भगत, प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन मौजूद थे।

प्रांत अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद एक्का ने नए दायित्वों की घोषणा की, जिसमें देवघर जिला से प्रो डॉ राजेश कुमार बिसेन को एक बार पुनः जिला प्रमुख तथा प्रशांत शंकर को पुनः जिला संयोजक का दायित्व दिया गया। वहीं शुभम राय को भी पुनः विभाग (देवघर एवं जामताड़ा ) संयोजक एवं खुशी देव को विभाग छात्रा प्रमुख बनाया गया, जबकि अंकित राठौर को जिला सह संयोजक का दायित्व दिया गया। प्रदेश अभ्यास वर्ग में देवघर जिला से विभाग संगठन मंत्री उपेंद्र कुमार, विभाग छात्र प्रमुख खुशी देव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोपाल पंडित, नगर विस्तारक प्रदुम यादव, चन्दन यादव, युवराज सिंह, माही देव आदि कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। देवघर के पुनः निर्वाचित कार्यकताओं को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो जानकी नंदन सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रो ललित देव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र साव ने शुभकामनाएं दी है।

### अजनजाति क्षेत्र में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के ध्वजवाहक कड़िया मुंडा : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महा जनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को प्रदेश भाजपा की ओर से सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं सांसद आदित्य साहू ने पद्मभूषण कड़िया मुंडा को उनके खूंटी स्थित आवास पर अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने कहा कि कड़िया जी महान व्यक्तित्व के धनी हैं। भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री, लोकसभा उपाध्यक्ष, लंबे समय तक क्षेत्र के सांसद एवं विधायक के रूप में इन्होंने भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और जनसेवा केलिये अपना योगदान दिया।



उन्होंने कहा कि जनजाति बहुल क्षेत्र में इन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अलख जगाई। भाजपा की मजबूती और सफलता कड़िया जी जैसे कार्यकताओं के कठिन परिश्रम का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि सुदूर वनवासी क्षेत्र के लाल को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्मभूषण सम्मान से विभूषित कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी के ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाज के विशिष्ट जन को सम्मानित करना प्रदेश भाजपा का कर्तव्य है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की आज 31 एक्सप्रेस ट्रेनें रहेंगी रद्द

### रेलवे ने जारी की सूची

### बाहानगा स्टेशन पर पर हो रही ट्रैक मरम्मत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ट्रैक मरम्मत और मेगा ब्लॉक के कारण 13 जून को दक्षिण पूर्व रेलवे की 31 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द रहेंगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने इस संबंध में बुलेटिन जारी किया है। इसके मुताबिक खड़गपुर रेल मंडल के खड़गपुर-भद्रक रेलखंड के बाहानगा बाजार स्टेशन पर बड़े स्तर पर ट्रैक मरम्मत का काम हो रहा है। इसे लेकर आज 31 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसके अलावा खड़गपुर रेल मंडल में अधूरे पड़े कई विकास कार्य हो रहे हैं। इस कारण हावड़ा-मुंबई रुट की ट्रेनें दो घंटे विलंब से चल रही हैं।

18409 शालीमार-पुरी श्री जगन्नाथ एक्सप्रेस
22853 शालीमार-विशाखापत्तनम सुपरफास्ट एक्सप्रेस
22807 संतरागाछी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस
18037 खड़गपुर-जजपुर क्योंझर रोड एक्सप्रेस
18043 हावड़ा-भद्रक एक्सप्रेस
08031 बालासोर-भद्रक मेमू स्पेशल
12277 हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस
22887 हावड़ा-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल एक्सप्रेस
22825 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस
18045 शालीमार-हैदराबाद ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस
12821 शालीमार-पुरी धौली एक्सप्रेस
08411 बालासोर-भुवनेश्वर स्पेशल
08415 जलेश्वर-पुरी मेमू स्पेशल
18021 खड़गपुर-खुर्दा रोड एक्सप्रेस
12891 बंगरीपोसी-पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस
18044 भद्रक-हावड़ा एक्सप्रेस
12278 पुरी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस
18038 जाजपुर क्योंझर रोड-खड़गपुर एक्सप्रेस
08032 भद्रक-बालासोर मेमू स्पेशल
12822 पुरी-शालीमार धौली एक्सप्रेस
08416 पुरी-जलेश्वर मेमू स्पेशल
12892 पुरी-बंगरीपोसी एक्सप्रेस
18022 खुर्दा रोड-खड़गपुर एक्सप्रेस
08412 भुवनेश्वर-बालासोर स्पेशल
12881 शालीमार-पुरी गरीब रथ एक्सप्रेस
12774 सिकंदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस
22836 पुरी-शालीमार एक्सप्रेस
20832 संबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस
18410 पुरी-शालीमार श्री जगन्नाथ एक्सप्रेस
18046 हैदराबाद-शालीमार ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस
22604 विल्लुपुरम-खड़गपुर एक्सप्रेस

### विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने स्थानीय नागर मल मोदी सेवा सदन में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें कुल 28 रक्तवीरों ने अपना रक्तदान दिया। अध्यक्ष अमित चौधरी ने सभी रक्त वीरों को बहुत-बहुत बधाई एवं सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया रक्तदान कार्यक्रम के संयोजक राघव जालान, गौरव विजय थे रक्तदान संयोजको ने कहा रक्त देकर देखो अच्छा लगता है आपके द्वारा दिया गया रक्त तीन जिंदगियां बचाता है। आज के कार्यक्रम की शुरूआत मंच के वरिष्ठ सदस्य श्री रमन बोड़ा जी ने अपने जन्मदिवस पर रक्तदान कर किया। आज के रक्तदान शिविर में चार रक्त वीरों ने प्रथम बार रक्त



दिया रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए शाखा पूर्व अध्यक्ष श्री राजकुमार अग्रवाल, श्री सुभाष पटवारी, श्री मुकेश जालान, श्री अशोक लाठ, श्री राहुल अग्रवाल श्री मनीष लोधा राष्ट्रीय रक्तदान संयोजिका श्रीमती नेहा पटवारी, प्रांतीय संयोजक श्री पिंकेश खंडेलवाल, वरिष्ठ सदस्य रमन बोड़ा, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सह सचिव सन्नी टिबडेवाल, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़ एवं मंच परिवार के कई सदस्यों ने अपनी सहभागिता दे कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### स्कूल खोलकर जेएमजे स्कूल ने सरकारी आदेश की अवहेलना की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने दो दिनों तक स्कूल बंद करने का आदेश रविवार को जारी किया था। विभागीय आदेश के अनुसार 12 से 14 जून तक झारखंड के सभी स्कूलों को बंद रखना था। यह आदेश सरकारी, गैर सरकारी और निजी विद्यालयों सभी के लिए जारी किया गया था लेकिन राजधानी के साउथ पाड़ा स्थित जेएमजे स्कूल ने सरकारी आदेश की अवहेलना करते हुए रोज की तरह सोमवार को भी स्कूल खुला रखा। इस पर जब खबर मंत्र संवाददाता ने स्कूल प्रशासन से बात की तो कहा गया कि यूनिट टेस्ट के चलते स्कूल सोमवार को खुला रखा गया था लेकिन सरकारी आदेश को देखते हुए स्कूल प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि आज से स्कूल बंद रखा जाएगा।

# राष्ट्र के विकास में मातृशक्ति का योगदान विषय पर संगोष्ठी संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सेवा भारती मातृ वाहिनी के तत्वावधान में रांची के बिरसा चौक स्थित सेवा निकेतन सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा भारती की सचिव श्रीमती चंद्रिका चौहान ने राष्ट्र के विकास में मातृशक्ति का योगदान विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मातृशक्ति ही घर-परिवार में संस्कारों का बीजारोपण करती हैं। सर्वप्रथम अपने परिवार में अच्छे संस्कार,अच्छे व्यवहार को जागृत करना है। आज की महिलाएं निसंदेह अत्यंत सशक्त है,हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी है और उनकी अभूतपूर्व सफलता है। परंतु यह




भी सत्य है कि आज पश्चात संस्कृति का अनुकरण करने से महिलाओं का भटकाव हो रहा है।आज परिवारिक भाव कम होते जा रहा है। देश प्रेम का बीज-वपन माताएं ही अपने बच्चों में कर सकती हैं। फिर यही बच्चे बड़े होकर देश का नाम उज्जवल करेंगे। संगोष्ठी की भूमिका रखते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती की क्षेत्र महिला प्रमुख श्रीमती सोनी मेहता ने कहा कि सेवा भारती अपने विभिन्न सेवा आयामों के माध्यम से महिलाओं को सुशिक्षित, स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रही है। आधी आबादी की शक्ति किसी भी देश के पूर्ण विकास के लिए विराट शक्ति है। सर्वप्रथम देश की महिलाओं को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक होना होगा जिससे वे देश को संभालने- संवारने में समर्थ हो सकें। महिला संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ संध्या रानी सिन्हा, प्राध्यापिका,रसायन शास्त्र विभाग बीआईटी,मेसरा ने राष्ट्र के विकास में महिलाओं का योगदान विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं के सामाजिक कार्यों एवं उपलब्धियों को समाज के बीच लाना होगा। भारतीय महिलाएं संस्कृति और संस्कार में बंधी हुई होती है। देश को सशक्त करने के लिए महिलाओं को भी सशक्त होना अति आवश्यक है। महिला संगोष्ठी में श्रीमती मंजूषा देशमुख,शालिनी सचदेव,आरती सिंह, विमला कुमारी सहित शहर की समाजसेवी महिलाओं ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एकल गीत सुश्री रेणु कुमारी ने प्रस्तुत किया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती की शिक्षा आयाम प्रमुख कंचन प्रभा ने किया जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन प्रांत महिला प्रमुख श्रीमती पूनम आनंद ने किया।

स्पीड न्यूज

## मांडर : कैंबो गांव में मारपीट, तीन घायल

**मांडर।** प्रखंड के कैम्बो गांव में सोमवार सुबह हुई मारपीट की घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि गांव में एक झोपड़ी को लेकर मारपीट में घायल लोगों और उनके गोतिया के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। इसी विवाद को सुलझाने को लेकर सोमवार को गांव में पूर्व मुखिया व वार्ड सदस्यों के उपस्थिति में पंचायती हो रही थी। आरोप है कि पंचायती में ही जुगल साहू, जितवाहन साहू, चंदन साहू व राहुल साहू ने अपने गोतिया के सदस्यों पर नुकीले हथियारों से हमला कर दिया और उन्हें घायल कर दिया। जिसमें सुगन देवी, रतन प्रसाद साहू और बब्लू साहू को चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद बब्लू की गंभीर चोट को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है। बीच-बचाव में सुगन देवी व चरकु साहू को भी चोटें आई है। मामले को लेकर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सरना स्थल पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**मांडर।** थाना क्षेत्र के बूढ़ा खुखरा स्थित सरना स्थल में सोमवार को सरना समिति की ओर से आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरना रीति-रिवाज से तीन जोड़ियों कुलदीप खलखो संग लक्ष्मी खलखो, कृष्णा खलखो संग पानो खलखो एवं शंकर खलखो संग संध्या उरांव का सामूहिक विवाह कराया गया। इस अवसर पर सरना समिति बुढ़ाखुखरा के अध्यक्ष अविनाश कुजूर, सचिव शानू कुजूर, कोषाध्यक्ष दुर्गा कुजूर सहित अन्य लोगों ने वर बधू को उनके वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और गाजे बाजे के साथ उनक घर तक पहुंचाया। मौके पर समाजसेवी बंधन उरांव, पत्ते किस्पोट्टा, चिलगी उरांईन सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सिंगारी गांव में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिकिदिरी।** सुरसू पंचायत के सिंगारी गांव में सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी के प्रयास से द्वारिका अस्पताल ने लगाया गया। करीब 100 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर इनके बीच दवा का वितरण किया गया। मुखिया सुमित्रा देवी ने बताया कि सुदूरवर्ती गांवों में लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे इसे लेकर हेल्थ कैंप लगाया गया है। शिविर को सफल बनाने में समाजसेवी श्यामसुंदर बेदिया, वार्ड सदस्य रवीना कुमारी, समाजसेवी दीनदयाल बेदिया, जीवनधन बेदिया, फागू रजवार, भोलानाथ बेदिया आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## साईं मंदिर में मनी भुवनेश्वर पांडेय की पुण्यतिथि

**बुढ़मू।** सोमवार को शिक्षाविद सह समाजसेवी व साईं मंदिर के कोषाध्यक्ष स्व भुवनेश्वर पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि साईं मंदिर परिसर में मनायी गयी। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में साईं मंदिर के संस्थापक सचिव शिवकुमार तिवारी, डॉ हरि नारायण तिवारी, जयकुमार पांडेय, रामाशीष पांडेय, उमाकांत पांडेय, डॉ श्रीकांत पांडेय, गोपाल तिवारी, रंगनाथ चौबे, राजू चौबे, गोपाल भगत, निर्मल जायसवाल, बंशी जायसवाल समेत अन्य लोग शामिल थे।

# सूख गये कुआं-तालाब, चापानल खराब, पेयजल के लिए हाहाकार

**●डेकची-बाल्टी लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के बड़ा उलातू गांव में कुआं-तालाब सूख गए हैं और इकलौता चापानल भी खराब है। गांव के दो जलमीन भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके हैं। गांव वालों को पेयजल के लिए भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गांव की महिलाएं सुबह से ही पानी की जुगाड़ में लग जाती हैं। नई दुल्हन को भी पानी की जुगाड़ में बाहर जाना पड़ रहा है। नाराज ग्रामीणों द्वारा डेकची-बाल्टी लेकर प्रदर्शन किया जा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि नया जलमीनार बना है, लेकिन किसी के घर में पानी नहीं पहुंचता।



जलमीनार के समक्ष पानी के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी



प्रखंड वार्ड सदस्य संघ द्वारा बीडीओ को ज्ञापन सौंप आंदोलन की चेतावनी दी गई है। संघ के अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा के साथ सचिव सोनालाल मुंडा व वार्ड सदस्य गुड़िया देवी द्वारा बीडीओ विजय सोनी को ज्ञापन सौंप पेयजल की समस्या जल्द दूर करने व हर घर जल नल योजना के तहत जलमीना निर्माण व बिछाए गए पाईप लाइन पर विभाग व संवेदक द्वारा की गई गड़बड़ी की जांच कर कर्रवाई की मांग की गई है। साथ ही अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा ने कहा है कि प्रखंड के अन्य पंचायतों में हुई जलमीनार निर्माण की रिपोर्ट भी वार्ड सदस्यों से मंगाया जा रहा है। जलमीना निर्माण में हुई गड़बड़ी के खिलाफ वार्ड सदस्य संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन की किया जाएगा। वहीं बीडीओ ने कहा उलातु की पेयजल की समस्या व जलमीनार निर्माण में गड़बड़ी को लेकर ज्ञापन मिला है। कार्रवाई के लिए जिला भेज दिया गया है।

## डायन बता कर भतीजे ने बुजुर्ग चाची पर किया जानलेवा हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के सारजमडीह गांव स्थित देवी मंदिर के समीप रहने वाली एक बुजुर्ग महिला उर्मिला देवी को उसी के भतीजा ने तेज धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है।

घायल उर्मिला देवी ने बताया की उसका भतीजा योगेश्वर सेठ अक्सर शराब के नशे में धुत्त होकर डायन का आरोप लगाकर गाली-गलौज करता रहता था। घटना के दिन रात को वह खाना खाकर गर्मी के कारण अकेली अपने घर के बाहर सो रही थी। देर रात को शराब के नशे में धुत्त योगेश्वर सेठ ने तेज धारदार हथियार लेकर उसके ऊपर हमला कर दिया और ताबड़तोड़ चेहरे पर वार करने लगा। इस दौरान वह कहने लगा कि तुम डायन हो तुम्हे आज जिंदा नहीं छोड़ेंगे। पीड़ित महिला ने बताया कि किसी तरह वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकली और रात भर घर के बाहर छिपी रही।

अहले सुबह उसने घटना की जानकारी मुखिया धनसिंह मुंडा और जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ को दिया। दोनो के प्रयास से महिला को एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए तमाड़ हॉस्पिटल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया। इधर घटना की सूचना पाकर पुलिस आरोपी योगेश्वर सेठ को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

## सोनाहातू : विधायक ने अगलगी पीड़ित ग्रामीणों से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो सोमवार को प्रखंड के ओड़ेदारू गांव जाकर अगलगी से पीड़ित रामसेवक सिंह मुंडा और गांगू सिंह मुंडा से मुलाकात किये। इस दौरान आगलगी से हुए नुकसान की जानकारी लेकर घर के कई हिस्सों को देखे। ज्ञात हो कि रविवार को दोनों के घर में आग लग गयी थी। इसमें काफी नुकसान हुआ है। अगलगी की सूचना पर विधायक सुदेश महतो इनके घर पहुंच कर नुकसान की जानकारी लेकर आर्थिक मदद भी किये। मौके पर बीडीओ सुचित्रा मिंज, सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, चितरंजन महतो, वीणा मुंडा, रमेश सिंह मुंडा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने केडीएच पीओ से शिष्टाचार मुलाकात कर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केडीएच के नवनियुक परियोजना पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात किये। केडीएच परियोजना पदाधिकारी का मुलाकात महाप्रबंधन सभागार में किया गया। इस दौरान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर हार्दिक अभिनंदन किया गया। रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्यों ने केडीएच पीओ से मुलाकात कर सकारात्मक सहयोग दैने का भरोसा दिया है। नवनियुक्त परियोजना पदाधिकरी ने भी ग्रामीणए रैयत विस्थापितए श्रमिकों व श्रमिक प्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर जटिल परियोजना का विस्तार करेंगे। मौके पर जालीम सिंह एललन प्रसाद सिंह सुनील कुमार सिंह विनय खालकोए दामोदर गझू शिपता गंझू सहीत अन्य ग्रामीण उपस्थित है।

## विद्युत सबस्टेशन में ओवर हेड तार से लगी आग

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया सीसीएल कथार क्षेत्र अंतर्गत स्वांग कोलियरी विद्युत सब स्टेशन में ओभर हेड तार से चिंगारी गिरने से आग लग गई घटना की सूचना मिलते ही वहां कार्यरत स्थल पर उपस्थित शमशेर सिंह एवं उनके सहपाठीयों ने वहां रखे अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सब स्टेशन में स्थित विद्युत पोल में लगे तार से अचानक चिंगारी निकलकर जमीन पर जा गिरा और आग लग गयी।

## 36 सूत्री मांगों को लेकर जमसं ने प्रबंधन संग की स्ट्रक्चरल बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल उत्तरी करणपुरा क्षेत्र के सभागार में जनता मजदूर संघ की 36 सूत्री मांग पत्र का स्ट्रक्चरल बैठक प्रबंधन के साथ संपन्न हुआ। बैठक में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक एनके क्षेत्र के सभी स्टाफ अधिकारी क्षेत्र के सभी परियोजना पदाधिकारी कार्मिक पदाधिकारी श्रमिक सीसीएल संघ अध्यक्ष व सदस्य कमलेश कुमार सिंहए केंद्रीय सचिव सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्र नाथ सिंहउपस्थित थे। बैठक में कामगारों के बीच विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। चर्चा में कॉलोनी की सफाईएबिजली की व्यवस्था दुरुस्त करनाए कामगारों के आवास का रिपेयरिंग का कार्य करानाए कामगारों का समय पर पदोन्नति देनाए समय पर एसएलपी देनाए खदान के अंदर हॉल रोड को दुरुस्त करना, उत्पादन में लगे हुए मशीनों को दुरुस्त करनाएकामगारों को कालोनियों में शुद्ध पेयजल को मुहैया कराना सहित अन्य विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। प्रबंधन ने सभी समस्याओं पर समय पर समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में क्षेत्रिय अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव क्षेत्रीय सचिव डीपी सिंह टोपा महतो चंद्र भूषण सिंह भूटान चौहान अजय सिंह तपेश्वर यादव गुल्फी देवी शंकर चौहान अजय चौहान कंचन महतो प्रभु गंझू इंसान गंझू मौजूद थे।

## जीएम ऑफिस में प्रबंधन और जमसं की हुई एजेंडा मीटिंग

खबर मंत्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में जनता मजदूर संघ और पिपरवार एरिया प्रबंधन के बीच एजेंडा मीटिंग की गई बैठक की अध्यक्षता जीएम सीबी सहाय और संचालन एसओपी आलोक मनीष सोय ने किया। बैठक मे कोयला कामगारों की ज्वलंत समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें पिपरवार और अशोका यूनिट के मेन पावर को एक साथ करनेएकामगारों के बकाया 13 दिन की मजदूरी का भुगतान करनेए जीएम ऑफिस में कार्यरत कामगारों को संडे ड्यूटी देनेए सीएचपी परियोजना में संवेदनशील पदों पर कार्यरत कामगारों का स्थानांतरण करने, खदानों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने, असंगठित मजदूरों को 25 दिन का हाजिरी देने और फार्म डी में हाजिरी बनाने, दीपावली से पूर्व असंगठित मजदूरों को बोनस सहित कई समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रबंधन के द्वारा क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया गया। मौके पर जीएम सीबी सहाय, सीएचपी पीओ डी कुमार, एसओपी आलोक मनीष सोय, सिविल अधिकारी कुणाल आनन्द के अलावा सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## मालश्रृंग गांव में आम सड़क को घेरने से ग्रामीणों में आक्रोश

**ठाकुरगांव।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के मालश्रृंग गांव में आम रास्ता के घेराव करने के विरुद्ध ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, ग्रामीण एसपीएसीओ कांके तथा पिठोरिया थाना में आवेदन देकर आम रास्ता की चहारदीवारी नहीं करने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त रास्ते से ही होकर लोग श्मशान घाट जाते हैं। साथ ही गांव का रामनवमी एवं सरस्वती पूजा का जुलूस भी उक्त मार्ग से ही गुजरता है। मामले पर पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए काम बंद करा दिया गया है। साथ ही उच्चाधिकारियों को मामले के संबंध में पत्राचार किया गया है।

## केके चतुर्वेदी बने आरकेएमयू के पिपरवार एरिया अध्यक्ष

खबर मंत्र संवाददाता



**पिपरवार।** पिपरवर कोयलांचल क्षेत्र के अशोक परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी केके चतुर्वेदी को राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन का पिपरवार एरिया अध्यक्ष बनाया गया है।यूनियन के रीजनल सचिव सह जेसीएससी सदस्य ललन प्रसाद सिंह ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक केके चतुर्वेदी इससे पूर्व यूनियन के अशोक परियोजना शाखा अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। यूनियन के प्रति उनके बेहतर कार्य को देखते हुए उन्हें यूनियन का एरिया अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में केके चतुर्वेदी ने बताया कि यूनियन के द्वारा जो जिम्मेवारी उन्हें दी गई है उन्हें वह पूरी इमानदारी के साथ निभाएंगे। कोयला मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाने और समस्याओं का समाधान करने के लिए कार्य करेंगे।इधर केके चतुर्वेदी को एरिया अध्यक्ष बनाए जाने पर यूनियन के एरिया सचिव भीम प्रसाद मेहता सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

Tender Reference No. DWSD/RELO/DT/CTR/07/2023-24 (1st Call) DT : 12.06.2023

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Relocation of defunct 125/115 mm dia 60.00 Mtrs Deep Drilled Tube Well with Installation of I.M-II (IS:15500 Part-2/2004) Hand Pump 930/90) with 32 mm dia Medium Class G.I Riser Pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue UPVC Casing Pipe on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 | | | | |
| | Group No. | Qty. | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | RELO/DT/CTR-01 (Chatra Sub-Division) | 35 Nos. | 29,36,087/- | 59,000/- | 5,000/- | 02 Months |
| | RELO/DT/CTR-02 (Simariya Sub-Division) | 35 Nos. | 29,36,087/- | 59,000/- | 5,000/- | 02 Months |
| | RELO/DT/CTR-03 (Hunterganj Sub-Division) | 35 Nos. | 29,36,087/- | 59,000/- | 5,000/- | 02 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 17.06.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of Tender Documents | 23.06.2023 upto 5:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 24.06.2023 upto 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 24.06.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 299841 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2023–24**

अनुमण्डल कार्यालय, गुमला में अनुमण्डल पदाधिकारी का कक्ष, सभा कक्ष (Conference room) एवं न्यायालय कक्ष तथा भूमि सुधार उपसमाहर्ता का कक्ष एवं कार्यपालक दंडाधिकारी का कक्ष के सुसज्जीकरण हेतु अधिकृत विक्रेताओ/निबंधित संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक 21–06–2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:–

| S.N. | ITEMS | Rate |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| अनुमण्डल पदाधिकारी का कक्ष | | |
| 1 | वुडेन पायनलीन प्लाई पेंटिंग | प्रति SQF |
| 2 | फाईबर नेम बोर्ड, गोल्डन लेटर, साईज– 4'x3' | प्रति SQF |
| 3 | वुडेन टेबल, साईज– 8'x4'x2.5' | प्रति पीस |
| 4 | वुडेन साईड टेबल, साईज– 4'x18'x2.5' | प्रति पीस |
| अनुमण्डल पदाधिकारी का सभा कक्ष (Conference room) | | |
| 1 | वाल पेपर दीवार पर लगाकर | प्रति SQF |
| 2 | फाईबर नेम बोर्ड, गोल्डन लेटर, साईज– 4'x3' | प्रति SQF |
| अनुमण्डल पदाधिकारी का न्यायालय कक्ष | | |
| 1 | वुडेन पायनलीन प्लाई पेंटिंग | प्रति SQF |
| 2 | वुडेन कटघरा प्लेट फार्म मेट के साथ | प्रति SQF |
| 3 | फाईबर नेम बोर्ड, गोल्डन लेटर, साईज– 4'x3' | प्रति SQF |
| 4 | पुराना कटघरा रिपेयरिंग करते हुए नया न्यायालय कक्ष में अधिष्ठापित एवं पेन्टिंग | प्रति SQF |
| भूमि सुधार उपसमाहर्ता का कक्ष एवं कार्यपालक दंडाधिकारी का कक्ष | | |
| 1 | वाल पेपर दीवार पर लगाकर | प्रति SQF |
| 2 | फाईबर बोर्ड, गोल्डन लेटर, साईज– 3'x2' | प्रति SQF |

निविदादाता निविदा दो सीलबंद लिफाफे में अलग–अलग तकनीकी निविदा एवं वितिय निविदा समर्पित करेंगे। जिसे गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा। तकनीकी निविदा में चयनित निविदादाताओं का वितिय निविदा खोला जायेगा।

**(क) तकनीकी निविदा**

1. निविदादाता GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति एवं अद्यतन स्वच्छता प्रमाण पत्र (Gst Return) की प्रति तथा विगत तीन वर्ष आयकर भुगतान की अद्यतन विवरणी।
2. प्रतिभूति की राशि के रूप में 50000.00 रू० का बैंक ड्राफ्ट जो जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित होगा गुमला में भुगतेय संलग्न किया जाय।
3. निविदादाता को सुसज्जीकरण का Work Plan एवं Site Plan की विस्तृत विवरणी समिति के समक्ष दिखाना अनिवार्य होगा। जिसका अंतिम निर्णय गठित समिति के द्वारा लिया जायेगा।
4. आपूर्ति हेतु किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा।
5. उक्त शर्तो के अधीन आपूर्ति आदेश निर्गत करने की तिथि से 10 दिनों के अन्दर सुसज्जीकरण करना होगा एवं इसके लिए अलग से कोई राशि का भुगतान नहीं किया जायगा।
6. उपर्युक्त स्थलो का अवलोकन किसी कार्य दिवस में किया जा सकता है।
7. इस निविदा को पूर्णतः या अंशतः स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
8. निविदा के संबंध में विस्तृत विवरणी हेतु जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है अथवा सूचनापट देखा जा सकता है।

**(ख) वित्तीय निविदा**

1. सभी सामग्रियों का कर सहित दर उद्धृत करना होगा जो सीलबंद लिफाफे में जमा किया जायेगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला

PR 299867 Rural Development(23-24).D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त सुखदेवनगर थाना काण्ड सं0–238/22, दिनांक–30.05.2022, धारा–302/120 बी/34 भा0द0वि0 एवं 25(1–बी)ए/26/27/35 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर, पे0–स्व0 बंधन कुजूर, सा0–देवी मंडप रोड, हेसल, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची, (झारखण्ड) का द0प्र0स0 की धारा–82 के विरूद्ध माननीय न्यायालय श्री कुमार सौरभ त्रिपाठी, J.M III, राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Kumar Saurabh Tripathi,**
**J.M III, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974] **SUKHDEVNAGAR, PS CASE NO-238/22**
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मतहम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर, पे0–स्व0 बंधन कुजूर, सा0– देवी मंडप रोड, हेसल, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची (झारखण्ड)
2 किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)3. नाम और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) अभियुक्त छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर जब
4. मोकाम।
**U/S-** 302/120 बी/34 भा0द0वि0 एवं 25(1–बी)ए/26/27/35 आर्म्स एक्ट — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन सा0– देवी मंडप रोड, हेसल, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची (झारखण्ड) ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6) ब–तारीख 03 माह 08 नालिश–मजकुर 2023 करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 08 माह 06 सन 2023

**s/d- Sri Kumar Saurabh Tripathi,**
**J.M III, Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त, छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर, कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/**Court of Sri Kumar Saurabh Tripathi, J.M III, Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक,कोतवाली, राँची। –9431770077
थाना प्रभारी, सुखदेवनगर, राँची। –9431788800

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.299840 Police(23-24):D


# रातू में श्रीराम कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

**●महिला और युवतियों ने निकाली कलशयात्रा**

खबर मन्त्र संवाददाता

### श्रीराम के जयकारे से माहौल भक्तिमय



**रातू।** ऐतिहासिक राजकिला स्थित बागीचा में पांच दिवसीय श्रीराम कथा और महालक्ष्मी नारायण यज्ञ के पहले दिन सोमवार को हजारों व्रती महिला और युवतियों ने कलश यात्रा निकाली। राजकुमारी माधुरी मंजरी, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू नेता भरत कांसी, पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव बतौर अतिथि थे। महाराजा तालाब में पुजारी आकाश पाठक व अनिल पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक कराया। इसके उपरांत वह देवी मंडप पहुंची। यहां पूजा-अर्चना कर संडे मार्केट ब्लॉक चौक, काठीटांड़, फन कैशल पार्क और चट्टी होते यज्ञ स्थल लौटी। इस दौरान श्रीराम के जयघोष से माहौल गुंज उठा। कलश स्थापना के बाद फलाहार कर उपवास तोड़ी। प्रसिद्ध कथावाचक संत गोपालमणि जी महाराज की वाणी रस से लोग सराबोर हुये। मोहन साहू और कैलाश बैठा सपत्निक यजमान हैं। आरती और महाभंडारे में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

### महायज्ञ में निभा रहे अहम भूमिका

पृथ्वीनाथ शाहदेव, मुखराम सिंह, भीम प्रसाद, रंजीत सिन्हा, प्रकाश गुप्ता, महेश महतो, हजारी साहू, संजय मिश्र, पंचम सिंह, मिथलेश दुबे, रामधीर तिवारी, शिवपूजन साहू, सत्यनारायण यादव, सुरेंद्र प्रसाद उर्फ लालू, अरुण कुमार गुप्ता, राणा सिंह, तारकेश्वर केशरी, राज कुमार वर्मन, राजमन साहू, सुरेश गुप्ता, अंबिका प्रसाद, राजू गुप्ता, संजय साहू, अनिल ओझा, सुबोध साहू, काजल सोनी, विजय साहू, हरि साहू, गुड्डू साहू व संजय सिंह आदि।

# लाडली कौन?

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना की 1.25 करोड हितग्राही महिलाओं के खाते में 1,000 रुपये की राशि डालते हुए कहा है कि आगे चलकर इस योजना के तहत दी जाने वाली राशि में इजाफा किया जाएगा और यह राशि 3,000 रुपये मासिक तक पहुंचाई जाएगी। वहीं विकास के मुद्दे पर काम करने वाले जानकारों का कहना है कि यह योजना महंगाई बढ़ाने और विकास के क्षेत्र में चुनौती बढ़ाने का काम करेगी। साथ ही जैसे-जैसे सरकार के पास धन आएगा इस राशि को क्रमशः 1,250, 1,500, 1750से 3,000 रुपये तक किया जाएगा। योजना के तहत पात्रता आयु भी 23 वर्ष से कम करके 21 वर्ष की जाएगी। चुनावी साल में घोषित इस योजना को जाहिर तौर पर महिला मतदाताओं को रिझाने वाली योजना के रूप में पेश किया गया है। पहला सवाल तो यही है कि प्रदेश में 1.25 करोड़ महिलाएं ऐसी स्थिति में क्यों हैं कि उन्हें गुजारा भत्ता देना पड़ रहा है? आजादी के 75 वर्ष बाद भी राज्य के श्रमिकों और किसानों को गरिमामय निर्वाह लायक राशि नहीं मिलती। खरीफ 2022 में मध्य प्रदेश में कृषि मजदूरों को केवल 257 रुपये रोज मिले जो उत्तर प्रदेश में 322 रुपये, बिहार में 344 रुपये और केरल में 804 रुपये रोजाना है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में महिलाओं को पूरी अवधि में मात्र 5,000 रुपये मिलते हैं। बेहतर होता कि सरकार इन महिलाओं को ऐसी आर्थिक सहायता देती ताकि वे नौ महीने तक हर प्रकार की चिंता से दूर रहतीं। इस प्रकार के अनियोजित निवेश से निश्चित रूप से महंगाई में भी इजाफा होगा तथा यह योजना चुनावी लाभ की दृष्टि से भले प्रभावी हो लेकिन विकास की चुनौतियों के नजरिये से यह एकदम ठीक नहीं है। सवाल महत्वपूर्ण है कि लाडली बहना है या सत्ता में बने रहने का सुख।

# कंगाल पाक का बजट

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अगले वित्त वर्ष के बजट में रक्षा क्षेत्र पर व्यय को 15.5 फीसदी बढ़ाकर 1.8 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा। घटते विदेशी भंडार से होने वाली संभावित भुगतान चूक को रोकने की कोशिश कर रहे पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 14.4 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। वित्त मंत्री इशाक डार ने संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में बजट पेश करते हुए कहा कि आगामी वित्त वर्ष में 3.5 फीसदी की वृद्धि दर का लक्ष्य रखा गया है। डार ने कहा, इस बजट को चुनावी बजट के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। इसे एक जिम्मेदार बजट के तौर पर देखा जाना चाहिए। पिछले वर्ष अप्रैल में इमरान खान सरकार हटने के बाद से जारी राजनीतिक अस्थिरता के बीच पाकिस्तान में इसी वर्ष चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र के लिए बजट में 1,804 अरब रुपये का प्रस्ताव रखा गया है जो पिछले साल के 1,523 अरब रुपये के प्रस्ताव से 15.5 फीसदी अधिक है। रक्षा व्यय पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी ) का लगभग 1.7 फीसदी है। बजट में सबसे ज्यादा 7,303 अरब रुपये का प्रावधान कर्ज भुगतान के लिए किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का लक्ष्य 21 फीसदी रखा गया है जबकि बजटीय घाटा जीडीपी का 6.54 फीसदी होगा। भुगतान संकट झेल रहे पाकिस्तान को अब सउदी अरब से सहायता मिलना बंद हो गया है जो पाकिस्तान को सबसे अधिक कर्ज देता है। दूसरी ओर चीन का कर्ज जो पाकिस्तान कुल कर्ज का 33 प्रतिशत है वह छह प्रतिशत से अधिक ब्याज पर होने के कारण पाकिस्तानके लिये परेशानी का सबब बनता जा रहा है।

# सोशल मीडिया से अनसोशल होते युवा



**आप** इंटरनेट में बागवानी की रूचि की चीजें खोज रहे हों और एकाएक फेसबुक चलाते वक्त बागवानी उत्पाद कंपनी का प्रचार आपके स्क्रिन पर प्रकट हो जाता है।

आप ने यू ही एक टीवी की कीमत गुगल में सर्च की और आपके पास उसे खरीदने से लेकर फिनांस कराने का लिंक आने लगे।

अंग्रेजी में कहावत है कि गोल्डेन फिश हैव नो हाइडिंग प्लेस। यानि पारदर्शी एक्वेरियम में सुनहरी मछली के छुपने की कोइ जगह नहीं होती। सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर आम यूजर एक सुनहरी मछली ही है। सोशल मीडिया और इंटरनेट पर हमारी एक-एक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाती है। इस मुगालते में कभी न रहें कि आप की निजि जानकारियां सुरक्षित हैं। हम सभी इन कंपनियों के रहमो करम हैं। वीकीलिक्स का वाकया इसका उदाहरण है।

अब कल्पना करें कि भारत सरकार ने ह्वाट्सेप से कहा कि आपके फलां यूजर की हमें डिटेल्स्चाहिये, उसे आतंकी घटनाओं में लिप्त पाया गया है और ह्वाट्सेप भारत सरकार को कह देवे कि हम आपको ये जानकारी नहीं दे सकते, हमें अपने यूजर के निजता का खयाल रखना होता है ऐसा करने से हमारी विश्वंसनीयता कम हो जायेगी। लेकिन व्यावसायिक उपयोग के लिये ये निजी जानकारियां लीक होती रहती हैं।

दूसरी वाकये पर गौर करें ट्विटर भारत के केंद्रिय मंत्रियों के ट्विट को फेक और गलत बता कर बैन कर देता है वहीं दिन रात अनर्गल और अपशब्द लिखने वालों से उसे कोई परेशानी नहीं हो। भारत विरोधी हरकतो और षडयंत्र रचने वालों के प्रति ट्विटर आंखें मूंद ले, किसी के प्रति पूर्वाग्रही हो जाये।

इन दोनों वाकयों से एक आम सजग भारतीय यही सोचेगा कि क्या सोशल मीडिया कंपनियां भारत सरकार से भी बड़ी हैं? सरकार इनके सामने लाचार है? हकीकत में सचमुच यही हुआ केंद्र सरकार और सोशल मीडिया कंपनियों में ठन गयी है। हालांकि ह्वाट्सेप और टिवटर ने फिलहाल भारत सरकार के सामने हथियार डाल दिये हैं। दोनो ने भारत सरकार के सोशल मीडिया के नियमों को मानने की बात स्वीकार कर ली है। दोनों को चेताया गया था कि वो भारत सरकार के नियमों को मानें वर्ना कार्रवाई के लिये तैयार रहें। इन्होंने गोल मोल बातें कर के किसी तरह से मामले को टालने का भरपूर प्रयास किया, पर केंद्र सरकार के टस से मस न होने के कारण अंततः इन्हें हथियार डालना ही पड़ा। लेकिन इनके शुरूआती तेवर से यह स्पष्ट हो गया कि सोशल मीडिया कंपनियां खुद को सर्वशक्तिमान समझती हैं और किसी देश की सरकार तक को कुछ नहीं समझती।



- मनोज शर्मा

> इन दोनों वाकयों से एक आम सजग भारतीय यही सोचेगा कि क्या सोशल मीडिया कंपनियां भारत सरकार से भी बड़ी हैं? सरकार इनके सामने लाचार है? हकीकत में सचमुच यही हुआ केंद्र सरकार और सोशल मीडिया कंपनियों में ठन गयी है। हालांकि ह्वाट्सेप और टिवटर ने फिलहाल भारत सरकार के सामने हथियार डाल दिये हैं।

इस साल फरवरी में केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नई गाइडलाइन को लागू करने के लिए तीन महीने का वक्त दिया था, जिसमें से सिर्फ भारतीय सोशल मीडिया कंपनी कू एप ने इस गाइडलाइन को लागू किया, फेसबुक ने कहा कि हम भारत सरकार के नये निदेर्शों को लागू करने पर काम कर रहे हैं वहीं ह्वाट्सेप और ट्विटर किसी न किसी बहाने मामले को टालते रहे हैं। अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के ट्विटर अकाउंट को कंपनी ने सस्पेंड कर दिया था, भारत के उपराष्ट्र्पति के ट्विटर अकाउंट से ब्लू टिक हटा दिया गया था ब्लू टिक हटने का मतलब होता है कि ट्विटर उपराष्ट्र पति के अकाउंट को भी फेक या अविश्वसनीय जता रहा था। कुछ ऐसा ही संघ प्रमुख मोहन भागवत के ट्विटर अकाउंट के साथ भी था। ह्वाट्सेप तो अपनी मनमानी चालू रखने की मांग को लेकर भारत सरकार के खिलाफ कोर्ट भी पहुंच गया था।

दरसअसल गुगल समेत फेसबुक, ह्वाट्सेप, ट्विटर जैसी सोशल मीडिया कंपनियों को ऐसा लगता है कि किसी भी देश की आबादी जब उसकी यूजर है और उसके नशे की गिरफ्त में है तो वहां की सरकारें भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकतीं। इनकी ताकत सरकार बनाने गिराने तक की है। यही कारण है कि ये एक तरह की रंगदारी पर उतर आते हैं। हालांकि जब तब इन्हें इसके कारण बड़ा झटका लगता है। नाइजीरियाई सरकार ने 4 जून को कहा कि वह देश में ट्विटर के संचालन को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर रही है। यह कदम सोशल मीडिया नेटवर्क द्वारा राष्ट्रपति बुहारी के एक पोस्ट को हटाने के 2 दिन बाद उठाया गया। अब वहां ट्विटर घुटनों के बल है, चीन में इसे आफिसियली बैन कर दिया गया है वहां सीमित लोग ही कुछ खास दिशा निदेर्शों के साथ इसे चलाते हैं। फ्रांस ने गूगल पर 26.8 करोड़ डॉलर का जुमार्ना लगाया है क्योंकि गुगल ने अपनी ताकतों का दुरूपयोग प्रतिद्वंदी कंपनियों के विज्ञापनों को दबाने में किया। टूलकिट प्रकरण हो या किसी पंथ विशेष के एजेंडे को आगे बढाना बेशक इन सबों में ये कंपनियां लिप्त रही हैं।

**क्या है भारत सरकार का निर्देश?**

केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई नई गाइडलाइन के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भारत में नोडल ऑफिसर, रेसिडेंट ग्रीवांस ऑफिसर अप्वाइंट करना होगा, जो भारत में होगा। इस ऑफिसर को 15 दिनों के अंदर ओटीटी कंटेंट के खिलाफ मिलने वाली शिकायतों का निपटारा करना होगा।

इसके अलावा नई गाइडलाइन के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एक मंथली रिपोर्ट जारी करनी होगी, जिसमें शिकायतों और उनके निपटारे की जानकारी देनी होगी। यही नहीं किन पोस्ट और कंटेंट को हटाया गया और इसकी क्या वजह थी, इसके बारे में भी बताना होगा। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के पास इंडिया का फिजिकल एड्रेस होना चाहिए, जो कंपनी के मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर दर्ज होना चाहिए।

नई गाइडलाइन के तहत शिकायत के 24 घंटे के अंदर इंटरनेट मीडिया से आपत्तिजनक कंटेंट को हटाना होगा। साथ ही कंपनियों को एक शिकायत निवारण तंत्र रखना होगा और शिकायतों का निवारण करने वाला अधिकारी भी रखना होगा। 24 घंटे में शिकायत का रजिस्ट्रेशन होगा और 15 दिनों में उसका निवारण होगा। भारत सरकार इनके निरंकुशता पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है तो बेशक इसका स्वागत किया जाना चाहिये।

(लेखक पत्रकारिता विभाग रांची विवि से जुड़ें हैं।)

## खास बात

# असहाय बचपन

**योगेश कुमार गोयल**

**प्रतिवर्ष** 12 जून को दुनियाभर में बालश्रम निषेध दिवस मनाया गया। जिसकी शुरूआत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा वर्ष 2002 में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बालश्रम से बाहर निकालकर शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी। बच्चों की समस्याओं पर विचार करने के लिए पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय प्रयास अक्टूबर 1990 में न्यूयार्क में विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था, जिसमें गरीबी, कुपोषण और भुखमरी के शिकार दुनियाभर के करोड़ों बच्चों की समस्याओं पर 151 देशों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया था। हालांकि चिंता की बात यही है कि बालश्रम निषेध दिवस मनाते हुए 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी बालश्रम पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता, अशिक्षा, बेरोजगारी, खाद्य असुरक्षा, अनाथ, सस्ता श्रम, मौजूदा कानूनों का दृढ़ता से लागू न होना इत्यादि बालश्रम के अहम कारण हैं। बालश्रम के ही कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाते हैं, उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बाल अपराध बढ़ते हैं और भिक्षावृत्ति, मानव अंगों के कारोबार तथा यौन शोषण के लिए उनकी गैर कानूनी खरीद-फरोख्त होती है।

आईएलओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक विश्वभर में सोलह करोड़ से भी ज्यादा बच्चे बाल मजदूरी करने को विवश हैं, जिनमें से करीब 7.3 करोड़ बच्चे बहुत बदतर परिस्थितियों में खतरनाक कार्य कर रहे हैं, जिनमें सफाई, निर्माण, कृषि कार्य, खदानों, कारखानों में तथा फेरी वाले व घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में कार्य करना शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार हाल के वर्षों में खतरनाक श्रम में शामिल 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों की संख्या बढ़कर करीब दो करोड़ हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार 15 से 24 वर्ष आयु के 54 करोड़ युवा श्रमिकों में से 3.7 करोड़ बच्चे हैं, जो खतरनाक बालश्रम का कार्य करते हैं। कोरोना महामारी के बाद तो इन आंकड़ों में जबरदस्त वृद्धि होने का अनुमान है। वर्ष 2025 तक बाल मजदूरी को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया गया है लेकिन पूरी दुनिया में बालश्रम के

# धार्मिक विश्वास

## विचार-प्रवाह

**बद्रीनारायण सिंह**

**यात्रा** चाहे पंढरपुर की हो, अमरनाथ या वैष्णो देवी की। बिहार में देव के सूर्य मंदिर की हो, बैद्यनाथ की या विध्यांचल और मैहर देवी की। सभी यात्राएं स्थानीय स्तर पर ही शुरू हुईं।

इनपर आस-पास के लोग ही जाते रहे। धीरे-धीरे दूर रहने वाले पहले एक-दूसरे से सुनकर, फिर अखबारों और मीडिया की खबरो से जानकर वहां पहुंचने लगे। लोगों का विश्वास बढ़ता गया। इस तरह तीर्थों की महिमा फैलती गई।

ये धार्मिक विश्वास सदियों से हमारे समाज में एक पीढ़ी से दूसरी में जाते रहे हैं। परंपरा का हिस्सा बन हमारे जीवन और संस्कृति की रीढ़ बनते गए हैं। विद्वान वासुदेव शरण अग्रवाल की किताब ह्यभारत की मौलिक एकताह्न में ह्यतीर्थ और पुण्य क्षेत्रह्न नाम का एक निबंध है। वह बताते हैं कि तीर्थ क्षेत्र भारतीयों के मातृभूमि के प्रति प्रेम से उपजे हैं। नदी, तालाब, पर्वत को लोगों ने देवी-देवताओं की स्मृति से जोड़कर तीर्थ बना लिया। उनका मानना है कि तीर्थ यात्रा में लोग पैदल चल देश की धरती के तिल-तिल से परिचित होते हैं। यह यात्राएं दो तरह की होती हैं। एक तो समूहों और समुदायों में हम इन तीर्थों का दर्शन करने जाते हैं। दूसरा, साल में किसी खास दिन या महीने में असंख्य भीड़ वहां उमड़ने लगती है। कांवड़ियों की यात्राएं ऐसी ही होती हैं।बिहार में बैधनाथ धाम, उत्तर प्रदेश में काशी और अनेक शिव स्थानों पर कांवर लेकर जाने की परंपरा धीरे-धीरे फैलती गई। इन जगहों पर जाकर परिक्रमा करने का भी चलन बढ़ता गया। चित्रकूट में कामदगिरि, अयोध्या की चैरासी जैसी परिक्रमाओं के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं।

**नए** भारत की अवधारणा में तकनिकी भारत भी शामिल है। नयी कम्प्यूटर शक्ति क्या जीवन शैली को बदल कर मानव को मशीन बना देगी?क्या ब्रह्माण्ड की जीतने की कोशिश में हम अचानक सफल होंगे?

क्या हम इसका इस्तेमाल स्वयं के नाश के लिए करेंगे?यह प्रश्न है?

**– महेश पोद्दार पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

**जीवन** यापन के लिए बाल श्रम, समाज के लिए किसी कलंक से कम नहीं है। दुर्भाग्य से झारखण्ड जैसे प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण और असीम संभावनाओं वाले राज्य में भी बच्चे और बड़े जीवन यापन के लिए संघर्ष करते हुए आये हैं।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





बहुत ही संतोषजनक जानकारी! देशभर में माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिए हमारी सरकार ने निरंतर प्रयास किए हैं, जिसके परिणाम उत्साह बढ़ाने वाले हैं।

**–नरेन्द्र मोदी**

# राष्ट्रपति की सूरीनाम यात्रा का महत्व

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा का संदेश अनेक देशों तक विस्तृत रहा। इनमें वह देश शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग विगत छह पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सभ्यता संस्कृति को कायम रखा है। मॉरीशस की तरह सूरीनाम में भी प्रवासी दिवस मनाया जाता है। मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुइस के अस्थाई निवास को अप्रवासी घाट कहा जाता है। प्रत्येक दो नवम्बर को अप्रवासी दिवस मनाया जाता है। सूरीनाम का प्रवासी दिवस पांच जून को मनाया जाता है। द्रौपदी मुर्मू इस समारोह की मुख्य अतिथि थीं। उनको सूरीनाम के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। इस वर्ष जनवरी में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी भारत यात्रा आए थे। उन्होंने भारत को कैरेबियाई देशों में हिन्दी सिखाने वाले संस्थान खोलने का सुझाव दिया था। उन्होंने कैरेबियाई क्षेत्र में फिल्म, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक जीवन पद्धति, सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के लिए भारत की ओर से संस्थान स्थापित करने का आह्वान किया था। उन्होंने इसके लिए अपने देश मे जमीन उपलब्धि कराने के वादा किया था।

## समाज

कुछ वर्ष पहले मोदी सरकार के प्रयास से हुगली नदी के तट पर सूरीनाम मेमोरियल बनाया गया था। इसमें बब्बा और माई की वैसी मूर्ति हैं जैसी सूरीनाम मे हैं। प्रतिमा सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो में बाबा और माई स्मारक की प्रतिकृति हैं , जो सूरीनाम पर कदम रखने वाले पहले भारतीय पुरुष और महिला का प्रतीक है। परिमारिबो में यह प्रतिमा उस स्थान को चिह्नित करती है, जहां 5 जून, 1873 को जहाज लल्ला रूख में पहले भारतीय मजदूरों ने सूरीनाम में प्रवेश किया था। ये वह देश हैं, जिनसे भारत के रिश्ते बन्धुत्व पर आधारित हैं। भौगोलिक दूरी बहुत ज्यादा होने के बावजूद भावनात्मक लगाव बना रहता है। सूरीनाम ऐसा ही देश है। उसे भारत से गए लोगों ने सजाया-संवारा है। इसमें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष समाहित हैं। सामाजिक आधार पर भारत और सूरीनाम का रिश्ता करीब डेढ़ शताब्दी पुराना है। प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम से पहले अंग्रेजों ने पूर्वी उत्तर प्रदेश से श्रमिकों को सूरीनाम,फीजी, मॉरीशस भेजने शुरूआत की थी। यह क्रम करीब सत्तर वर्षों तक चलता रहा। गिरमिटिया मजदूर के रूप में उनको वहां भेजा गया था।

वहां के सामान्य नागरिक से लेकर राष्ट्रपति तक जब अपने पूर्वजों का गांव तलाश करते हैं, तब भारत को खुशी और गर्व की अनुभूति होती है। पिछले साल जुलाई में पदभार ग्रहण करने के बाद मुर्मू की यह पहली विदेश यात्रा है। वह सूरीनाम के पारामारिबो पहुंचीं। सूरीनाम के राष्ट्रपति सी संतोखी ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति की सूरीनाम में शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत हुई। वह प्रवासी भारतीयों के एक वर्ग से भी मिलीं।सूरीनाम की जनसंख्या में भारतीय मूल के लोग 27 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम के बच्चों को मेड इन इंडिया चॉकलेट दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सूरीनाम में भारतीयों के आगमन की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ मनाने के लिए सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो पहुंचीं थीं। उन्होंने अपने समकक्ष चंद्रिकाप्रसाद संतोखी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों राष्ट्रपतियों ने भारत-सूरीनाम संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की और रक्षा, कृषि, आईटी और क्षमता निर्माण सहित कई क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की। भारत और सूरीनाम ने स्वास्थ्य और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। सूरीनाम में आम लोगों के साथ उनकी बातचीत सबसे अलग रही।

## कार्टून वर्ल्ड

पुतिन की रणनीति ...




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### सख्त कदम उठाएं

**नाइजीरिया** सरकार ने ट्विटर को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर अपने सख्त इरादे जाहिर कर दिए हैं। अगर भारत के कानून को देश में ही अहमियत नहीं मिले तो सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने चाहिए। यह उचित ही है कि कोई देश अपनी संप्रभुता और अखंडता पर पैदा होते खतरे के मद्देनजर चुप कैसे बैठ सकता है?

**–अमृतलाल, रांची**

### उम्मीदों की राह

**टीका** से हमारी अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। अब आमजन को कोरोना से बचाव के टीके लगवाने के लिए आगे आना चाहिए। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार अच्छा मानसून और मजबूत निर्यात की मांग हमारी अर्थव्यवस्था को चलाने के कारक होंगे। पूरी प्रकिया हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे।

**–नरेंद्र शर्मा, खूंटी**

# क्या इंसान आसानी से 150 वर्ष जी सकता है?

**ब्राइटन इ जार्ज**

## विज्ञान

**हम** में से ज्यादातर लोग 80 वर्ष के आसपास जीने की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन कुछ लोग उम्मीद से आगे जाकर सौ बरस से अधिक भी जीते है। ओकिनावा, जापान और सार्डिनिया, इटली जैसे स्थानों में, ऐसे कई लोग हैं जो अपनी उम्र का सैकड़ा पार कर चुके हैं। इतिहास के सबसे उम्रदराज व्यक्ति के तौर पर फ्रांस की महिला जीन कैलमेंट का नाम लिया जाता है, जो 122 वर्ष की थी। वह 1875 में पैदा हुई थीं और उस समय औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 43 वर्ष थी।

ऐसे में एक सवाल जो लोग सदियों से पूछते आ रहे हैं कि दरअसल मनुष्य कितने समय तक जीवित रह सकता है? एक ओर जहां औसत जीवन प्रत्याशा (एक व्यक्ति के कितने वर्ष तक जीवित रहने की उम्मीद है) की गणना करना अपेक्षाकृत आसान है, वहीं अधिकतम जीवनकाल (एक मानव संभवतः कितनी लंबी उम्र तक जी सकता है) का अनुमान लगाना बहुत कठिन है. पिछले अध्ययनों ने इस सीमा को 140 वर्ष की आयु के करीब रखा है। लेकिन हाल ही के एक अध्ययन में कहा गया है कि मानव जीवन काल की सीमा 150 वर्ष के करीब है.

ब्राइटन विश्वविद्यालय के रिचर्ड फराघेर बताते हैं कि जीवन प्रत्याशा और जीवनकाल की गणना के लिए सबसे पुराना और अभी भी सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला तरीका गोम्पट्र्ज. समीकरण है। इस संबंध में पहला आकलन 19वीं शताब्दी में किया गया था कि बीमारी से मानव मृत्यु दर समय के साथ तेजी से बढ़ती है। निश्चित रूप से, इसका मतलब है कि कैंसर, हृदय रोग और अन्य संक्रमणों से आपकी मृत्यु की संभावना हर आठ से नौ साल में लगभग दोगुनी हो जाती है।

ऐसे कई तरीके हैं जिनसे सूत्र में बदलाव किया जा सकता है कि कैसे विभिन्न कारक किसी आबादी के जीवन काल को प्रभावित करते हैं। गोम्पट्र्ज. गणना का उपयोग स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की गणना के लिए भी किया जाता है - यही कारण है कि ये कंपनियां यह जानने की इच्छुक रहती हैं कि क्या आप धूम्रपान करते हैं, क्या आप विवाहित हैं, या ऐसा ही कुछ और, जिससे वह यह अनुमान लगा सकें कि आप कितने दिन और जिएंगे। हम कितने समय तक जीवित रहेंगे, यह पता लगाने का एक तरीका यह है कि उम्र के साथ हमारे अंगों की कार्यक्षमता कैसे और कितनी घटती है। उदाहरण के लिए, आंख का कार्य और व्यायाम करते समय हम कितनी ऑक्सीजन का उपयोग करते हैं, उम्र बढ़ने के साथ गिरावट का एक सामान्य रूख दिखाते हैं, अधिकांश गणनाओं से संकेत मिलता है कि औसत व्यक्ति के अंग लगभग 120 वर्ष का होने तक काम करेंगे। लेकिन ये अध्ययन लोगों की उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनमें बढ़ती भिन्नता को भी उजागर करते हैं।

उदाहरण के लिए, कुछ लोगों की किडनी की कार्यक्षमता उम्र के साथ तेजी से कम होती जाती है जबकि अन्य में ऐसा नहीं होता। अब सिंगापुर, रूस और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने अधिकतम मानव जीवन काल का अनुमान लगाने के लिए एक अलग दृष्टिकोण अपनाया है। एक कंप्यूटर मॉडल का उपयोग करते हुए, वे अनुमान लगाते हैं कि मानव जीवन की सीमा लगभग 150 वर्ष है। दरअसल उम्र बढ़ने के साथ इस संतुलन को बनाए रखने की क्षमता कम होती जाती है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## सामाजिक, राजनीतिक समेत सभी वर्गों ने ट्रेन की ठहराव का किया मांग

**बरही।** बिहार की राजधानी पटना व झारखंड की राजधानी रांची से जोड़ने वाली रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ट्रायल कार्यक्रम बरही रेलवे स्टेशन से होकर गुजरा। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को देखने बरही रेलवे स्टेशन में सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर काफी उत्सुकता से देखें। ट्रेन बरही रेलवे स्टेशन पहुंची तो ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे लोग काफी खुश हुए लेकिन मन में एक निराशा भी देखने को मिली कि काश इस ट्रेन का बरही स्टेशन में भी ठहराव होता।

स्पीड न्यूज

### प्रखंड मुख्यालय का शौचालय बिन पानी का हुआ बेकार

**दारू।** देश में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन दारू प्रखंड मुख्यालय में शौचालय तो बनाया गया लेकिन बिन पानी का शौचालय हुआ बेकार। दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों को अगर शौच लग जाये तो मुख्यालय में शौचालय होने के बाद भी लोग शौचालय का उपयोग नही कर सकते है। शौचालय में लगा हुआ फ्लश भी टूट चुका है।

### चुनाव के मद्देनजर पत्रकारों ने की बैठक

**विष्णुगढ़।** प्रेस क्लब हजारीबाग के निर्देशानुसार विष्णुगढ़ प्रेस क्लब चुनाव के बाबत बिष्णुगढ़ प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मीटिंग हॉल में पत्रकारों की बैठक वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र कुमार दुबे के अध्यक्षता में की गई। संचालन प्रेस क्लब हजारीबाग के जिला कार्यकारी समिति सदस्य अमूल्य चंद्र पाण्डेय ने किया` बैठक के बाबत विष्णुगढ़ प्रेस क्लब चुनाव को लेकर चर्चा की गई। जिसमें आगामी 17 जून को चुनाव की घोषणा, पदधारियों के नॉमिनेशन, आदि के लिए बैठक किया जाने की बात की गई।

### अदाणी फॉउंडेशन के प्याऊ से लोगों को मिल रही राहत

**बड़कागांव।** अदाणी फॉउंडेशन ने तपती गर्मी में आम लोगों की सुविधा के लिए तीन जगहों पर प्याऊ लगाया है। तीनों जगहों पर प्याऊ के साथ एक-एक व्यक्ति को भी आम जनों को पानी पिलाने के लिए तैनात किया गया है। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से ब्लॉक परिसर के समीप, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और बड़कागांव थाना गेट के पास दो-दो घड़े वाला प्याऊ लगाया गया है। इन जगहों पर प्याऊ लग जाने से आम लोगों को काफी सहूलियत मिली है।

### दुकान में ट्रेलर घुसा बाल-बाल बचे लोग

**चरही।** बीते रात थाना क्षेत्र के चरही चौक पर अवस्थित दुकान में असंतुलित ट्रेलर अचनाक घुस गया। दुकान के समीप खड़े लोग अपनी जान बचाने को लेकर इधर-उधर भाग निकले।दुकान के समीप दर्जन भर लोग समान खरीदने के लिए खड़े थे। ट्रेलर नंबर आरजे 09जीसी/6904 भारी-भरकम समान को लादकर रांची की ओर जा रहा था।चालक का संतुलन बिगड़ जाने कारण ट्रेलर वाहन दुकान में घुस गया।इससे कई लोग हताहत होने से बाल-बाल बच गए।

### कार्रवाई पर रोक लगाने की रखी मांग

**चरही प्रतिनिधि।** चरही पंचायत के उंटमरवा टोला के लोग सोमवार को भाजपा नेता मुरारी सिंह,जदयू नेता भुनेश्वर ठाकुर और पूर्व मुखिया महादेव सोरेन के नेतृत्व में अपनी व्यथा को लेकर चुरचू सीओ के पास पहुंचे। सीओ ने लोगों की व्यथा को सुने।ज्ञात हो कि उंटमरवा में कई लोगों ने सरकारी भूमि को जबरन अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिए हैं। कब्जे से मुक्त कराने को लेकर भूमि को अंचल अमीन और सीआई के माध्यम से मापी कराई गई।इसके तहत एक दर्जन से ऊपर लोगों को चिन्हित कर नोटिस किया गया है तथा अन्य लोगों के मंगलवार को नोटिस भेजा जाएगा। इस मामले को लेकर कुछ लोग चुरचू सीओ शशि भूषण सिंह के पास पहुंचकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया।और कहा कि इस कार्रवाई पर रोक लगाया जाय। ताकि लोग घर से बेघर नहीं हो सके।

### हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से होकर गुजरी पटना- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस

# सफल ट्रायल कई ट्रेनों के खुलने का द्वार खोलेंगी : मनीष जायसवाल

## लोगो की उमड़ी भारी भीड़, लोगो सेल्फी लेते दिखे



खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमदाग।** वर्षों की इंतजार के बाद अंततः हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से होकर सोमवार को निर्धारित समय पर पटना- हजारीबाग- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल परिचालन सफल हुआ। हजारीबाग से लंबी दूरी की ट्रेन की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत रहे हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रायल होने पर हर्ष जताया और हजारीबाग वासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इंतजार लम्बा जरूर रहा लेकिन इसकी शुरूआत एक अच्छे सफर से होने जा रही है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस हिंदुस्तान में अपने कई विशेषताओं के कारण जानी जाती है और हजारीबाग से एक बड़ा तबका पटना के लिए सफर करता है। ऐसे में स्वदेशी रूप से डिजाइन की गई सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत भारतीय रेलवे के लिए यात्रा तकनीक में एक नए युग को चिन्हित कराने के साथ एक अति महत्वपूर्ण रूट को कवर्ड करेगी। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल तो बस एक शुरूआत है, यह शुरूआत जल्द ही बहुत सारे ट्रेनों के परिचालन का राह प्रशस्त कर नई ट्रेन खुलने का द्वार खोलेगी।

इस ट्रैक पर वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल के बाद भारतीय रेलवे के पास कोई बहानाबाजी नहीं रहेगी कि हजारीबाग का रेलवे ट्रैक सूटेबल नहीं है। रांची- बरकाकाना से गुजरने वाली ट्रेनों पर हमलोग फोकस करेंगे, लेकिन हजारीबाग रेलवे स्टेशन में जैसे ही रख-रखाव और साफ- सफाई सिस्टम चालू हो जाएगा उसके बाद हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से भी ट्रेन ओरिजिनेट और टर्मिनेट हो सकेंगी। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन का सफल ट्रायल हो गया अब जल्द ही इसका कमर्शियल ऑपरेशन भी होगा। उन्होंने कहा कि आगे हमारा लक्ष होगा कि हजारीबाग से विभिन्न महानगर यथा कोलकाता, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई के लिए रेल परिचालन सेवा शुरू हो और झारखंड के प्रमुख शहर धनबाद, देवघर, दुमका और जमशेदपुर की ट्रेन सेवा हजारीबाग वासियों को मिल सके।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रसिद्धि में लगातार वृद्धि हो रही है : जयंत

**रामगढ़।** 12 जून बिहार और झारखंड के लिए विशेष महत्व का रहा। पटना- रांची नई रेल रूट पर वंदे बहुप्रतीक्षित बन्दे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन हुआ। बिहार और झारखंड के बीच पहली बंदे भारत एक्सप्रेस का प्रायोगिक परिचालन किया गया। पटना से चली वंदे भारत एक्सप्रेस 12 जून को 11:25 बजे बरकाकाना जंक्शन पहुंची। जंक्शन पर ट्रेन देखने के को लेकर बड़ी संखता में लोग मौजूद थे। साथ ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। पांच मिनट ठहराव के क्रम में ट्रेन का पूजन हुआ।

इसके बाद लोगों के बीच मिठाई बांटी गई। लोग अपने मोबाईल में ट्रेन की तस्वीर और ट्रेन के साथ सेल्फी लेने में दिखे। इसके बाद 11:30 बजे ट्रेन रांची के लिए रवाना हो गई ।हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा वंदे भारत एक्सप्रेस से हजारीबाग से बरकाकाना पहुंचे। उनके पहुंचने पर भाजपाईयों ने



बारककाना पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा

बुके देकर उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, सांसद जयंत सिन्हा जिंदाबाद के नारे लगाए गए। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। कहा वंदे भारत ट्रेन से यात्रा का अनुभव काफी अच्छा रहा। रांची-पटना वाया हजारीबाग नई रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर क्षेत्र के लोग उत्साह से भरे हैं।

कहा की ट्रायल रन के बाद परिचालन शीघ्र आरम्भ हो जाएगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद भौमिक, प्रकाश मिश्रा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रविंद्र शर्मा, सुमन सिंह, छोटन सिंह, राजीव पामदत्त, अनूप ठाकुर, सत्यजीत चौधरी, प्रवीण कुमार सोनू मौजूद थे।

## पटना से रांची वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रायल रन को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे बरकाकाना जंक्शन पर पांच मिनट रुकी ट्रेन



वंदे भारत एक्सप्रेस देखने पहुंचे लोग

वंदे भारत ट्रेन पटना से 6:55 पर खुली जो 8:05 पर गया पहुंची। 9:25 पर कोडरमा एवं 10:30 पर हजारीबाग रेलवे स्टेशन पहुंची। हजारीबाग रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन को 5 मिनट रुकना था लेकिन यह 6 मिनट तक रुकी। हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा भी इस ट्रेन में उपस्थित थे। इस ट्रेन पर रेलवे के आला अधिकारी के अलावे आरपीएफ के जवान साथ में थे। ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने से पहले वहा लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग वंदे भारत एक्सप्रेस को देखने के लिए बेताब नजर आए। कई लोग इस हाई स्पीड एक्सप्रेस ट्रेन के साथ सेल्फी लेते भी दिखे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.- 02 गढ़वा

ई-निविदा सूचना सं0- RDD/SD/GARHWA/06/2023-24

**CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0- RDD/SD/GARHWA/06/2023-24, PR 299546 Rural Development (23-24).D द्वारा प्रकाशित निविदा में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान 1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा, 2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू एवं 3. e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची निर्धारित है परंतु टंककीय भुलवश 3. e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची छुट गया है, का आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व NIT के निविदा आमंत्रित की जाती है, शेष कंडिकाएँ यथावत् बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष
प्रमण्डल सं.-02, गढ़वा

PR 299809 Rural Development (23-24)_D


## आवास का निर्माण पूर्ण करे, नहीं तो होगी पैसे की रिकवरी: प्रखंड समन्वयक

### 309 पीएम आवास अपूर्ण

शैलेन्द्र पाठक

**विष्णुगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कच्चा मकान में रहने वाले लोगों को पक्का मकान देने की कवायद 2016 से शुरू की गई थी` जिसके बाद लगातार 2021 तक जरुतत मंद लाभूकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया` वित्तीय वर्ष 2021 -2022 तक आवास आबंटन हुवा, लेकिन आबंटन के बाद विष्णुगढ़ प्रखंड के लगभग 309 लाभुक आवास का निर्माण हीं नहीं किया है` कुछ हुआ भी तो आधा अधूरा



वार्ता करते प्रखंड समन्वयक

`आवास पूर्ण नहीं होने के कारण प्रतीक्षा सूची में नामित लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है जानकारी के अनुसार बीतीय वर्ष 2021 तक सरकार द्वारा विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के 6725 2016 से 2021 तक 6725 लाभकों को आवास आबंटन हुआ है जिसमें लगभग 309 लाभुकों द्वारा आवास की राशि मिलने के बाद भी आवास का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया` जिसके वजह से 2022-2023 व 2023 -2024 दो वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा आवास का लक्ष्य विष्णुगढ़ प्रखंड को नहीं दिया गयो

**क्या कहते है प्रखंड समन्वयक राधेश्याम यादव :** राधेश्याम यादव का कहना है की इस और लाभुकों को अधूरे कार्य निर्माण को पूर्ण करने को ले कर प्रेरित की गई है` लाभुक दिवस के अवसर पर प्रत्येक लाभुकों से मिलकर वार्ता भी की गई, तीन बार विभाग द्वारा नोटिस दी गई है, अब अंतिम नोटिस के बाद भी लाभुक नहीं मानते है तो लाभुकों से आवास के लिए दिए गए रुपए रिकवर करने का काम किया जायेगा।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती मध्य विद्यालय में सोमवार को सीसीएल बरका सयाल सीएसआर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें भुरकुंडा अस्पताल के डॉ नदीम अनवर और डॉ रिया कुमारी द्वारा 100 से अधिक मरीजों का बीपी, शुगर, दमा, गठिया आदि से पीड़ित लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें कई मरीजों में दमा सहित कई बीमारियां पाया गाय। शिविर में पाए गए मरीजों के बीच निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर डॉ नदीम अनवर ने मरीजों को उचित परामर्श देते हुए कहा शारीरिक तकलीफ होने पर चिकित्सीय परामर्श जरूर लेना लें।

### डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष रामगढ़ में 12 जून को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ. महुआ माजी, विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली। जिसके उपरांत उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से जोड़ने व उन्हें रोजगार उपलब्ध



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य

कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मिशन अमृत सरोवर, पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं लक्ष्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 2023 -2024 के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की प्रखंड वार समीक्षा की। इस दौरान जिन प्रखंडों में उपायुक्त ने कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके संबंधित अधिकारियों को कार्य को गंभीरता से लेने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## ब्राउन शुगर की जद में है हजारीबाग शहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** ब्राउन शुगर की जद में हजारीबाग शहर है। यहां शहर की संकरी गलियों में नशा बिक रहा है। ३०० रुपए से लेकर १ हजार रुपए तक की छोटी-छोटी नशे की पुड़ियां बेची जा रही हैं। शहरभर में इस काले कारोबार के एजेंट स्लीपर सेल की तरह फैले हुए हैं, जो नशे के बड़े तस्करों के लिए काम करते हैं। यहां की युवा पीढ़ी शराब, सिगरेट, गांजा, डेंड्राइट के साथ ब्राउन शुगर का भी सेवन नशे के लिए कर रही हैं जो बेहद खतरनाक है। नशे के आदी हो चुके युवक डूबते नजर आ रहे हैं। शहर के पेलावल थाना अंर्तगत अलगडिहा, सदर थाना के कोर्रा, मटवारी, बड़ा बाजार, पगमिल, बुच्चड़ टोली, एकपाटिया मोह्हला, खिरगांव आदि जगहों में युवा नशे में डूबे देखे जा सकते है। सदर थाना, लोहसिंघना और बड़ी बाजार थाना, कोर्रा टीओपी के आसपास से लगातार नशे के सामानों की बिक्री की खबरें आती रहती हैं। पुलिस कुछ मौको पर कार्रवाई भी करती है मगर इसे रोकने के लिए जिस ठोस पहल की आवश्यकता है वो नजर नहीं आती है।

### नशे की लत से युवा पीढ़ी हो रही है बर्बाद



इन युवाओं को ना भविष्य की चिंता है ना वर्तमान का डर। दुःख की बात यह है की सिर्फ युवा ही नहीं, नाबालिग भी इसकी चपेट में आने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं।

**चोरी छिनतई की बढ़ गयी है घटनाएं :** कई युवा नशे की लत के कारण अपराध में लिप्त होते जा रहे है जिसके कारण शहर में चोरी, छिनतई की वृद्धि देखी जा रही है। एक्सपर्ट बताते हैं कि ब्राउन सुगर नशे का ऐसा साधन जिसकी दस से १२ दिन में लत लग जाती है। छोटी सी पुडिया के लिए हजारों रुपए खर्च करना पड़ते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि थाना के आसपास ही यह बिजनेस आसानी से फल-फूल रहा है, लेकिन थाने की ओर से होने वाली कार्रवाई काफी धीमी है। ब्राउन शुगर के लत में कई


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :- भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :- 03/07/2023 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :- 04/07/2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :- 04/07/2023 को 03:00 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :- 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :- क्रमांक-6 के क्र0सं0-1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरण:- | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Samudayik Bhawan Harta Block Bhandariya Under Garhwa Distt for the year 2023-24. | ₹ 39,83,600/- | ₹ 80,000/- | ₹ 5,000/- | 04 माह |
| 2 | Construction of Shed Near Baba Bir Chauharmal in Village- Bauliya Block Dandai Under Garhwa Distt for the year 2023-24. | ₹ 10,00,000/- | ₹ 20,000/- | ₹ 1250/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 299782 Building(23-24)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग
ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
(तृतीय निविदा)
(द्वितीय निविदा का PR No.-297533Road(22-23).(D)

टेन्डर रेफरेंन्स नं0-प0नि0वि0/राँची-05/2023-24 दिनांक :- 12.06.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पंडरा (एन.एच-75 पर)-कौके (होलिडे होम एस.एच-02 पर) पथ (कुल लम्बाई-5.545 कि0मी0) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) वर्ष 2023-24. |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 8419.70888 लाख (रूपये चौरासी करोड़ उन्नीस लाख सत्तर हजार आठ सौ अठ्ठासी रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 84.20 लाख (रूपये चौरासी लाख बीस हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 (चौबीस) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.06.2023 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि/समय | 21.06.2023 3.00 बजे अपराह्न |
| 7. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 05.07.2023 12.00 बजे दोपहर तक |
| 8. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 06.07.2023 12.30 बजे अपराह्न। |
| 9. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, मोहराबादी, राँची-834008 |
| 10. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651-2361018 |
| 11. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन *(UCAN)* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

PR.NO.299838 Road Construction Dept Road Division Ranchi(23-24):D

### उपायुक्त, कार्यालय, लातेहार (एन0आर0ई0पी0, शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-05, वर्ष: 2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- दिनांक-22.06.2023 कार्यालय दिवस में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 4.00 बजे अपराह्न तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय कक्ष में।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक-23.06.2023, 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक-23.06.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड-गारू के पंचायत- धांगर टोला, ग्राम- समोध टोला के दिकदार सिंह के घर के पास पुलिया निर्माण। | 2035000.00 | 41000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | प्रखण्ड-गारू के पंचायत-बारेसाड़ के ग्राम +पंचायत-बारेसाड़ डेढगॉव के टोला झुमरी मे डुमर नाला के पास पुलिया निर्माण। | 2021100.00 | 41000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | प्रखण्ड-गारू के पंचायत कोटाम के ग्राम साल्वे में चुटवाग आहर के पास कल्भर्ट निर्माण। | 2099300.00 | 42000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | प्रखण्ड-हेरहंज ग्राम-मारी में सूर्य राम के घर से आनन्द गंझू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (500 फीट) | 1822500.00 | 37000.00 | 5000.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट-बढ़ सकती है।तदनुसार अग्रधन की राशि घट-बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 299834 District(23-24).D

# दुकानदार की गोली मारकर हत्या, व्यवसायियों ने थाना घेरकर किया प्रदर्शन

## ● अपराधियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करे पुलिस : विधायक ● पांकी क्षेत्र में अपराधी हो गये हैं बेखौफ : बिट्टु सिंह

### बाजार रहा बंद





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार काली मंदिर के पास छोटू कुमार उर्फ नन्हकू को अज्ञात अपराधियों ने रविवार की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी। गोली चालन की घटना से आसपास में अफरा तफरी मच गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने जख्मी छोटू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छोटू बाजार में स्थित शेड में चाय व चौमिंग बेचता था। जो रविवार की रात्रि में दुकान बंद कर घर जाने ही वाला था कि मोटरसाइकिल पर सवार अपराधियों ने गोली मारकर फरार हो गये। इधर घटना की सूचना पाते ही पांकी विस क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता घटना स्थल पर पहुंचकर व्यवसायियों के साथ मिलकर सांत्वना दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग किया कि अपराधियों की गिरफ्तारी 24 घंटे के अंदर होनी चाहिए अन्यथा व्यवसायी हित में उचित कदम उठाया जायेगा। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने घटनास्थल पर जाकर घटना की जानकारी ली। मृतक का अंत्यपरीक्षण कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। इधर घटना के बाद दुकानदारों ने शव के साथ थाना का घेराव किया। बाजार की मुख्य सड़क जाम कर दिया। साथ में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। घटना से आक्रोशित चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष छोटेलाल सोनी ने सोमवार को बंद का आह्वान किया। बंदी के दौरान व्यवसायी दुकानें बंद कर सड़क पर आंदोलन के लिए उतर गये। बंद समर्थकों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही व्यवसायियों की सुरक्षा की मांग की। इधर मृतक के पिता संजय चंद्रवंशी ने थाना में आवेदन दिया। उसने आवेदन में कहा कि कोट निवासी रोहित सिंह और मलिक सिंह के द्वारा बाजार शेड से दुकान खाली करने की धमकी कुछ दिन पहले दिया गया था। अंदेशा हैं कि दोनों लोगों ने ही मेरे बेटे की हत्या की है। डीएसपी आलोक कुमार टूटी व थाना प्रभारी गौतम राय घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाया। इसके बाद जाम हटा। इस संबंध में डीएसपी आलोक कुमार टूटी ने बताया कि इस मामले में एक अपराधी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जबकि दूसरा फरार है उसे भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। मामले का उजागर किया जायेगा। इधर पांकी के पूर्व विधायक बिट्टु सिंह ने मृतक के घर जाकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया। घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। उन्हीं पुलिस का डर नहीं है। वे बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस प्रशासन अपराधी को जल्द गिरफ्तार करे।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने किया 18 वर्ष से शिक्षण कार्य से गायब सहायक शिक्षक को बर्खास्त



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह शिक्षा स्थापना समिति अध्यक्ष आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की। बैठक में मेदनीनगर के बंगाली कन्या मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति को बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक सह सचिव शिक्षा स्थापना समिति को सारी कागजी प्रक्रियाओं को त्वरित गति से निष्पादन करने की बात कही। दरअसल,सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति के पिछले 18 वर्ष से अनुपस्थित रहने के संबंध में उपायुक्त को विभिन्न माध्यमों से लगातार शिकायत मिल रही थी जिसके बाद उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच करवाई। जांच में पाया गया कि बिनोद प्रजापति वर्ष 2005 से विद्यालय आये ही नहीं हैं। साथ ही उनके द्वारा रांची में वकालत का कार्य किये जाने की पुष्टि भी हुई। जिसके पश्चात उपायुक्त ने सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति को सेवा मुक्त करने का आदेश दिया है।

### व्यवसायी को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करे जिला प्रशासन : ओंमकार



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। जिला प्रशासन लेस्लीगंज बाजार परिसर में अविलंब सीसीटीवी लगाने का काम करे। साथ ही व्यवसायियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करे। तभी व्यवसायी अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे। उक्त बाते आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। उन्होंने बीती रात लेस्लीगंज बाजार में हुई नवजवान की हत्या के बाद कही। जायसवाल ने कहा कि इस बाजार में आए दिन कोई न कोई घटनाएं घटती रहती है। कभी आगजनी तो कभी रंगदारी में गोली चलाया जाता है तो कभी हत्या हो जाती है जिससे व्यापारी सहमे नजर आते है। व्यवसायी जब भयभीत रहेंगे तो अपना व्यवसाय कैसे चलोंगे। उनहेंने कहा कि जिले के पुलिस कप्तान से मिलकर लेस्लीगंज बाजार परिसर में देर रात तक पुलिस गश्ती कराने की मांग करेंगे। उन्होंने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतक परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया है।

### जिला परिषद ने झारखंड नर्सिंग होम व प्रसूति केंद्र का किया उदघाटन



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सगुना चौक स्थित झारखंड नर्सिंग होम एवं प्रसूति केंद्र का उदघाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम खुलने से स्थानीय लोगों को काफी सहुलियत प्रदान होगा। आसपास के ग्रामीणों को ईलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। नर्सिंग होम की कार्यशैली एवं विश्वसनीयता ही समाज में स्थापित करेगा। इस मौके पर सगुना पंचायत के मुखिया मंजु देवी, केल्हार पंचायत के मुखिया जैनुल सिदिदकी, शहादत मियां, अरशद, समतुला समेत अन्य मौजूद थे।

### वॉलीबॉल खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा पुलिस स्टेडियम में बालक-बालिकाओं के बीच समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका समापन रविवार की देर शाम किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के सचिव दुर्गा जौहरी ने बताया कि समर कैंप एक सप्ताह तक चला। इसमें कई बालक-बालिकाओं की टीम ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक अपने खेल कला का प्रदर्शन किया। पलामू के खिलाड़ी वॉलीबॉल में अच्छा प्रदर्शन कर सकें इसके लिए उन्हें प्रशिक्षकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। खेल से बच्चे अपना भविष्य उज्वल कर सकते हैं वहीं दूसरी ओर अपने जिला का नाम रौशन करेंगे। मौके पर कोच अविनाश चंचल, प्रदीप मेहता, सनत चटर्जी, जितेंद्र कुमार के अलावे बालमुकुंद पांडेय मौजूद थे।

### राजद नेताओं ने मनाया पार्टी सुप्रीमो लालू यादव का जन्म दिन



**हुसैनाबाद पलामू।** राजद सुप्रीमो व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन मनाया गया। हुसैनाबाद में नगर पंचायत के निर्वतमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी एवं राजद नेताओ ने केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाया एवं मरीजो के बीच फल वितरण की। मौके पर उपाध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद यादव केवल नेता नही हैं बल्कि गरीब मजदूर अकलियत पिछड़े के आवाज हैं। आज हमलोग ईश्वर से दुआ मांग रहे है कि वे स्वास्थ्य व दीघार्यु रहे ताकि देश भर सामाजिक न्याय की झंडा बुलंद रहे। उन्होंने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पंहुच कर मरीजो को फल वितरण किया। मौके पर मोहिउद्दीन अंसारी, मो अली, जसीमुद्दीन अंसारी, मोहसिन खान, टीपू सुल्तान,सोनू खान, शाहरुख खान सहित कई लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में सफाईकर्मी घायल

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर-रेहला मुख्य पथ पर गोदारमा गांव के पास सड़क हादसा में बिश्रामपुर नगर परिषद का सफाईकर्मी नीरज डोम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार शाम लगभग चार बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार नप का सफाईकर्मी नीरज मोटरसाइकल से बिश्रामपुर की ओर जा रहा था। इसी बीच एक तेज रफ्तार आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घायलावस्था में उसे बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे मेदनीनगर पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जिस कार ने उसे टक्कर मारी थी वह बिश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज की बताई जा रही है।

### बिश्रामपुर सीओ के पद पर दंडाधिकारी विक्रम आनंद ने दिया योगदान



**बिश्रामपुर (पलामू)।** मेदिनीनगर सदर के दंडाधिकारी विक्रम आनंद ने सोमवार को बिश्रामपुर अंचल में सीओ के पद पर अपना योगदान दिया। उन्हें निवर्तमान प्रभारी सीओ सह बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने पदभार ग्रहण कराया। योगदान के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय के कार्यों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा।

### जपला में योगा इंस्टीट्यूट का कार्यालय खुला



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के धरहरा जपला अंतर्गत सुंदर नगर में जन कल्याण समिति ट्रस्ट के द्वारा संत गाडगे महाराज योगा इंस्टीट्यूट का कार्यालय खुला इसका उदघाटन सरकारी आईटीआई के प्रिंसिपल सुनील कुमार रजक एवं जनकल्याण समिति ट्रस्ट के संरक्षक कृष्णा बैठा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया मौके पर बैठा ने कहा कि योगा केंद्र खुलने से हुसैनाबाद के युवाओं का योगा शिक्षक बनने के लिए किसी बड़ा शहर में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। वही इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर बबन कुमार ने कहा की योगा के क्षेत्र में अन्य बेहतर भविष्य बना सकते हैं। संत गाडगे योगा सदस्य श्रवण कुमार, दीपक मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

### गैस सिलेंडर से घर में लगी आग

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ढकचा गांव में सुनेश्वर यादव के घर में रसोई गैस लीक होने से आग लग गई। जिससे खप्परैल घर तथा बरामदा जल गया। साथ ही घर ढलाई के लिए घर मे रखा 60 हजार नगद, कुछ जेवरात, कपड़ा, अनाज, बर्तन सहित करीब दो लाख की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है।

# दामोदर घाट समाधि से नाबालिग का शव निकाल हुआ पोस्टमार्टम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद की पूर्वी झरिया में शुक्रवार को अवैध उत्खनन के दौरान हुआ हादसा, धनबाद पुलिस की गले की फांस बनता दिख रहा है। पुलिस जैसे-जैसे इस मामले को झुठलाने की कोशिश कर रही है, वैसे वैसे ही उलझती चली जा रही है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम सहित अन्य लोगों का दौरा जारी है। तरह तरह के प्रश्न किए जा रहे हैं। इन प्रश्नों से घबराई और खुद को सुरक्षित बचाने की कोशिश में पुलिस घटना में मरे 10 वर्षीय जितेंद्र यादव का शव शनिवार की देर रात को गुपचुप ढंग से मोहलबनी श्मशान घाट स्थित कब्र से निकलवाया। फिर उसे चुपके चोरी लाकर धनबाद के बड़े सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया गया। रविवार को उसका पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शव को बिना डेड बॉडी चालान और पंचनामा के धनबाद के तेलीपाड़ा स्थित श्मशान घाट में दफना दिया गया। इस पूरे मामले में कोई कुछ नहीं बोल रहा है।

**खड़े हो रहे कई सवाल** : एक बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर मृतक के परिजन और घायलों को मुआवजा कौन भुगतान किया, किसके कहने पर यह राशि दी गई। यह राशि कोई गुपचुप ढंग से नहीं बल्कि कई लोगों के सामने दी गई है। फिर लोग अपना पल्ला क्यों झाड़ रहे हैं। एक झूठ को छुपाने के लिए पुलिस प्रशासन और बीसीसीएल को अभी आगे कई झूठ बोलने पड़ेंगे और हो सकता है कि यही सब झूठ उनके लिए आगे चलकर भारी पड़ जाए। क्योंकि इतने अधिक सबूत है कि इस घटना को पचा पाना बहुत आसान नहीं होगा। पूर्वी झरिया की चर्चा धनबाद, रांची होते हुए दिल्ली तक पहुंच गई है। ऐसे में आगे यह घटना किस ओर मुड़ती है, कितने लोग जांच के दायरे में आते हैं, यही एक सवाल है।

## मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़ 20 मोबाइल के साथ तीन गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बिरसानगर पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मोबाइल चोरों के पास से पुलिस ने 20 सेट मोबाइल और एक एटीएम जब्त किया है। जमशेदपुर के एएसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह मोबाइल चोर गिरोह बिरसानगर, गोलमुरी और सिदगोड़ा थाना क्षेत्रों में आतंक मचाये हुए था। गिरोह के सदस्य घरों को उस समय निशाना बनाते था जब लोग रात में खिड़की खोल कर सो रहे होते थे अथवा खुले घर के अंदर घुस कर वे मोबाइल चोरी कर लेते थे। गिरफ्तार मोबाइल चोरों की पहचान आदर्श नगर बारीडी निवासी अजय रविदास उर्फ चौसठ को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया। अजय ही गिरोह का सरगना है। अजय की निशानदेही पर उसके सहयोगी बिरसानगर निवासी अजय सिंह भूमिज उर्फ शुकु तथा जोन नंबर-8 बिरसा नगर मोची बस्ती निवासी शत्रुघ्न रविदास को गिरफ्तार किया गया है। इन मोबाइल चोरों के पास से 20 मोबाइल फोन एक एसबीआई का एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। एएसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अजय रविदास उर्फ चौसठ शातिर अपराधी है और मोबाइल चोरी में एक्सपर्ट है। उसके गिरफ्तारी होने से तीनों थाना क्षेत्रों में मोबाइल चोरी की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

## विनय की कविता में कोमलता और कठोरता का समन्वय : नामधारी

हिंदी साहित्य भारती ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंदी साहित्य भारती पलामू के द्वारा राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि विनय विनम्र के सम्मान में गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में एक काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने की जबकि संचालन कवि राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि पलामू साहित्य के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। कवि विनय विनम्र देश भर में पलामू का नाम रोशन कर रहे हैं। इनकी कविता में फूल की कोमलता और वज्र की कठोरता दोनों का समन्वय है। प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने कहा कि कविता मस्तिष्क को तरोताजा कर देती है। इसके पूर्व गोष्ठी में स्थानीय कवियों एवं कवयित्रियों ने भी कविताएं सुनायीं जिनमें श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, राकेश कुमार,अनुज कुमार पाठक, सत्येन्द्र चौबे सुमन, उमेश कुमार पाठक'रेणु', हरिवंश प्रभात, रमेश सिंह, अनुपमा तिवारी, परशुराम तिवारी,आचार्य धनन्जय पाठक, श्याम किशोर पाठक, वंदना श्रीवास्तव,प्रवीण चन्द्र मिश्र आदि शामिल हैं।

## ननकू राम की हत्याकांड ने पूरे नीलांबर पितांबरपुर को झकझोर दिया : अमित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार तिवारी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की निंदा की है। व्यवसायियों एवं ग्रामीणों के बीच में हैं काफी भय व्याप्त है। ननकु राम की बीच बाजार में हत्या को काफी दुर्भाग्यवश एवं कायराना हरकत बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से बीच बाजार में ननकू राम की हत्या करना लायन ऑर्डर के साथ असामाजिक तत्वों का बढ़ता हुआ मनोबल को दशार्ता है। इस प्रकार की घटना से पूरे नीलांबर पीतांबर पुर के व्यवसायियों के बीच में भय और आक्रोश व्याप्त है। इस प्रकार की घटना नीलांबर पितांबर पुर में कभी घटित नहीं हुआ था। इस प्रकार की घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और प्रशासन से आग्रह करते हैं की इस प्रकार के कुकृत्य में शामिल लोगों को अभिलंब पकड़ा जाए। नशे का कारोबार ग्रामीण इलाकों में काफी तेजी से फैल रहा है जिसका प्रतिक्रिया के स्वरूप में इस प्रकार के कई स्थानों पर भय का वातावरण देखने को मिलता है।

### नहीं रहे सेवानिवृत्त शिक्षक सह मुर्धन्य लोकगायक उद्भट विद्वान मानस प्रवक्ता रामस्वरूप शुक्ला



**पाटन पलामू।** जिला के चर्चित लोक गायक सह सेवानिवृत्त शिक्षक रामस्वरूप शुक्ला 80वर्ष का आकस्मिक निधन 11 जून को अपने पैतृक आवास ग्राम पाल्हे- खुर्द (पाटन)में हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही पलामू प्रमंडल के कलाकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। सभी कलाकारों को अपने चर्चित और कला के प्रति समर्पित साथी को असमय खोने का मलाल है। प्रमंडल के कई लोक कलाकार उनके पैतृक गांव पाल्हे-खुर्द में पहुंचकर न सिर्फ श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी बल्कि उनके शव यात्रा में भी शामिल होकर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया। पलामू जिला लोक कला मंच के जिला अध्यक्ष शिशिर कुमार शुक्ला ने कहा कि उनके चाचा रामस्वरूप शुक्ला शिक्षक के साथ-साथ मुर्धन्य लोक गायक एवं सामाजिक धार्मिक कार्यों में भी काफी रुचि रखते थे। उनके निधन की सूचना पाते ही पलामू प्रमंडल के समस्त कलाकार शिव कुमार चौधरी, डालटनगंज दूरदर्शन कार्यक्रम अधिशासी सुशील कुमार, लल्लू मिश्रा, शिशिर कुमार शुक्ला, नागेन्द्र सिंह, उमाशंकर मिश्रा, रामजस कुमार, दयानंद तिवारी, विजय, चंदन विश्वकर्मा, जुगनू कुमार, सूरज मिश्रा, राम श्याम पांडे, कमलेश सिंह, मिनी पवन सिंह, मंटू सिन्हा, आशुतोष पांडे, दीपक पांडे, राजमणि ब्यास, राजीव पांडे, विभूति गिरी, प्रेम गिरी, लाल बाबू, बिरेंद्र ब्यास, भोला व्यास, राहुल सिन्हा, चांदनी सिंह, इनरदेव कुमार, अरूण पांडे, उमेश कुमार सोनू मिश्रा, दिनेश मोहक, अभय द्विवेदी, गुड्डू दुबे, विजय पासवान, चंदन सिन्हा, बबलू सिन्हा, भूपेश कुमार, तुलसी राम, संजय शुक्ला, बचन, देवराम, सुशील पांडे राज मुनीराम, अखलेश तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, प्रमोद ठाकुर, सुनील सिंह, उमेश कुमार नागेंद्र सिंह, राम बोला बम आदि कलाकारों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## इप्टा ने किया सांस्कृतिक पाठशाला के आठवीं कड़ी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की आठवीं कड़ी का आयोजन रविवार को इप्टा कार्यालय में की गई। पाठशाला में सर्वप्रथम अपराध नामक पुस्तक के लेखक केडी सिंह को सम्मानित किया गया। इसके बाद लेखक केडी सिंह ने अपनी पुस्तक अपराध के संदर्भ में कहा कि इस पुस्तक के संदर्भ में उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त डीजीपी सह अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के वाइस चांसलर विभूति नारायण राय तथा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने अपना विचार व्यक्त कर इस पुस्तक की महता को बताया है। लेखक ने अपनी पुस्तक अपराध में यह स्वीकार किया है कि अपराध को परिभाषित करना मुश्किल है। क्योंकि समय, पात्र और स्थान के अनुसार अपराध को परिभाषित किया जाता है। जैसे आज जिसे अपराध समझा जाता है वह कभी अपराध की श्रेणी में नहीं आता था। इस पुस्तक में अपराध को श्रेणीबद्ध करने की कोशिश की गई है।

### भाजपा नगर मंडल ने अभियान चलाकर मोदी सरकार की बताई उपलब्धियां



**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा के बिश्रामपुर मंडल द्वारा सोमवार को नगर परिषद के वार्ड 12 में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। यहां बताते चलें कि मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का सभी योजना गरीबों के कल्याण के लिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी का नौ वर्ष का कार्यकाल सेवा,सुशासन,विश्वाश और विकास के नाम समर्पित रहा। मौके पर भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, मनीष कुमार, संतोष राम, संजय ठाकुर, रामप्रवेश मौर्या, किरण शर्मा, रानी देवी, रजनीश चंद्रवंशी, सुरेंद्र भारती, विश्वनाथ विश्वकर्मा, कृष्ण गुप्ता,विकाश चंद्रवंशी, राजीव कुमार, सुरेश चंद्रवंशी, उपेंद्र राम, तजमुदीन अंसारी, मैनुदिन अंसारी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पंचायत समिति की मासिक बैठक में बिजली और पानी का मुद्दा गरमाया



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड सभागार मे प्रथम प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक मे बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, सीडीपीओ अनिता कुमारी,उपप्रमुख अमरेश बर्मा, मुखिया सुमन गुप्ता, सुमित पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। पंचायत समिति की बैठक में बिजली और पानी की गरमाई मुद्दा। पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र दुबे ने बैठक में पानी से संबंधित मामला उठाया। बरसैता मे लगे पानी टंकी से सिरमा पंचायत में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। किशुनपुर पंचायत समिति सदस्य मनरोंजन गिरी ने रबदी मे जर्जर तार और बिजली के खंभे पूरी तरह से लचर व्यवस्था में है बड़ी घटना कभी भी घट सकती है। कस्वां खाड़ के पंचायत समिति सदस्य ने बंद रहे हैं आगनबाड़ी केंद्र का मामला उठाया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर शिवम कुमार ने बताया कि पाटन मे 1294 आवास लंबित है सबसे ज्यादा लंबित 8 पंचायत मे है। बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि लघु जलापूर्ति योजना के रात पानी की समस्या हेतु मरम्मत की अनुशंसा की गई है। बैठक का संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित चौबे के द्वारा किया गया। मौके पर पंचायत सेवक कामेश्वर महतो, एमओ सखी चंद्र दास, एटीएम विनय कुमार, समेत अन्य प्रखंड कर्मी और पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

# हथियार-गोली संग दो शातिर अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अपराधकी घटना को अंजाम देने के फिराक में बैठे दो शातिर अपराधियों को हथियार व गोली के साथ गुमला पुलिस ने खड़ियापाड़ा के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सिसई रोड डुमरटोली निवासी जुनियन मिंज उर्फ जुलू व सिसई रोड के गांधी नगर निवासी चंदन वर्मा के नाम शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, 315 बोर एक जिंदा गोली व एक खोखा, नाइन एमएम का दो जिंदा गोली व एक खोखा एवं एक मोबाईल बरामद किया है। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी मनोज कुमार ने गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि रविवार की रात लगभग 11 बजे गुप्त सूचना मिली की कुछ युवक खड़ियापाड़ा पुल के पास हथियार लेकर बैठे हैं और किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापामारी कर खड़ियापाड़ा के पास से जुलियन मिंज व चंदन वर्मा को खदेड़ कर पकड़ा।



गिरफ्तार अभियक्तों के साथ एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

**खास बातें :** गिरफ्तार अभियुक्त चंदन मिंज की तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा जिसके चेंबर में एक खोखा व पॉकेट से एक जिंदा गोली बरामद किया गया। जबकि चंदन वर्मा की तलाशी लेने पर दो जिंदा गोली व एक खोखा बरामद किया गया। जुलियन मिंज के खिलाफ गुमला थाना में सात व चंदन वर्मा के खिलाफ गुमला व सिसई थाना में हत्या, आर्म्स एक्ट सहित 11 मामले दर्ज हैं। एक मामले में चंदन वर्मा को आजीवन कारवास की सजा भी सुनायी गई है। छापामारी दल में पुअनि दिलीप टुडू, सअनि बबलू बेसरा व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# मृत बच्चा को फेंकने के आरोपी दो नर्स और दाई भेजी गई जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मझिआंव।** रेफरल अस्पताल में शनिवार को पलामू जिला के रजहारा के लहलहे गांव की मनदीप विश्वकर्मा के 22 वर्षीय गर्भवती पत्नी मधु देवी को प्रसव पीड़ा के दौरान भर्ती कराया गया था। जहां पर कार्यरत एन एम निर्मला कुमारी मंजू कुमारी एवं दाई दौलतीया देवी के द्वारा मधु देवी से जन्मे 5 माह के मृत शिशु को जलते हुए कचरे के गड्ढ़े में डाल दिया गया था। जिसको लेकर मामला प्रकाश में आने के बाद खबर को प्रमुखता से दिखाई गई थी। जिसमें दिल्ली एवं राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद उपायुक्त शेखर जमुआर के निदेर्शानुसार गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के द्वारा रविवार को मामले की जांच की गई और दोनों एनएम निर्मला कुमारी मंजू कुमारी एवं दाई दौलतीया देवी से पुछ ताछ के बाद पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इधर दिन सोमवार को थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि तीनों दोषी महिलाओं के खिलाफ 11 जून 2023 को रेफरल अस्पताल प्रभारी गोविंद प्रसाद सेठ के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन मिलने पर थाना कांड संख्या 66/23 11 जून 2023 के तहत धारा 315, 201, 34 भादवी के अंतर्गत निर्मला कुमारी मंजू कुमारी एवं सफाई कर्मी दौलती देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए दिन सोमवार को वरीय पदाधिकारी को सूचना करते हुए तीनों अभियुक्त महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी में शामिल पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो एस आई विकास कुमार एएसआई चंद्रशेखर आजाद एवं पुलिस बल शामिल थे।

## भाजपा की सरकार बनी तो संताल पगरना में लागू होगा मिनी एनआरसी : बाबूलाल

# नीतीश खेल रहे राजनीति की अंतिम पारी

### संताल परगना के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे भाजपा विधायक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर संताल परगना में मिनी एनआरसी (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन) लागू होगी। उक्त बातें संताल परगना के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को परिसदन भवन में प्रेस कांफ्रेंस में आयोजित कर कहा। बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ और साहिबगंज इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि संताल परगना के पाकुड़, महेशपुर और साहिबगंज में गलत तरीके से ऐसे लोगों को सरकारी जमीन बंदोबस्त की गई है। जिसके आधार पर लोग राशन कार्ड और वोटर कार्ड बनवा रहे हैं। यहां शादी-ब्याह भी कर रहे है। बाबूलाल मरांडी ने कहा बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या से सबसे अधिक प्रभावित यहां के संताल और पहाड़िया हो रहे हैं। इस कारण भाजपा की अगली सरकार बनती है तो संथाल परगना में मिनी एनआरसी करायेंगे। जिससे पता चले कि संताल परगना में कहां से लोग आकर यहां के निवासी बन रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कहा कि नीतीश कुमार भाजपा के लिए कोई बड़ा फैक्टर नही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी अंतिम राजनीतिक पाली खेल रहे हैं। परिवारवादी और भ्रष्टाचार के पोषक दलों के साथ सरकार चला रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल पर कहा कि केजरीवाल के दो दो मंत्री जेल में हैं। किसी से छुपा नहीं है। जो अपने आप को अरविंद केजरीवाल मिस्टर क्लीन कहते हैं। लेकिन दो मंत्री आज उनके मंत्री जेल में है। आज जो लोग भी नीतीश कुमार के साथ जा रहे हैं। उनकी कुंडली ईडी के पास है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2014 के पहले सरहद पार के आतंकवादी देश मे घुसकर विस्फोट करते थे। आंतकवादियों ने संसद भवन को भी नहीं छोड़ा। लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है तब से परिस्थितियां बदली है। इन 9 वर्षों में देश में दो बड़ी घटनाएं हुई थी पुलवामा और पठानकोट। जिसके जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक भारत द्वारा किया गया। वहीं गलवान घाटी में भी चीन के सैनिकों को हमने पीछे हटने पर विवश कर दिया। जिससे दुनिया मान रही है कि अब भारत बदल रहा है और देश का नेतृत्व एक मजबूत व्यक्ति के हाथ में है। जिसका परिणाम है कि आज देश के अंदर लोग बड़े सुकून से रहते हैं। देश के अंदर माओवादी गतिविधियां जो काफी बढ़ी हुई थी उस पर भी अंकुश लगा है। 2014 से पहले देश में जो हालात थे, चाहे वह भ्रष्टाचार के मामले में हो या सुरक्षा के मामले में उसमें काफी बदलाव हुआ है। आज प्रधानमंत्री की लोकप्रियता देश में ही नहीं विदेशों में भी बढ़ी है। जिस भारत की बात दुनिया सुनना नहीं चाहती थी। आज उसी भारत की बातों को दुनिया सुनना और समझना चाह रही है। विदेशों में प्रधानमंत्री मोदी से मिलने वालों की होड़ लगी रहती है। उन्होंने कहा कि सुशासन के मामले में भी पूरे देश में एक तस्वीर बदली है। आज जो भी भ्रष्ट राजनीतिज्ञ हैं, जो परिवारवाद के पोषक हैं। उन लोगों में आज की तारीख में हड़कंप मच गया है। पीएम मोदी के इन 9 वर्षों के कार्यकाल में ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स वालों ने जो काम किया उसकी तारीफ हो रही है। लगभग एक लाख करोड़ की अवैध कमाई की प्रॉपर्टी और नकद जब किया गया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि किसानों के खातों में 6 हजार रुपए भेजना अपने आप में यह अनूठी योजना है। करोनाकाल में 2 करोड़ से अधिक लोगों को जो विदेशों में फंसे हुए थे। उन्हें सुरक्षित वापस लाया गया। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच से भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया। वन नेशन, वन राशन कार्ड लागू किया गया। दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास गरीबों तक पहुंच रहा है। शौचालय का निर्माण कराया गया है। गरीबों के घरों तक एलपीजी कनेक्शन और चूल्हा पहुंचाया गया। इन 9 वर्षों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एम्स से लेकर कई मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया गया। जो एक बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2014 के पहले 74 एयरपोर्ट थे। 2014 के बाद 9 वर्षों में 74 नए एयरपोर्ट बनाए गए। रोड कनेक्टिविटी के साथ-साथ जलमार्ग का भी विकास किया गया। इस तरह से कहा जाए तो 9 वर्षों में विकास की लंबी फेहरिस्त है और यह सब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हो पाया है। बाबुलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी आजादी की 100 वीं वर्षगांठ मनाएगा, तो भारत विकसित देश की श्रेणी में होगा। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है और इसी सोच के तहत देश का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।

## एक नजर में

### केंद्र में भाजपा की सरकार हटेगी तभी अच्छा काम होगा :सीएम

**पटना।** विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के नव नियुक्त सहायक प्राध्यापक के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यकम में केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि इन लोगों को समझ में नहीं आ रहा है तो मेरा क्या जाता है। ये लोग हटेंगे तब ही सब काम अच्छा होगा। सीएम नीतीश कुमार से इस कार्यक्रम के समापन के बाद मीडिया से बातचीत की। पत्रकारों ने जब दरभंगा एम्स की जमीन को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज से बेहतर जमीन खोजकर बिहार सरकार ने दी थी लेकिन यह पता नहीं चल रहा है कि केंद्र की मोदी सरकार क्या करना चाहती है। या फिर कुछ करना ही नहीं चाहती। सीएम नीतीश ने कहा कि आने वाले दिनों में उस जगह पर फोरलेन भी जाएगा और कई मायने में अभी भी वह जमीन शहर से सीधी जुड़ी होने के कारण बेहतर है। सीएम नीतीश ने कहा कि हमने एम्स का सारा काम करा दिया था। केंद्र से मिलकर सारी बात हो गई थी। पहले डीएमसीएच में निर्माण की बात थी लेकिन वहां बनाने की स्थिति नहीं थी तो शोभन में जगह देखा गया। शोभन में जो जगह एम्स के लिए चुना गया वो काफी बेहतर जगह है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के दिमाग में कुछ और बात चल रही है। हम कुछ अच्छा काम करने की बात करेंगे तो वो हमारी बातें नहीं सुनेंगे। आगे यह लोग हटेंगे तो जाकर अच्छा काम होगा। उस जगह को मीडिया भी जाकर देखे। वहां रास्ते को फोरलेन करने की भी तैयारी चल रही है। दरभंगा के अस्पताल को भी बेहतर किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से कहा कि हमारी बातों को भी प्रचारित करिए। अगर हमलोग केंद्र में आयेंगे तो आपका सम्मान बढ़ेगा। आपलोग और आगे बढ़िएगा,खूब तरक्की करिएगा। हमलोग अपने हित में नहीं बल्कि लोगों के हित में काम किए हैं। आज केंद्र में जो है वो लोगों के लिए नहीं अपने हित में काम किए हैं।हम पत्रकार मित्रों से हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हैं। आपलोग मोबाईल पर लिख दीजिए कि क्या काम हुआ है।हम आप लोगों के पक्ष में हैं।हमलोग कोशिश कर रहे हैं। सीएम नीतीश इससे पहले आज विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो चाहेंगे कि नियुक्ति और तेजी से हो। पहले हमारे यहां कम इंजीनियरिंग-पॉलिटेक्निक संस्थान था।हमलोगों ने तय किया कि हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज होगा। 37 इंजीनियरिंग कॉलेज का भवन नर्माण हो चुका है, बक्सर में देरी है।

### बिहार में मानसून ने अपने निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व दी दस्तक

**पटना।** बिहार में मानसून का आगमन 12 जून यानि सोमवार को हो गया है। इससे संबंधित प्रेस विज्ञप्ति पटना के मौसम विज्ञान केन्द्र ने आज जारी की है। केन्द्र के अनुसार इस साल बिहार में मानसून अपने निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व यानि 12 जून को पहुंचा है। इससे पहले बिहार में मानसून 13 जून को पहुंचता रहा है। ऐसा 17 साल बाद हुआ है। इससे पहले 2006 में समय से पहले मानसून की एंट्री हुई थी। सोमवार सुबह बिहार के किशनगंज जिले में जमकर मानसून की बारिश हुई। वहीं, रविवार देर शाम को पटना, जमुई समेत कुछ जगहों पर बारिश हुई थी। इससे उमस बढ़ गई है। विज्ञप्ति के अनुसार मानसून का प्रभाव राज्य के फारबिसगंज (अररिया) पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार तक देखा जा सकता है। इन जिलों में मानसून की बारिश शुरू हो गई है। पूर्णिया में 105.2 एमएम, बलरामपुर (कटिहार) में 57.2 एमएम, सिकटी (अररिया) में 56.4 एमएम, सोनहौला (भागलपुर) में 50.6 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बिहार के लोगों को अब जल्द ही आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और लू से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक आशीष कुमार अनुसार पटना में भी अलगे एक-दो दिन में मानसून की बारिश होने की संभावना है। प्रचंड तापमान के बीच नमी के हो रहे प्रसार की वजह से राज्य के पूर्वी भाग में थंडर स्टॉर्म गतिविधियां अगले दो दिनों में तेज होंगी। केरल के तट पर लगभग एक हफ्ते मानसून ने देर से दस्तक दी थी, लेकिन उसके बाद तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### नीतीश कुमार के अहंकार के भेट चढ़ा दरंभगा एम्स:सुशील मोदी

**पटना।** राज्य सरकार की ओर से दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए दी गयी जमीन को रिजेक्ट कर दिये जाने के बाद बिहार में सियासत जारी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार के अहंकार और महागठबंधन सरकार में राजद-जदयू के बीच खींचतान के चलते उत्तर बिहार के लाखों लोग 2000 करोड़ रुपये से बनने वाले दरभंगा एम्स के रूप में केंद्र सरकार की बड़ी सौगात पाने से वंचित रह गए। दरभंगा में एम्स बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं मिले, इसलिए पहले दो साल तक तो मुख्यमंत्री इस बात अड़े रहे कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) को ही अपग्रेड कर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बना दिया जाए।सुशील मोदी ने कहा कि किसी मेडिकल कॉलेज को अपग्रेड कर एम्स बनाने का नियम नहीं है, इसलिए अन्ततः बिहार सरकार दरभंगा एम्स के लिए डीएमसीएच परिसर में ही 150 एकड़ जमीन देने पर राजी हो गई। 82 एकड़ जमीन आवंटित भी कर दी गई थी। इस बीच नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा के कारण जैसे ही राजद से हाथ मिलाया और सरकार बदल दी, वैसे ही दरभंगा एम्स सहित कई विकास परियोजनाओं पर ग्रहण लग गया। मोदी ने कहा कि बदली सरकार में राजद और जदयू के बीच दरभंगा एम्स का श्रेय लेने की होड़ मच गई। लालू प्रसाद के करीबी भोला यादव ने जब किसी संवैधानिक पद पर रहे बिना अशोक पेपर मिल (हायाघाट) की जमीन पर एम्स बनने की घोषणा कर दी, तब इसके जवाब में जदयू के लोग शोभन में एम्स बनवाने के लिए सक्रिय हुए। नीतीश कुमार के इशारे पर मधेपुरा के दिनेशचंद्र यादव सहित दो दर्जन जदयू सांसदों ने केंद्र सरकार को ज्ञापन देकर दरभंगा के बजाय सहरसा में एम्स बनवाने की मांग कर दी।

### चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**बेगूसराय।** चक्रवाती तुफान बिपरजॉय के कारण बिहार के पांच ट्रेनों के परिचालन में बदलाव कर दिया गया है। पश्चिम रेलवे पर यात्रा समाप्त करने एवं खुलने वाली कुछ ट्रेनों का आंशिक समापन और प्रारंभ तथा रद्द किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि 11 एवं 12 जून को मुजफ्फरपुर से खुल कर पोरबंदर जाने वाली गाड़ी संख्या- 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस का आंशिक समापन विरमगाम जंक्शन पर किया जाएगा। 13 जून को मुजफ्फरपुर से खुल कर पोरबंदर जाने वाली गाड़ी संख्या- 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस का आंशिक समापन राजकोट में समाप्त किया जाना है। 12 जून को गुवाहाटी से खुल कर ओखा जाने वाली गाड़ी संख्या- 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस का आंशिक समापन अहमदाबाद में किया जाएगा। 15 जून को पोरबंदर से खुल कर मुजफ्फरपुर जाने वाली गाड़ी संख्या- 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा। 16 जून को ओखा से खुलने वाली गाड़ी संख्या- 15635 ओखा-गुवाहाटी एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ अहमदाबाद से किया जाएगा।

### नाच में नर्तकी का कार्य कर रहे युवक का गन्ने के खेत में मिली लाश

**बेतिया।** जिले में नौतन थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी महातम पांडे के नाच में नर्तकी का कार्य कर रहा एक युवक का शव हरपुर गांव से उत्तर गन्ने की खेत से सोमवार को मिला है। शव की पहचान गौनाहा थाना क्षेत्र के पीराड़ी गांव निवासी हिरा मुखिया के पुत्र चंदन कुमार मुखिया के रूप में हुयी है। चंदन की पत्नि गिरजा देवी ने बताया कि वह सुबह के चार बजे फोन किये थे। थोड़ा घबड़ाये हुए थे। कोई अनहोनी हो न जाए इस तरह का बात कर रहे थे। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। उन्होंने बताया केश दर्ज करते हुए अनुसंधान जारी कर दी गयी है। बहुत जल्द मामले का खुलासा कर लिया जायेगा ।

## स्पीड न्यूज

### फरार चल रहे सात वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की नरपतगंज थाना पुलिस ने पुलिस की आंखों में धूल झोंक विभिन्न मामलों में फरार चल रहे सात वारंटियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार फरार वारंटियों में ऐनुल बैठा, जमील बैठा, जमाल बैठा,झब्बर लाला सावरिया, केवला सदा, बिरेन ऋषिदेव और बुद्धू राम को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी वारंटी काफी समय से फरार चल रहे थे और नरपतगंज पुलिस इनकी तलाश कर रही थी।नरपतगंज थानाध्यक्ष शैलेश कुमार पांडेय ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए सभी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज देने की बात कही।

### राजद सांसद डा फैयाज के घर हमलावर पर प्राथमिकी दर्ज

**मधुबनी।** जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम रोड में सांसद डॉ फैयाज अहमद के निजी आवास पर हमला मामला में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज हुई। पुलिस सूत्रानुसार रविवार को राजद राज्य सभा सांसद डा फैयाज अहमद के घर पर रविवार को उपद्रवी तत्वों हमला कर भवन क्षतिग्रस्त किया।सोमवार को मेयर प्रत्याशी राजद नेता असलम अंसारी सहित पचास अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की सूचना है।पुलिस प्रशासन कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले की जगदीशपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस के साथ सोमवार को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गयी है। थाना क्षेत्र के सन्हौला मोड़ पर पुलिस ने एक बाइक को रोक कर तलाशी ली। तलाशी में बाइक सवार बांका जिला अंतर्गत रजौन थाना क्षेत्र के लोढिया गोपालपुर निवासी कुंदन कुमार के पास से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसी दौरान बाइक पर सवार अन्य दो युवक मौके से भागने में सफल हो गया।

### नशे से आजादी पखवाड़ा का एसएसबी ने किया शुभारंभ

**अररिया।** 26 जून को वर्ल्ड ड्रग्स डे मनाया जाता है।ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता को लेकर एसएसबी 56वीं वाहिनी की ओर से विशेष पहल की गई है। एसएसबी की ओर से सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे से आजादी पखवाड़ा की शुरूआत की गई।जिसका शुभारंभ एसएसबी 56वीं वाहिनी के कमांडेंट सुरेन्द्र विक्रम ने बटालियन मुख्यालय से किया गया। साईकिल रैली में शामिल एसएसबी अधिकारियों और जवानों के साथ आम नागरिकों को संबोधित करते हुए एसएसबी कमांडेंट सुरेन्द्र विक्रम ने कहा कि नशीली वस्तु का सेवन एवं तस्करी जनहित एवं देश हित दोनों के लिए हानिकारक है।

## बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान चला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में पारा लीगल वोलेंटियर के द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा क निदेर्शानुसार चलाया गया।इस बावत प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि बाल श्रम की सबसे बड़ी वजह गरीबी है। जिसकी वजह से बच्चे शिक्षा से वंचित होकर मजबूरी वश मजदूरी करते हैं। इसके अलावा कई सारे बच्चों को संगठित अपराध रैकेट द्वारा भी बाल श्रम के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि बाल श्रम को रोकने में सबसे पहले माता-पिता को आगे आना चाहिए, यदि माता-पिता अपने बच्चों को काम की बजाय पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करेंगे तो इसे आसानी से रोका जा सकता है। लेकिन कई बार माता-पिता गरीबी को इसका कारण बताते हैं, इसका समाधान यही है कि वह सरकार की योजनाओं की मदद ले सकते हैं और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकते हैं। मौके पर लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल अंकित कुमार सिंह, रोबिन कुमार के साथ अन्य उपस्थित थे ।

## बालश्रम निषेध दिवस पर किशोरी समेत पांच बालकों का रेस्क्यू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर सोमवार को चलाये गये रेस्क्यू आपरेशन में एक किशोरी समेत पांच बच्चों को रेस्क्यू किया गया। पांचों को चाइल्डलाइन दुमका के द्वारा बाल कल्याण समिति के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने आवश्यक कार्रवाई पूरा करने के बाद इनमें से दो बालकों को उनके परिजनों को सौंप दिया जबकि किशोरी एवं दो बालकों को बालगृह में आवासित कर दिया गया है। सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य डॉ राज कुमार उपाध्याय, डीसीपीओ प्रकाश चंद्र, श्रम अधीक्षक मो अकीक, ग्राम ज्योति की निदेशक आभा, चाइल्डलाइन दुमका के केन्द्र समन्वयक मुकेश कुमार दुबे, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउनडेशन के निदेशक समन्वयक नरेन्द्र शर्मा, नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार,, महिला थाना प्रभारी श्वेता कुमारी, ग्राम साथी के मैनेजिंग ट्रस्टी देवानंद कुमार, डिप्टी चीफ एलएडीसी सिकंदर मंडल, सहायक एलएडीसी अंकित सिंह, दुमका रेलवे स्टेशन के एसएम टीपी यादव, आहतु थाना प्रभारी बैद्यनाथ बेसरा, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार, रेलवे के एसएसई सुरेश कुमार, केएससीएफ की प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्राबोनी मुखर्जी, कोर्डिनेटर सुषमा सरकार, कम्युनिटी मोबलाइजर सनातन मुर्मू, चाइल्डलाइन के काउनसेलर जीशान अली, टीम मेंबर निशा कुमारी व शांतिलता हेम्ब्रम की टीम ने दुमका रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया पर वहां कोई भी बाल श्रमिक नहीं पाया गया। चाइल्डलाइन दुमका को मिले सूचना के आधार पर सोनुआडगाल के संथाली टोला के एक घर से 14 वर्षीय किशोरी को रेस्क्यू किया गया।

## संगठन को धारदार बनाने के लिए तैयारी में जुटी मंत्री जोबा माझी

### मनोहरपुर विस क्षेत्र के सभी पंचायतों में आयोजित होगा झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** संगठन को सशक्त बनाने और आगामी वर्ष चुनाव को ध्यान में रखते हुए झामुमो भी तैयारी में जुट गया है। इसी क्रम में मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की सफलता एवं रूप रेखा को लेकर सोमवार को मनोहरपुर की विधायक सह मंत्री जोबा माझी के पंप रोड स्थित आवास में बालजोड़ी के मुखिया गुणवंत नायक की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में मंत्री जोबा माझी भी उपस्थित रही। बैठक में तय हुआ कि पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरूआत 18 जून से मनोहरपुर प्रखंड के ढीपा व रायडीह पंचायत से की जाएगी। इसके दूसरे दिन 19 जून को सोनुवा प्रखंड के बालजोड़ी पंचायत में होगी। पंचायतों में होने वाले सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री जोबा माझी स्वयं उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा अन्य पंचायतों के लिए अलग से तिथि तय की जाएगी। बैठक में मंत्री जोबा माझी ने कार्यकताओं से कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी लोग जुट जाए। इसके अलावा आम जनता की समस्याओं के समाधान और सरकार की विकास योजनाएं पहुंचाने के लिए कार्य करें। बैठक में झामुमो के वरिष्ठ नेता हेमचंद महतो, सुनील दास, त्रिलोचन नायक, भैया लाल प्रधान, सत्यनारायण नायक, ओम प्रकाश सिंह, रतिलाल हाईबुरू, पुष्पेंद्र नायक आदि उपस्थित रहे।

## पेयजल समस्या को लेकर डीसी से मिले विजय गागराई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को दूर कराने को लेकर पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई ने चाईबासा में उपायुक्त अन्नय मित्तल से मुलाकात किया। जहां उन्होंने चक्रधरपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में व्याप्त समस्याओं को अवगत कराते हुये ग्रामीणों द्वारा दिये गये मांग पत्र को भी उपायुक्त को सौंपा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग व ग्रामसभा के आधार पर इटिहासा पंचायत के बांकीतापी गांव के जगदासाई टोला में बुरुसाई चौक तक दो किमी पीसी सड़क का निर्माण कराने, जगदासाई टोला में ही पुलिया का निर्माण कराने, पोटका के इचिंडासाई में पक्की नाली व आरसीसी पुलिया का निर्माण कराने की मांग की। मौके पर समाजसेवी डा. विजय सिंह गागराई ने उपायुक्त से मांग करते हुये कहा कि इन गांवों में सड़क व नाली नहीं होन के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांवों में आवाजाही के रास्ते बंद हो जाते हैं। इससे ग्रामीण लंबी दूरी तय कर आवाजाही करते हैं, इसे देखते हुये जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाएं। वहीं उपायुक्त ने भी समस्या का समाधान का आश्वासन दिया।

## सम्राट चौधरी की डिग्री पर संदेह, सवालों का जवाब दें भाजपा नेता : जदयू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधानपार्षद नीरज कुमार और विधायक राजीव कुमार सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की डिग्री पर गंभीर सवाल उठाया है।सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की डी लिट की डिग्री को संदेहास्पद बताया और कहा कि जिस कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी के नाम का इस्तेमाल सम्राट चौधरी ने अपनी चुनावी शपथ पत्र में किया है उस विश्वविद्यालय का नाम संदेह के घेरे में है। मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि साल 2005 में उनका नाम राकेश कुमार के तौर पर दर्ज है, साल 2010 में उनका नाम राकेश कुमार उर्फ सम्राट चौधरी के तौर पर दर्ज है। वहीं साल 2020 में उनका नाम सम्राट चौधरी के तौर पर दर्ज है। नीरज कुमार ने कहा कि आखिर किस नाम से सम्राट चौधरी ने ह्वडी लिटह्न की डिग्री हासिल की है इस बारे में उन्हें सारे तथ्य सामने लाने चाहिए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि लोग आज जानना चाहते हैं कि आखिर उन्होंने किस नाम से ह्वडी लिटह्न की डिग्री उस यूनिवर्सिटी से हासिल की है। चुनावी एफिडेविट में डिग्री का, रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख नहीं करना संदेह उत्पन्न करता है। सम्राट चौधरी की डिग्री पर सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी का नाम अमेरिका के यूनिवर्सिटी के नाम में शामिल नहीं है। जिससे उनकी डिग्री पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। नीरज कुमार ने कहा कि जद(यू) भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को इस मामले में सारे तथ्यों के जवाब के लिए 72 घंटों का समय देती है और आशा करती है इस समय अवधि में वो सारे सवालों का विस्तार पूर्वक जवाब देंगे। उन्होंने कहा सम्राट चौधरी की डिग्री पर सवाल उनकी राजनीतिक साख से जुड़ा है और राजनीति में साख का होना बेहद जरुरी होता है तभी जनता नेताओं के बातों से सहमत होती है। उन्हें इस मामले में खुलकर सामने आना चाहिए और अपनी डिग्री के बारे में तमाम तरह की जानकारियां उपलब्ध करानी चाहिए।

### अंतिम संस्कार के बाद घर लौटा शख्स

**मुजफ्फरपुर।** जिस शख्स को मृत समझकर दाह संस्कार कर दिया गया है, वो अगले दिन ही लौट आया। दरअसल, तेजू सहनी नाम का शख्स का शनिवार को घर वालों ने अंतिम संस्कार किया था, लेकिन रविवार को दोपहर में गांव वालों ने यह जानकारी दी कि तेजू सहनी को शहर में घूमता देखा गया है। गांव वालों की बात सुनकर तेजू सहनी का बेटा प्रमोद सहनी शहर जाकर पिता को घर ले आया। इस घटना के बाद अब पुलिस इस जांच में जुट गई है कि आखिर जिसका अंतिम संस्कार हुआ वो कौन था? पूरा मामला जिले के औराई थाना इलाके का है।तेजू सहनी दस दिन पूर्व भूमि विवाद संबंधित विवाद को लेकर कोर्ट जाने की बात कहकर अपने घर से निकला था,लेकिन उसके बाद वो घर नहीं लौटा।

# पुलिस और सैन्य बलों में शामिल होकर संवारे करियर



पुलिस और कानून को लेकर ज्यादातर लोगों के मन में भ्रम होता है। आज हम आपको देंगे पुलिस बल और उससे जुड़ी कुछ अहम जानकारी। क्या आपके मन में कभी यह प्रश्न उठे हैं कि कोई ट्रैफिक पुलिस अधिकारी किसी को गिरफ्तार कर सकता है? वो कौन-सा कानून है जिसके अंतर्गत पुलिस काम करती है? पुलिस में कौन-कौन सी रैंक होती है? सीआरपीसी और आईपीसी क्या है? पुलिस का काम समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपराध पर रोकथाम करने का भी है। पुलिस का काम कानून लागू कराने का और यह सुनिश्चित करने का है कि पुलिस समेत सभी हर स्तर पर कानून का पालन करें।

पुलिस बल के कई कर्तव्य हैं:

अपराध को रोकना और नियंत्रित करना।

अपराध की ठीक से जांच करना और अपराधी का पता लगाना।

अदालत में पेश करने के लिए ईमानदारी से और सबूतों के आधार पर केस तैयार करना।

पुलिस बल के पास समग्र कानून और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी होती है।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुदाय और अपने आस-पास काम करने वालों के बारे में भी जानकारी जुटाना।

पुलिस के पास कई प्रकार की अलग-अलग शक्तियां हैं, ये सभी शक्तियां कानून द्वारा दी गई हैं और उन्हें कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही उपयोग करना चाहिए। पुलिस को गिरफ्तारी, तलाशी, बरामदगी, अपराधों की जांच, गवाहों से पूछताछ, संदिग्धों से पूछताछ, अनियंत्रित भीड़ को नियंत्रित करने का अधिकार है। पुलिस अपनी इच्छानुसार कार्य नहीं कर सकती। किसी भी तरह से शक्तियों का दुरुपयोग या कर्तव्य की लापरवाही या पुलिस द्वारा किसी भी अपराध के लिए अधिकारी को दंडित किया जा सकता है। नहीं। प्रत्येक राज्य का अपना पुलिस बल है जो उस राज्य की सरकार के नियंत्रण में होता है। इसलिए देश में कई पुलिस बल हैं।

राजधानी दिल्ली, चंडीगढ़, पुड्डुचेरी, दमन और दीव, लक्षद्वीप समूह, दादर, और नागर हवेली की पुलिस केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है। क्योकि अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भी केंद्र-शासित प्रदेश हैं तो इनकी पुलिस भी केंद्र सरकार के अधीन काम करेगी। अर्धसैनिक बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (उफढ्रऋ), सीमा सुरक्षा बल (इरऋ), असम राइफल्स, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को कहा जाता है।

केंद्र सरकार, सशस्त्र पुलिसिंग संगठनों द्वारा विशेष कर्तव्यों के लिए सशस्त्र बल तैनात किए जाते हैं। इन बलों को सेना की तर्ज पर संरचित किया जाता है। इसी वजह से उन्हें अर्धसैनिक बल कहा जाता है। ये बल पुलिस को आतंकवाद विरोधी, आतंकवादी गतिविधियों और नागरिक अशांति के समय में मदद करते हैं।

हां, कोई भी पुलिस अधिकारी बन सकता है। हालांकि, आपको उस विशेष रैंक के लिए निर्धारित शर्तों और मानकों को पूरा करना होगा। उदाहरण के लिए, एक कॉन्स्टेबल के रूप में शामिल होने के लिए आपको कम से कम हाई स्कूल परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। वहीं सब-इंस्पेक्टर के रूप में शामिल होने के लिए आपको ग्रेजुएट होना आवश्यक है।पुलिस बल में शामिल होने के तीन स्तर हैं। राज्य स्तर पर आप कॉन्स्टेबल के पद से लेकर पुलिस उपाधीक्षक के पद तक शामिल हो सकते हैं और पुलिस अधीक्षक के पद तक जा सकते हैं। या आप सब-इंस्पेक्टर स्तर पर शामिल होकर पुलिस अधीक्षक तक के पद तक पदोन्नत हो सकते हैं। कॉन्स्टेबलों और उप-निरीक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा देनी होती है। अगर परीक्षा में पास हो गए तो आपको शारीरिक दक्षता परीक्षा देनी होती है। शारीरिक परीक्षा पास होने के बाद आपको इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। इसके बाद आप एक मेडिकल चेक-अप से गुजरते हैं, यह देखने के लिए कि क्या आप चिकित्सकीय रूप से फिट हैं और केवल तभी अंतिम चयन किया जाता है।

दूसरी ओर आईपीएस अधिकारी केंद्रीय स्तर पर भर्ती किए जाते हैं। इन भर्तियों में रैंक, अतिरिक्त या सहायक अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक के रूप में शुरू होते हैं।आईपीएस यानी भारतीय पुलिस सेवा। यह भारत सरकार की तीन मुख्य अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अन्य दो, भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा (कऋर) हैं। यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जहां से पुलिस अधिकारियों को पूरे देश में वरिष्ठ पदों पर सेवा देने के लिए तैयार किया जाता है।भारतीय पुलिस सेवा से जुड़ने के लिए आपको पहले यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होना होगा। समय-समय पर इसके लिए स्थानीय और राष्ट्रीय अखबारों में विज्ञापन जारी होते हैं। प्रारंभिक परीक्षा पास करने के बाद आप यूपीएससी की मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। अगर आप लिखित परीक्षा में भी उत्तीर्ण हो जाते है तो आपको साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। जब आप साक्षात्कार में सफल हो जाते हैं, तो यहां आपको विदेश सेवा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, वन सेवा और राजस्व सेवा का विकल्प दिया जाता है।

## बिहार पुलिस के 21,391 पदों पर बहाली

बिहार की नीतीश सरकार ने शुक्रवार (9 जून) को बिहार पुलिस बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस और अन्य इकाइयों में कांस्टेबलों की भर्ती के लिए एक अधिसूचना जारी की है। इसके मुताबिक 21,391 पदों के लिए केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा लेगा।

पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करके बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 जून, 2023 से शुरू होगी और आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई, 2023 है। फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। इसके साथ ही यह ध्यान रखना जरूरी है कि लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को मेरिट सूची के लिए नहीं माना जाएगा। लिखित परीक्षा चयन प्रक्रिया के पीईटी/पीएमटी (शारीरिक मापन परीक्षण) चरण के लिए योग्यता परीक्षा के रूप के लिए ही ली जाती है। कांस्टेबल भर्ती के लिए उपलब्ध सीट्स की कुल संख्या 21,391 है।

### किस कैटेगरी के लिए कितनी सीट?

जनरल कैटेगरी के लिए 8,556 सीट्स

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 2,140 सीट्स

अनुसूचित जाति (एससी) के लिए 3,400 सीट्स

अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए 228 सीट्स

अति पिछड़ा वर्ग के लिए 3,842 सीट्स

पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 2,570 सीट्स

पिछड़ा वर्ग (बीसी) महिला के लिए 655 सीट्स

इस भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास होना जरूरी है। उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष है। इस भर्ती में वही शामिल हो सकता है जिसने 1 अगस्त 2022 12वीं कक्षा पास कर ली है। इसके अलावा बिहार राज्य के मदरसा बोर्ड द्वारा प्राप्त मौलवी प्रमाण पत्र या बिहार राज्य के संस्कृत बोर्ड द्वारा प्राप्त शास्त्री (अंग्रेजी सहित) / आचार्य (अंग्रेजी रहित) प्रमाण पत्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य समकक्ष शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

### आवेदन कैसे करना है?

केंद्रीय चयन बोर्ड ऑफ कॉन्स्टेबल की आधिकारिक वेबसाइट या बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए नामित आवेदन पोर्टल पर जाएं। यदि आपके पास पहले से एक खाता है, तो अपने क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके लॉग इन करें।

# शादी विवाह की प्लानिंग में भी बड़ी संख्या में जॉब




झरना सरियाल

**शादियां** हमेशा से ही एक बड़े व्यापार के रूप में देखी गई हैं, चाहे हम उसके किसी भी दिन से जुड़े क्यों न हों। यह मौका किसी भी लड़की के लिए खास होता है और वह इस दिन को परिपूर्ण देखना चाहती है लेकिन किसी भी शादी को पूरी तरह से सफल बनाना आसान काम नहीं होता। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में कोई भी हर चीज आसानी से हो जाए ऐसा जरूरी भी नहीं। इसीलिए आजकल वेडिंग प्लानिंग में करियर की संभावनाएं बढ़ रही हैं और कई महिलाएं भी इसे करियर के रूप में अपना रही हैं। यह काम जितना चुनौतियों से भरा है इसमें पैसा भी उतना ही अच्छा कमाया जा सकता है। वैसे भी शादी का मतलब सिर्फ लड़की से ही नहीं होता बल्कि इसमें उसके और लड़के के पूरे परिवार से होता है इसलिए इस करियर में विवाह की सारी व्यवस्थाएं आप पर होंगी और उसका पूरा प्रबंध भी आपको करना होगा लेकिन कलात्मक ढंग से। आपको विवाह के समय होने वाले सभी कार्यक्रमों की योजना बनानी होगी। साथ ही इसमें हो रहे खर्च का भी ध्यान रखना होगा। इसीलिए वेडिंग प्लानर को करियर का रूप देने के लिए सबसे पहले आपको अपने हुनर को और निखारना होगा। इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए अच्छी इंटरपर्सनल स्किल और सुव्यवस्थित ढंग से काम करना बहुत जरूरी है। शादियों में होने वाले कार्यक्रम और उनके अनुसार होने वाले काम की जानकारी होना जरूरी है। इसकी जानकरी आप पढ़ाई करके भी ले सकती हैं। लेकिन अगर आप खुद सीखना चाहती हैं तो शादियों में मदद कर, ब्राइडल शो देखकर, शादियों की पत्रिकाएं पढ़कर सीख सकती हैं। अपना एक पोट फोंलियो बनाएं ताकि आप लोगों को अपनी कला का सही ढंग से विवरण दे सकें।

अगर आप अपना बिजनेस खोलना चाहती हैं तो पहले आप किसी वेडिंग इंडस्ट्री में नौकरी करें। इससे आपके तजुर्बे के साथ-साथ संपर्क भी बनेंगे। वैसे भी वेडिंग प्लानर को प्लान करने होटल, चर्च, कंट्री क्लब, मंदिर, हॉल आदि जगहों पर बुलाया जाता है। आजकल वेडिंग प्लानर कई तरह की सर्विस और पैकेजिंग के ऑफर देते हैं जिनमें वे सक्षम हैं। उदाहरण के तौर पर कुछ दूल्हा और दुल्हन से ही बात करते हैं जो अपनी शादी खुद प्लान करते हैं, कुछ प्लानर 'डेस्टीनेशन वेडिंग' प्लान करते हैं किसी क्रूज पर आदि। इसलिए बिजनेस खोलने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आप किस प्रकार की सर्विस ऑफर करना चाहेंगी। इसके अलावा शादियों में जरूरी सेवाएं देने वालों से भी संपर्क बनाएं रखें जैसे गाड़ी, म्यूजिशियन, फोटोग्राफर, पार्टी सप्लाई कंपनी आदि। इससे आपको काम करवाने में आसानी रहेगी। अपने क्लाइंट बनाने के लिए बिजनेस कार्ड या ब्रोशर ब्राइडल शॉप, फ्लोरिस्ट, फोटोग्राफर आदि के पास भी रखें ताकि वे भी आपकी सर्विस के बारे में औरों को बता सकें। इसके अलावा अपनी सर्विस की मार्केटिंग करने के लिए विज्ञापन, नेटवर्किंग या इंटरनेट के जरिए भी कर सकती हैं। सफलता पाने के लिए नए तरीके अपनाने में भी रुचि रखें। वैसे अगर आपकी इच्छाशक्ति है तो आप अपने करियर में सफलता पा सकती हैं।

## फाइनेंस के सेक्टर में अच्छी संभावनाएं




सोनाली कुमारी

वित्तीय मामलों में ज्यादातर आंकड़ों का खेल होता है। इसलिए एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए जरूरी है कि आपको फाइनेंस की भाषा की अच्छी समझ हो। फाइनेंस के सेक्टर में हो रहे विकास के कारण आज इस क्षेत्र में करियर की काफी अच्छी संभावनाएं हैं।

**फाइनेंशियल एडवाइजर का काम** : अपने ग्राहकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उपयोगी सलाह देने का काम फाइनेंशियल एडवाइजर करते हैं। इनका काम अपने ग्राहकों को निवेश, बीमा, बचत योजनाओं, कर्ज आदि के बारे में सही सलाह देना होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा और कम से कम नुकसान हो।

**क्वालिफिकेशन** : फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए आप कैट एग्जाम के जरिए भारत के किसी भी अच्छे कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। वैसे, पहले केवल कॉमर्स के छात्र ही इस क्षेत्र में भविष्य बनाते थे, लेकिन इसके बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी (मैथ-बायो), बीए, बीबीए और बीई के छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप चाहें तो एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनेंस, मास्टर्स इन कमोडिटी एक्सचेंज आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं।

**नौकरी के अवसर** : फाइनेंशियल एडवाइजर किसी कंपनी में अकाउंटेंट, ऑडिटर, इकोनॉमिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन ऑफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यु एजेंट आदि के तौर पर काम कर सकते हैं। फाइनेंस में ग्रेजुएशन करने के बाद आप किसी वित्तीय अखबार, पत्रिका आदि में संवाददाता और वित्तीय विश्लेषक के रूप में काम कर सकते हैं। बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन, कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्युचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स को नियुक्त करती है। विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर्स की मांग काफी ज्यादा है। प्रोफेशनल चाहें, तो इंटरनेशनल फाइनेंसिंग कंपनी, लैंडिंग एंड बॉरोइंग, मल्टी करेंसी ट्रेडिंग आदि फाइनेंशियल कंपनियों में नौकरी की तलाश कर सकते हैं।

**सैलरी वॉच** : फाइनेंशियल एडवाइजर के तौर पर करियर की शुरुआत करने पर ज्यादातर कंपनियां सैलरी के साथ-साथ कमीशन भी देती है। वैसे, शुरुआती दौर में सैलरी 10 हजार से 40 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। अनुभवी प्रोफेशनल्स की सैलरी 1.5 से 2 लाख रुपये प्रति माह तक हो सकती है।

# अविष्कार के क्षेत्र में असीम संभावना

**विश्व** आविष्कार ऐसे हैं जो दुनियाभर में बेहद लोकप्रिय हैं, कुछ जिन्हें लोग खूब पसंद करते हैं, लेकिन उन्हें खोजने वाले आविष्कारक खुश नहीं हुए। उन्हें अपने आविष्कार पर पछतावा हुआ। दुनिया के ऐसे ही 15 लोकप्रिय आविष्कारों के बारे में हम आपको आगे की स्लाइड्स में बता रहे हैं।

**ऑफिस क्यूबिकल्स**

कार्यालयों में क्यूबिकल की व्यवस्था को 1964 में डिजाइन किया गया था। इसका डिजाइन तैयार करने वाले शख्स का नाम था रॉबर्ट प्रॉप्स्ट।

रॉबर्ट ने अपने डिजाइन को एक्शन ऑफिस नाम दिया था। कर्मचारियों को निजता देने और काम की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से इसे डिजाइन किया गया था।

लेकिन आज कार्यालयों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध क्यूबिकल्स की इस व्यवस्था की खोज करने के 33 साल बाद वर्ष 1997 में रॉबर्ट ने कहा था- बड़े और खुले कार्यालयों में क्यूबिकल सिस्टम रखना पागलपन है।डायनामाइट का आविष्कार स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल ने किया था। वो वैज्ञानिक जिनके नाम पर नोबेल पुरस्कार दिए जाते हैं।

इतिहासकार बताते हैं कि युद्ध में अपने इस आविष्कार के इस्तेमाल को देखकर नोबेल बेहद हतोत्साहित हो गए थे। उन्हें महसूस हो गया था कि उनका ये आविष्कार युद्ध को बढ़ावा देगा। उन्होंने अपने आविष्कार से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की शुरूआत की।

हालांकि प्रथम विश्वयुद्ध में डायनामाइट के कारण जो तबाही हुई थी, वह देखने से पहले ही अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु हो गई थी।

**एटम बम**

अमेरिका के मैनहटन प्रोजेक्ट की देन है एटम बम। इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व रॉबर्ट ओपनहाइमर ने की थी जिन्हें एटम बम का जनक भी कहते हैं।

पहले ओपनहाइमर अपनी इस सफलता पर काफी खुश थे। उन्होंने दुनिया का पहला परमाणु हथियार ढूंढा था। लेकिन बाद में उन्हें इसके लिए पछतावा हुआ।

इस हथियार पर प्रतिबंध लगाने के लिए उन्होंने सरकार से गुजारिश की। 1945 में तत्कालीन राष्ट्रपति हैरी एस ट्रूमैन से भी मिले। जिसके बाद ओपनहाइमर ने कहा था- 'मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मेरे हाथ खून से रंगे हैं'।

इस आविष्कार को प्रोत्साहन देने वाले वैज्ञानिक आइंस्टीन को भी अपने फैसले पर पछतावा हुआ था। उन्होंने इसे अपनी सबसे बड़ी गलतियों में से एक कहा था।

**शॉपिंग मॉल**

1950 के दशक में दुनिया में पहली बार शॉपिंग मॉल की अवधारणा विकसित करने का श्रेय विक्टर ग्रुएन के नाम है। उनका जन्म यूरोप में हुआ था। उन्हें अमेरिकन शॉपिंग मॉल का जनक भी कहते हैं।

ग्रुएन ने ऐसी जगह की कल्पना की जहां खरीदारी और संस्कृति एक छत के नीचे हो। लेकिन बाद में उन्हें महसूस हुआ कि अमेरिकी मॉल्स ने असल में शहरों को बर्बाद किया। अपनी इस खोज पर उन्हें बेहद पछतावा था।




## दो लाख युवाओं की गुहार रेलवे के तीन लाख खाली पद भरें जाए

युवा कबसे यह आस लगाए बैठे हैं कि रेलवे भर्तियां निकालेगा और हमें नौकरी मिलेगी मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। आखिरकार युवाओं ने भारतीय रेलवे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि आखिर क्यों नौकरियों का पद खाली रहते हुए भी रेलवे नियुक्तियों की मांग नहीं कर रहा है। आखिर हमें कितने साल और इंतजार करना पड़ेगा। पहले कोविड का बहाना था मगर अब ऐसी कौन सी बाधा है जो रेलवे भर्ती नहीं कर रहा है।

**करीब दो लाख से अधिक युवाओं ने किया ट्वीट-**

रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं ने ट्विटर पर रेलवे के खिलाफ अपनी भड़ास निकाली है। वे हैशटैग रेलवे न्यू भर्ती दो के साथ रेलवे के खिलाफ ट्विट कर रहे हैं। त्बेरोजगार युवा चाहते हैं कि लंबे से समय अटकी पड़ी रेलवे भर्ती प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इससे पहले दिसंबर 2022 में भी युवाओं ने इसी तरह का कैंपेन चलाकर नौकरी की मांग की थी पर प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगा।

**साल 2019 में आखिरी वैकेंसी-**

युवाओं का कहना है कि आप हमेशा 2018 की पुरानी वैकेंसी के बारे में ही क्यों बताते हैं? नई वैकेंसी के बारे में बताएं? असल में रेलवे में इससे पहले 2018 और 2019 में भर्ती की गई थी। इसके बाद करीब 4 सालों से रेलवे ने कोई भर्ती नहीं की है। जबकि रेलवे में करीब 3 लाख से अधिक पद खाली हैं। युवाओं ने पूछा है कि क्या इसके पीछे का कारण प्राइवेटाइजेशन है? असल में रेलवे ने आखरी बार 2019 में आरआरबी एनटीपीसी के 35,277 पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। युवाओं का कहना है कि इसके बाद रलवे कोई आवेदन नहीं मांगे हैं।

रेलवे फॉर जॉब के साथ युवाओं ने की ये मांग

रेलवे की सारी पुरानी भर्ती क्लीयर करो

रलवे में नई भर्ती दोरेलने का कंप्लीट एग्जाम कैलेंडर जारी करो,आरआरबी की वेटिंग लिस्ट जारी करो,कोरोना के कारण आयुसीमा में 3 साल की छूट

**एके-47 राइफल्स**

मिखाइल कलाश्निकोव ने इस ऑटोमेटिक असॉल्ट राइफल का आविष्कार 1947 में किया था। उनके और आविष्कार के साल के नाम पर इस बंदूक का नाम ऑटोमैट कैलाश्निकोव 1947 (एके-47) रखा गया।

इसका आविष्कार रूसी सेना के लिए किया गया था, जिन्होंने 1949 में इस हथियार का इस्तेमाल शुरू किया। लेकिन बाद में अन्य देशों द्वारा भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज लगभग हर देश में एके-47 मौजूद है।

अपने इस आविष्कार के कारण कैलाश्निकोव रूस के हीरो बन गए थे। पूरी जिंदगी अपने आविष्कार का पक्ष भी लेते रहे और हिंसा के लिए राजनेताओं को जिम्मेदार ठहराते रहे। लेकिन अपनी 2013 में मृत्यु के एक साल पहले उन्होंने रूस के ऑर्थोडॉक्स चर्च को एक चिट्ठी लिखी जिसमें इस हथियार को बनाने के बाद का दर्द बयां किया। लिखा कि इसके कारण होने वाली हत्याओं के लिए वह खुद को जिम्मेदार मानते हैं और यह उनके लिए असहनीय है।

**पेपर स्प्रे**

1980 के दशक में एफबीआई द्वारा इस्तेमाल किए जाने के लिए वैज्ञानिकों ने पेपर स्प्रे की खोज की थी। कामरान लॉमैन इसे बनाने वालों में से एक थे। उन्होंने कहा था कि - आंदोलनों में प्रदर्शनकताओं पर इस स्प्रे का इस्तेमाल होता देख मैं चौंक गया। मुझे लगा कि ये मेरा कर्तव्य है कि मैं लोगों को समझाऊं कि इस काम के लिए पेपर स्प्रे का निर्माण नहीं किया गया था।

**वर्ल्ड वाइड वेब**

इंटरनेट के जनक कहे जाने वाले प्रोपेसर टिम बर्नर्स ली ने 1989 में वर्ल्ड वाइड वेब की खोज की थी। ये वो आविष्कार है जिसने दुनिया के काम करने के तरीके को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। जो कई नए आविष्कारों का आधार बना।

लेकिन ली अब इसके जरिए होने वाली गैरकानूनी हैकिंग, फर्जी खबरों और अन्य विध्वंसक गतिविधियों से परेशान हैं। 2018 में ली ने एक इंटरव्यू में कहा था- मेरे आविष्कार के कारण होने वाली विध्वंसक गतिविधियों को देखकर मैं बेहद निराश हूं।

## कृषि विज्ञान में बना सकते हैं अपना करियर

भारत विश्व के प्रमुख कृषि प्रधान देशों में से एक है और इसकी संपत्ति के सबसे बड़े स्त्रोतों में से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है- भूमि की पैदावार। देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका योगदान सकल घरेलू उत्पाद का 29.4 प्रतिशत है। इससे करीब 64 प्रतिशत सेवा क्षेत्र जुड़ा है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में वर्ष दर वर्ष कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। कृषि विज्ञान आधारित उच्च प्रौद्योगिकीय क्षेत्र है तथा इसमें रोजगार संभावनाएं हैं। पशु और पादप शोधकर्ता, खाद्य वैज्ञानिक, वस्तु ब्रोकर, पोषणविद, कृषि पत्रकार, बैंकर्स, बाजार विश्लेषक, बिक्री व्यावसायिक, खाद्य संसाधक, वन प्रबंधक, वन्यजीव विशेषज्ञ आदि के रूप में कृषि क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है। कृषि अनुसंधान और शिक्षा कृषि विश्वविद्यालयों, संस्थानों तथा कृषि शिक्षा और पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालयों द्वारा संचालित की जाती है। कृषि विज्ञान के प्राकृतिक, आर्थिक और सामाजिक विज्ञान भाग हैं, जिन्हें कृषि के व्यवहार तथा इसे समझने के लिए प्रयोग किया जाता है। इस क्षेत्र में उत्पादन तकनीकें जैसे सिंचाई प्रबंधन, अनुशंसित नाइट्रोजन इनपुट्स गुणवत्ता और मात्रा की दृष्टि से कृषि उत्पादन में सुधार, प्राथमिक उत्पादों का अंतिम- उपभोक्ता उत्पादों में परिवर्तन, विपरीत पर्यावरणीय प्रभावों की रोकथाम तथा सुधार जैसे मिट्टी निम्नीकरण, कचरा प्रबंधन, जैव-पुनः उपचार सैद्धांतिक उत्पादन पारिस्थितिकी, फसल उत्पादन मॉडलिंग से संबंधित परंपरागत कृषि



प्रणालियां, कई बार इसे जीविका कृषि भी कहा जाता है, जो विश्व के सर्वाधिक गरीब लोगों का भरण-पोषण करती है। ये परंपरागत पद्धतियां काफी रुचिकर हैं क्योंकि कई बार ये औद्योगिक कृषि के बजाय ज्यादा प्राकृतिक पारिस्थितिकी व्यवस्था के साथ समाकलन का स्तर कायम रखती हैं जो कि कुछ आधुनिक कृषि प्रणालियों की अपेक्षा ज्यादा दीर्घकालिक होती हैं।

# 15 अक्टूबर को भारत से भिड़ेगा पाकिस्तान, बीसीसीआइ ने आइसीसी को भेजा शेड्यूल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी भारत के पास है और अक्टूबर-नवबंर में टूनामेंट का आयोजन होने वाला है। बीसीसीआई ने इस वनडे वर्ल्ड कप के लिए शेड्यूल ड्राफ्ट कर दिया है। इसके मुताबिक 5 अक्टूबर को टूनामेंट का पहला मैच खेला जाएगा। 2019 की फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट का ओपनर होगा। भारतीय टीम अपना पहला मैच इसके तीन दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में देखेगी। ये सब दावे ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट में किए गए हैं।

**15 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत**

भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड कप का मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। इस दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। यहां एक लाख से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था है। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला क्रिकेट के सबसे बड़े मुकाबलों में गिना जाता है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 में जब दोनों टीमें टकराई थीं तो पूरा मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड भरा हुआ था। वहां भी करीब एक लाख लोगों की क्षमता है। भारत 9 मैदानों पर अपने ग्रुप मुकाबले खेलेगा। 11 नवंबर को टीम इंडिया अपना आखिरी ग्रुप मैच बेंगलुरु खेलेगी।

**बीसीसीआई ने आईसीसी को भेजा शेड्यूल:** बीसीसीआई ने ड्राफ्ट शेड्यूल को आईसीसी के साथ शेयर किया। इसे टूनामेंट में हिस्सा लेने वाले देशों के पास फीडबैक के लिए भी भेजा जाएगा। फिर अगले सप्ताह की शुरूआत में अंतिम शेड्यूल जारी होगा। ड्राफ्ट शेड्यूल में सेमीफाइनल के लिए मैदानों की जानकारी नहीं है। जो 15 और 16 नवंबर को खेले जाने की संभावना है। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में होगा। टूनामेंट का पहला मैच भी अहमदाबाद में ही खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का मुकाबला 29 अक्तूबर को धर्मशाला में होगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मैच चार नवंबर को अहमदाबाद में होगा। न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका मैच एक नवंबर को पुणे में होगा।

अंतिम दो स्थान के लिए जिम्बाब्वे में जून-जुलाई में एक क्वालिफाइंग टूनामेंट का आयोजन होगा। इसमें दो पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज और श्रीलंका के अलावा नीदरलैंड, आयरलैंड, नेपाल, ओमान, स्कॉटलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और मेजबान जिम्बाब्वे को हिस्सा लेना है।

## 10 टीमों के बीच 48 मैच होंगे

मुंबई के वानखेड़े को सेमीफाइनल मिलने की संभावना है। सभी टीमें नौ-नौ लीग मैच खेलेंगी। इससे ज्यादातर मैदानों को भारत का कम से कम एक मैच मिलेगा। विश्व कप में कुल मिलाकर 10 टीमों के बीच 48 मैच होंगे। मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका ने अपना स्थान पक्का कर लिया है।

**भारत का संभावित शेड्यूल**

- भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, 8 अक्तूबर, चेन्नई
- भारत बनाम अफगानिस्तान, 11 अक्तूबर, दिल्ली
- भारत बनाम पाक, 15 अक्तूबर, अहमदाबाद
- भारत बनाम बांग्लादेश, 19 अक्तूबर, पुणे
- भारत बनाम न्यूजीलैंड, 22 अक्तूबर, धर्मशाला
- भारत बनाम इंग्लैंड, 29 अक्तूबर, लखनऊ
- भारत बनाम क्वालीफायर, 2 अक्तूबर, मुंबई
- भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, 5 अक्तूबर, कोलकाता
- भारत बनाम क्वालीफायर, 11 अक्तूबर, बेंगलुरु

**पाकिस्तान का संभावित शेड्यूल**

- पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर, 6 अक्तूबर, हैदराबाद
- पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर, 12 अक्तूबर, हैदराबाद
- पाकिस्तान बनाम भारत, 15 अक्तूबर, हैदराबाद
- पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, 20 अक्तूबर, बेंगलुरु
- पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान, 23 अक्तूबर, चेन्नई
- पाकिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, 27 अक्तूबर, चेन्नई

# अंपायर के फैसलों पर कमेंट करने के लिए शुभमन गिल को मिली सजा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत की दूसरी पारी के दौरान कैमरून ग्रीन ने शुभमन गिल का कैच पकड़ा था जिसको लेकर सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ था, वहीं, गिल ने सोशल मीडिया पर कैच को लेकर अपनी प्रतिक्रिया भी जाहिर की थी। ऐसे में आ आईसीसी ने युवा भारतीय ओपनर पर एक्शन लेते हुए सजा दी है। आईसीसी ने गिल पर 15 परसेंट मैच फीस का जुमार्ना ठोका है। दरअसल, आईसीसी ने उन्हें आर्टिकल 2.7 तोड़ने का दोषी पाया है। जिसके तहत आईसीसी ने उन्हें सजा सुनाई है।

# वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए यूएइ ने किया टीम का ऐलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** यूएई के सेलेक्शन पैनल ने जिम्बाब्वे में 18 जून से शुरू होने वाले 2023 आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफायर मैच 10 टीमों के बीच खेले जाएंगे। ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, नेपाल और यूएसए की टीम को रखा गया है। जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, ओमान और यूएई की टीमें हैं।

**यूएई टीम ने किया स्क्वॉड का ऐलान**

18 जून से जिम्बाब्वे में होने वाले वर्ल्ड कप क्वालीफायर में 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें से टॉप दो टीम अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। इस टूनामेंट में यूएई की कप्तानी मोहम्मद वसीम के हाथों में होगी। यूएई की टीम ने पिछले कुछ समय में जिस तरह का क्रिकेट दिखाया है, उससे वह वास्तव में उलटफेर कर सकते हैं और अक्टूबर-नवंबर में होने वाले भारत में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

**8 टीमों ने मेन इवेंट के लिए किया क्वालीफाई**

मेजबान भारत को वर्ल्ड कप में सीधे एंट्री मिली है। वहीं, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, बांग्लादेश, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीक की टीमों ने भी वर्ल्ड कप 2023 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अभी दो टीमों को क्वालीफाई करना बाकी है।



**वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए यूएई की टीम**

मोहम्मद वसीम (कप्तान), एथन डिसूजा, अली नसीर, वृत्य अरविंद, रमीज शहजाद, जवादुल्लाह, आसिफ खान, रोहन मुस्तफा, अयान खान, जुनैद सिद्दीकी, जहूर खान, संचित शर्मा, आर्यांश शर्मा, कार्तिक मयप्पन, बासिल हमीद।

# पश्चिम बंगाल की टीम ने जीता खिताब

## कोलाडाबर क्लब को दी मात

एजेंसी




**गोड्डा।** जिला में आयोजित इंटरस्टेट फूलो झानो आदिवासी क्रिकेट प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की टीम विजेता बनी। झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। गोड्डा कॉलेज मैदान में तीन दिवसीय अंतरराज्यीय फूलो झानो आदिवासी क्रिकेट टूनार्मेंट सोमवार को संपन्न हुआ.इसे भी पढ़ें- श्ीङ्गः ग्रीष्मकालीन खेल कैंप के समापन पर गोड्डा के खिलाड़ियों ने जमकर किया डांस।

इस आदिवासी क्रिकेट टूनार्मेंट में अलग अलग राज्य के कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें पश्चिम बंगाल के मैत्री क्लब ने फाइनल में पश्चिम बंगाल के ही कोलाडाबर क्लब को 15 रनों से हराया। 10 ओवर के मैच में मैत्री की टीम ने पहले खेलते हुए 101 रन बनाए। वहीं रोमांचक मुकाबले में पीछा करते हुए कोलाडाबर की टीम 15 रनों से पिछड़ गई। विधायक प्रदीप यादव में गोड्डा कॉलेज ग्राउंड में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया.इस टूनार्मेंट में पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार की टीमें हिस्सा ले रही थीं, जिसमें सारे खिलाड़ी आदिवासी थे। नारी सशक्तिकरण का उदाहरण पेश करते हुए फूलो झानो के नाम पर यह पहला क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन हुआ, जो टेनिस बॉल से खेला गया। प्रदीप यादव ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खिलाड़ियों के सुनहरे भविष्य की कामना की। ये टूनार्मेंट गंगटा के एसटी ब्रदर क्लब द्वारा आयोजित किया गया। वीरेंद्र सोरेन हुए मैन ऑफ सीरीज घोषित किए गये। विजेता टीम को 80 हजार और उप विजेता को 50 हजार की राशि का चेक प्रदान किया गया। इस मैच के दौरान संथाली और हिंदी भाषा में बहुत ही आकर्षक क्रिकेट कमेंट्री लोगों के द्वारा की गई।

## आइओए की डब्ल्यूएफआइ का चुनाव चार जुलाई को कराने की योजना

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफए) के चुनाव चार जुलाई को कराने की योजना बनाई है और इसके लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। डब्ल्यूएफआई की विशेष आम बैठक (एसजीएम) में चुनाव कराए जाएंगे।

## निष्ठा 38वें स्थान के साथ एपसन टूर पर शीर्ष भारतीय

**बैटल क्रीक।** निष्ठा मदान, प्रणवी उर्स और निकिता अर्जुन की भारतीय तिकड़ी ने अमेरिका में एलपीजीए के एपसन टूर की फायरकीपर्स कैसिनो होटल गोल्फ चैंपियनशिप के अंतिम दौर में निराशाजनक प्रदर्शन किया। अमेरिका में रहने वाली निष्ठा अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त 38वें स्थान पर रहीं।

## बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा यूपी: सहगल

**लखनऊ।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 उत्तर प्रदेश के सफल आयोजन से उत्साहित सूबे के अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण डा.नवनीत सहगल ने सोमवार को कहा कि राज्य में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के इरादे से आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर की कई बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

डा सहगल और प्रदेश के खेल निदेशक डा आरपी सिंह को यहां केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के सफल आयोजन के लिये खेल योद्धा के सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डा.सहगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में कई बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार खिलाड़ियों को हर वो सुविधा देगी जिससे वो आगे बढ़कर प्रदेश व देश का नाम रौशन करें। उन्होंने बेहद कम समय में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की शानदार मेजबानी के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

# वेस्टइंडीज दौरे पर जायेगी टीम इंडिया, तीनों फॉर्मेट में होगी कड़ी टक्कर

एजेंसी

**रांची।** भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज का दौरा करेगी। वेस्टइंडीज के इस दौरे पर भारत और कैरेबियाई टीम के बीच क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में कड़ी टक्कर होगी।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार ने करोड़ों भारतीय फैंस का दिल तोड़ दिया। वहीं अब भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज का दौरा करेगी। वेस्टइंडीज के इस दौरे पर भारत और कैरेबियाई टीम के बीच क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (वनडे, टेस्ट और टी20) में टक्कर होगी। टीम इंडिया के इस दौरे से पहले आज हम आपको इस सीरीज के पूरे शेड्यूल के बारे में बताएंगे।




**भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीनों फॉर्मेट में होगी जंग**

भारत के इस वेस्टइंडीज टूर पर क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में मुकाबला खेला जाएगा। इस सीरीज की शुरूआत टेस्ट सीरीज से होगी। दोनों टीमों के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। जिसकी शुरूआत 12 जुलाई से होगी और यह 24 जुलाई तक चलेगी।

टेस्ट के बाद दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज होगी। इसकी शुरूआत 27 जुलाई से होगी और इसका आखिरी मुकाबला 1 अगस्त को खेला जाएगा।

वेस्टइंडीज दौरे का अंत टी20 सीरीज से होगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसकी शुरूआत 4 अगस्त से होगी और इसका आखिरी मुकाबला 13 अगस्त को खेला जाएगा।

## भारत और वेस्टइंडजी टेस्ट सीरीज शेड्यूल

पहला मैच- 12 जुलाई से 16 जुलाई, विंडसर पार्क, डोमिनिका में।
दूसरा मैच- 20 जुलाई से 24 जुलाई, सोमवार क्वींस पार्क ओवल, पोर्ट ऑफ स्पेन

## वनडे मैच का पूरा शेड्यूल

पहला मैच- 27 जुलाई, केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में।
दूसरा मैच- 29 जुलाई, केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में।
तीसरा मैच- 1 अगस्त, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद में।

## टी20 मैच का पूरा शेड्यूल

पहला मैच- 4 अगस्त, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद में।
दूसरा मैच- 6 अगस्त, को- प्रोविडेंस स्टेडियम, गुयाना में।
तीसरा मैच- 8 अगस्त, को- प्रोविडेंस स्टेडियम, गुयाना में।
चौथा मैच- 12 अगस्त, को- सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड फ्लोरिडा में.
पांचवां मैच- 13 अगस्त,सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड, फ्लोरिडा में।

## पेज 1 का शेष

### चक्रवात 'बिपरजॉय' को लेकर...

बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य, पेयजल आदि जैसी सभी आवश्यक सेवाओं का रखरखाव सुनिश्चित किया जाये और उन्हें हुई क्षति की घटना तुरंत बहाल किया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नियंत्रण कक्षों के 247 कार्य करने का भी निर्देश दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि चक्रवात 'बिपारजॉय' के 15 जून की दोपहर तक मांडवी (गुजरात) और कराची (पाकिस्तान) के बीच जखाऊ पोर्ट (गुजरात) के पास सौराष्ट्र और कच्छ को एक बहुत ही गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पार करने की उम्मीद है। 125-135 किमी प्रति घंटे की अधिकतम निरंतर हवा की गति के साथ 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार। पीएम को यह भी बताया गया कि गृह मंत्रालय (एमएचए) 247 स्थिति की समीक्षा कर रहा है और राज्य सरकार और संबंधित केंद्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। एनडीआरएफ ने 12 टीमों को पहले से ही तैनात कर दिया है, जो नावों, पेड़ काटने वालों, दूरसंचार उपकरणों आदि से लैस हैं और 15 टीमों को स्टैंडबाय पर रखा है। भारतीय तट रक्षक और नौसेना ने राहत, खोज और बचाव कार्यों के लिए जहाजों और हेलीकाप्टरों को तैनात किया है। सेना की वायु सेना और इंजीनियर टास्क फोर्स इकाइयां, नावों और बचाव उपकरणों के साथ, तैनाती के लिए स्टैंडबाय पर हैं। आपदा राहत दल (डीआरटीएस) और सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के चिकित्सा दल (एमटीएस) स्टैंडबाय पर हैं।

### सिर्फ डिग्री बांटने से...

उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रयास करने की दिशा में भी ध्यान देने को कहा। इसलिए विश्वविद्यालय एक नये मिशन के साथ कार्य करें। उन्होंने राजभवन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, कुलसचिवों के साथ आयोजित विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक के दौरान कही। बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी, राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुस्वामी समेत विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति और कुलसचिव उपस्थित थे। **विवि में जीरो भ्रष्टाचार, जीरो ड्रग्स, जीरो रिकोमेंडशन होना चाहिए :** राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में जीरो भ्रष्टाचार, जीरो ड्रग्स एवं जीरो रिकोमेंडेशन होना चाहिए। उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट होना चाहिए। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन व सुधार करने वाले विश्वविद्यालयों को पुरस्कृत करने की भी बात कही। शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। सभी विश्वविद्यालयों को बेहतर मानक को अपनाना चाहिए। विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान तथा उनके प्लेसमेंट पर ध्यान दिया जाये। **सफल उद्योपतियों व हस्तियों को आमंत्रित करते रहें :** राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को खेलकूद समेत विभिन्न गतिविधियों के अवसर पर डीसी-एसपी को आमंत्रित करना चाहिए। उन्हें जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। साथ ही विश्वविद्यालय ऐसे सफल उद्योगपतियों व प्रख्यात हस्तियों को आमंत्रित करें, जिससे विद्यार्थियों में प्रेरणा का संचार हो और उनसे हमारे विद्यार्थियों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि हमें विश्वविद्यालय को ऊपर उठाने का प्रयास करना चाहिए। आप सफलता हासिल करते हैं, तो ही विद्यार्थी सफलता हासिल करते हैं। **आईटी विवि में कम कैंपस पर नाराजगी जाहिर की :** राज्यपाल ने समीक्षा के दौरान झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बहुत कम कैंपस सेलेक्शन पर नाराजगी प्रकट की। चिकित्सा महाविद्यालयों के संदर्भ में चर्चा करते हुए आधारभूत संरचना विकसित करने व अन्य आवश्यकताओं की दिशा में ध्यान देने की बात कही, ताकि सीटों की संख्या में वृद्धि हो सके। बैठक में विश्वविद्यालय में काउंसिलिंग सेंटर स्थापना की जाये, ताकि शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी परेशानियों से अवगत करा सकें। **शोध के लिए आधारभूत संचरना विकसित करें :** राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो. ई बालागुरुस्वामी ने विश्वविद्यालयों में शोध पर जोर दिया। इसके लिए आधारभूत संरचना विकसित करने की बात कही। कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में विश्वविद्यालय की अहम भूमिका है। विश्वविद्यालयों में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि लाना होगा। विश्वविद्यालय रोजगार सुलभ कराने की कोशिश करें।

### 75.39 करोड़ की संपत्ति...

मालूम हो कि बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में कोलकाता के व्यवसाई अमित अग्रवाल और जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को इडी ने गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी कोलकाता से सात जून को हुई थी। 9 जून को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय कोर्ट ने ईडी को इन दोनों से पूछताछ के लिए 72 घंटे के रिमांड की अनुमति दी थी। मिल रही जानकारी के मुताबिक प्रदीप बागची ने सेना की उक्त जमीन जिसे दिलीप घोष को बेची थी। उस कंपनी का अघोषित मालिक अमित अग्रवाल है। इसी आधार पर ईडी ने अमित अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया है। **छवि रंजन समेत दस के खिलाफ पीसी दायर :** सेना के कब्जे वाली जमीन समेत अन्य भूखंडों की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम से जुड़े निलंबित आइएएस छवि रंजन, अफसर अली, अमित अग्रवाल समेत 10 के खिलाफ इडी की विशेष कोर्ट में सोमवार को प्रॉजिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दाखिल कर दिया गया है। मालूम हो कि लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल और दिलीप घोष से पहले इडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। लैंड स्कैम में पहली बार पिछले वर्ष 2022 में छापेमारी हुई थी।

### झारखंड हाईकोर्ट के नये...

चीफ जस्टिस व अन्य जजों ने हाईकोर्ट के जिन वरीय अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया उनमें अधिवक्ता राजीव शर्मा, अनिल कुमार, वीपी सिंह, अनिल कुमार सिन्हा, एके कश्यप, जय प्रकाश झा, बीएम त्रिपाठी, अजीत कुमार, आरसीपी सिन्हा व अन्य शामिल थे। सम्मान समारोह में करीब 4 वरीय अधिवक्ता नहीं पहुंच पाये। चीफ जस्टिस ने न्याय के क्षेत्र में वरीय अधिवक्ताओं के त्याग व तपस्या की सराहना की। हाईकोर्ट में वर्तमान में वरीय अधिवक्ताओं की संख्या करीब 25 है। 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नये कोर्ट भवन का उदघाटन कर इसे देश को जनता को समर्पित किया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में कोर्ट हाईकोर्ट के डोरंडा स्थित पुराने भवन में ही चल रही थी। **प्लास्टिक मुक्त होगा नया परिसर :** चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट का नया परिसर प्लास्टिक मुक्त होगा। हाईकोर्ट परिसर में किसी भी तरीके के प्लास्टिक के प्रयोग रोक रहेगी। प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल किया जायेगा। परिसर में प्रवेश के लिए बायोमीट्रिक कार्ड बनेगा। जजों, वकीलों और सभी कर्मचारियों के लिए यह जरूरी होगा। परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिस जब भी कार्ड मांगे तो बिना किसी हिचक के उसे दिखाना होगा। कोर्ट में काम से आने वालों का भी पास बनाया जायेगा। ऑनलाइन पास बनाने की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है। जल्द ही इस पर निर्णय ले लिया जायेगा।

### आज सरकारी विभागों में...

रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की पीएम की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। यह विभिन्न सरकारी विभागों में नये नियुक्त होने वालों के लिये कामकाज से परिचित होने का ऑनलाइन पाठ्यक्रम है। इस पोर्टल पर 400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

# जनजातीय समुदाय प्रकृति के साथ सामंजस्य का अनुकरणीय उदाहरण : ओम बिरला

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सदस्यों को संबोधित किया। इस अवसर पर जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरुता भी उपस्थित थीं।

संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बिरला ने देश के सबसे वंचित समूह के सदस्यों को संसद भवन में आमंत्रित करने की अनूठी पहल की सराहना की। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा और अन्य आदिवासी नेताओं द्वारा दिये गये योगदान का उल्लेख किया।



बिरला ने आधुनिक भारत के इतिहास में केंद्रीय कक्ष के महत्व की बात करते हुए कहा कि केंद्रीय कक्ष उन सभी लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है, जो संविधान से सभी देशवासियों को प्राप्त हुए हैं । बिरला ने कहा कि केंद्रीय कक्ष भारत की आजादी का गवाह था और यहीं पर संविधान निर्माताओं ने सभी भारतीयों को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी दी थी। पिछड़ेपन को दूर करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इसे संविधान में शामिल किया। इस संदर्भ में बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि सभी वर्गों को समान अधिकार और स्वतंत्रता के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक समानता प्रदान की जानी चाहिए। बिरला ने भेदभाव का सामना करने वाले आदिवासी लोगों को विशेष सुरक्षा प्रदान करने के लिए संविधान सभा की सराहना की।

प्रकृति, परंपरा और संस्कृति के ज्ञान की जनजातीय विरासत के संदर्भ में बिरला ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि प्राचीन काल से ही वनवासियों ने प्रकृति के साथ तालमेल से रहने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों और विशेष रूप से पीवीटीजी की जीवन शैली हमेशा प्रकृति के अनुरूप रही है और आधुनिक दुनिया को उनसे बहुत कुछ सीखना है। बिरला ने प्रधानमंत्री पीवीटीजी मिशन की सराहना की, जिसके अंतर्गत इस समूह के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अगले तीन वर्षों में 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किये जाएंगे। उन्होंने वनोपज के साथ-साथ आदिवासी लोगों की कला और शिल्प की भी बात की, जिसके अनूठेपन के कारण इनकी मांग पूरी दुनिया में बढ़ी है। बिरला ने यह भी कहा कि इससे इन परंपराओं को जीवित रखा जा सकेगा और साथ ही ऐसे समूहों के बारे में जानकारी का प्रसार करने में मदद मिलेगी। बिरला ने कहा कि इसके माध्यम से पीवीटीजी अपने पारंपरिक मूल्यों और शिल्प को भी संरक्षित कर सकते हैं।

बिरला ने आशा व्यक्त की कि पिछली कई सदियों की समझदारी के साथ पीवीटीजी किसी भी चुनौती का सामना करने और सभी लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि भारत में शीघ्र ही न केवल जीवन के सभी क्षेत्रों में, बल्कि संसद में भी इस समूह के लोगों का अधिक प्रतिनिधित्व होगा।

## स्पीड न्यूज

### बंगाल में पद्मश्री से सम्मानित चिकित्सक को धमकी

**कोलकाता।** सुंदरबन के गरीब मरीजों के इलाज की वजह से पद्मश्री से सम्मानित राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त डॉक्टर अरुणोदय मंडल को धमकी दी गयी। उन्होंने सोमवार को हिंदुस्थान समाचार से कहा, मुझे नहीं पता कि आने वाले दिनों में मैं आराम से काम कर पाऊंगा या नहीं। अरुणोदय लगभग तीन दशक से दक्षिण 24 परगना के दूरदराज के इलाकों में मरीजों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने मामले की रिपोर्ट पुलिस स्टेशन में नहीं की। समय नहीं था। बताने से कोई फायदा नहीं है। सात साल पहले साहेबखाली के एक क्षेत्रीय प्रमुख ने मुझे धमकी दी थी कि मैं उनकी अनुमति से मरीजों को देखूंगा।

### बच्चों ने किया हिमाचल विधानसभा सत्र का संचालन

**शिमला।** बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर सोमवार को हिमाचल विधानसभा सत्र का संचालन 68 बच्चों ने किया। विधानसभा का नजारा कुछ और ही था, जब अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और मंत्रियों के रूप में 68 बच्चों ने विधानसभा सत्र का संचालन किया और सत्र के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों को उठाया और विभिन्न विषयों पर सवालों के जवाब दिये। लोकतंत्र के मंदिर में बच्चों की काबलियत देख मुख्यमंत्री समेत दिग्गज सियासतदान गदगद हो गये।

### दिल्ली में बाइक टैक्सी पर रोक बरकरार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में बाइक-टैक्सी पर रोक जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाइकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए यह फैसला दिया। रैपिडो, उबर जैसी कंपनियों की बाइक टैक्सी सर्विस को बिना लाइसेंस नहीं चलाये जाने का फैसला सरकार ने दिया था। इसके बाद इन कंपनियों ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### इटली के पूर्व पीएम बर्लुस्कोनी का निधन

**रोम।** तीन बार इटली के प्रधानमंत्री रहे सिलवियो बर्लुस्कोनी का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। पूर्व प्रधानमंत्री बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। बीते छह हफ्तों से मिलान के एक अस्पताल में बर्लुस्कोनी का इलाज चल रहा था।

नेपाल में 4.4 तीव्रता का भूकंप

काठमांडू। नेपाल में सोमवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप मापन केंद्र के अनुसार भूकंप पश्चिमी नेपाल के बाजुरा जिले में स्थानीय समयानुसार सुबह 7 बजकर 38 मिनट पर आया। किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। गश्त पर निकली डीआरजी और बीएसएफ की 132 बटालियन संयुक्त पार्टी ने एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने मौके से एक राइफल भी जब्त की है।

# खुदरा महंगाई दर घटकर दो साल के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर

## सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किया आंकड़ा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) पर आधारित खुदरा महंगाई दर में फिर गिरावट आयी है। मई में खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर घटकर 25 महीने के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर आ गयी है, जो अप्रैल में 4.7 फीसदी पर रही थी। पिछले साल मई 2022 में खुदरा महंगाई दर 7.04 फीसदी रही थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट के कारण महंगाई में गिरावट आयी है। आंकड़ों के मुताबिक मई में सीपीआइ पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर 4.25 फीसदी रही है। ये लगातार चौथा महीना है, जब खुदरा महंगाई दर में गिरावट आयी है।



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर मई में घटकर 2.9 फीसदी रही, जो अप्रैल में 3.84 फीसदी रही थी।

खाद्य उत्पादों की सीपीआइ इंडेक्स में हिस्सेदारी करीब आधी होती है। इसके साथ ही, ईंधन एवं ऊर्जा क्षेत्र की महंगाई भी घटकर 4.64 फीसदी पर आ गयी है, जबकि अप्रैल में यह 5.52 फीसदी रही थी। इस दौरान ग्रामीण महंगाई भी 4.68 फीसदी से घटकर 4.17 फीसदी हो गयी है। शहरी क्षेत्रों में महंगाई दर मई महीने में घटकर 4.27 फीसदी हो गयी, जो अप्रैल महीने के 4.85 फीसदी रही थी। गौरतलब है कि यह लगातार तीसरा महीना है, जब खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) के संतोषजनक स्तर पर है।

### देश का औद्योगिक उत्पादन अप्रैल में 4.2 फीसदी की दर से बढ़ा

**नयी दिल्ली।** देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) इस साल अप्रैल महीने में 4.2 फीसदी की दर से बढ़ा है। एक साल पहले अप्रैल 2022 की समान अवधि में आइआइपी 6.7 फीसदी बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि अप्रैल में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.2 फीसदी की दर से बढ़ा है। पिछले महीने मार्च में आइआइपी 1.1 फीसदी की दर से बढ़ा था। हालांकि, मार्च का आंकड़ा संसोधित होकर अब 1.7 फीसदी हो गया है। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल महीने में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 4.9 फीसदी रहा है। खनन क्षेत्र का उत्पादन 5.1 फीसदी बढ़ा है।

# केंद्र ने झारखंड को जारी की 3912 करोड़ की कर हस्तांतरण किस्त

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों को 59,140 करोड़ रुपये के सामान्य मासिक हस्तांतरण की तुलना में कर हस्तांतरण की तीसरी किस्त के तौर पर 1,18,280 करोड़ रुपये जारी किये हैं। झारखंड को 3912 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों को जून में देय नियमित किस्त 59,140 करोड़ रुपये के अलावा एक और अग्रिम किस्त के तौर पर कुल 1,18,280 करोड़ रुपये जारी किये हैं। राज्यों को यह राशि उनके पूंजीगत व्यय में तेजी लाने, विकास एवं कल्याण से संबंधित व्यय का वित्त पोषण तथा प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को लेकर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए जारी किया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से राज्य सरकारों को जारी कुल राशि (करोड़ रुपये में) में आंध्र प्रदेश को 4787, अरुणाचल प्रदेश को 2078, असम को 3700, बिहार को 11897, छत्तीसगढ़ को 4030, गोवा को 457, गुजरात को 4114, हरियाणा को 1293, हिमाचल प्रदेश को 982, झारखंड को 3912, कर्नाटक को 4314, केरल को 2277, मध्य प्रदेश को 9285, महाराष्ट्र को 7472 है। इसके अलावा, अन्य राज्यों को भी राशि जारी की गयी है।

# 'बिपरजॉय' चक्रवात से जुड़ी तैयारियों की हुई समीक्षा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) ने सोमवार को बैठक की। उन्होंने अरब सागर में आसन्न चक्रवात 'बिपरजॉय' से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए गुजरात सरकार और केंद्रीय मंत्रालयों व एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा की।

तैयारियों की समीक्षा करते हुए कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने जोर देकर कहा कि गुजरात सरकार और संबंधित केंद्रीय एजेंसियों के संबंधित अधिकारियों द्वारा निवारक और एहतियाती उपाय किये जाने चाहिए। उद्देश्य लोगों के जीवन को बचाना है। बुनियादी ढांचे को भी कम से कम नुकसान होने देना होना चाहिए। इधर, 'बिपरजॉय' अगले 12 घंटे में प्रचंड रूप धारण कर लेगा। ऐसे में ये 12 घंटे महाराष्ट्र के लिए अहम होंगे। मौसम विभाग के डॉ आनंद कुमार दास ने सोमवार को बताया कि चक्रवात 'बिपरजॉय' फिलहाल मध्य अरब सागर के साथ-साथ समुद्र के निकटवर्ती उत्तर-पूर्वी हिस्से में सक्रिय है और जल्द ही तीव्र हो जायेगा। 15 जून को सौराष्ट्र, कच्छ और पाकिस्तान के तट से टकराने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में गरज के साथ बारिश होने की भी संभावना जतायी है। तूफान के लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रशासन ने समुद्र किनारे के लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है। द्वारका जिले के ओखा से 2500 लोगों को वहां से हटा कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। इधर, पश्चिम रेलवे की कई ट्रेनें भी प्रभावित रहेंगी।



### मुंबई के जुहू चौपाटी में छह डूबे, दो को बचाया गया

**मुंबई।** अरब सागर में बिपरजॉय चक्रवात की वजह से जहां तेज हवा चल रही है, वहीं समुद्र भी तुफानी हो गया है। इसी वजह से सोमवार को मुंबई की मशहूर जुहू चौपाटी में शाम साढ़े पांच बजे छह लोग समुद्र में डूब गए। इनमें से दो को स्थानीय नागरिकों की मदद से बचा लिया गया है लेकिन चार लोग अभी भी लापता हैं। इधर, तेज हवा की वजह से आज मुंबई एयरपोर्ट पर कई उड़ानें स्थगित कर दी गईं जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा है।

# 'गदर-2' का टीजर हुआ रिलीज




**'गदर-2'** पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा में है। जल्द ही फिल्म पर्दे पर आयेगी। इस फिल्म के प्लॉट में तारा सिंह 22 साल बाद पाकिस्तान के दामाद के रूप में वापसी करेंगे। हालांकि, इस बार तारा सिंह ने पहले से भी ज्यादा गुस्से के साथ पाकिस्तान की धरती पर कदम रखा है। तारा सिंह की एंट्री से अब पाकिस्तान में भी गहमागहमी है। इन चंद मिनटों के टीजर से अंदाजा लगाया जा रहा है कि 'गदर-2' रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला सकती है। 'गदर-2' के इस टीजर को सकीना उर्फ अमीषा पटेल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। टीजर की शुरुआत एक डायलॉग से होती है। वह पाकिस्तान के दामाद हैं। उसे एक नारियल दें और एक टीका लगायें, नहीं तो इस बार दहेज लेकर लाहौर चला जायेगा, संवाद सुनाई पड़ता है। इसके बाद तारा सिंह की धमाकेदार एंट्री होती है, जो बेहद गुस्से में नजर आ रहे हैं। इसके बाद तारा सिंह बैलगाड़ी के पहिये को उखाड़कर हवा में घुमाते नजर आ रहे हैं। इस सीन को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि फैंस को 'गदर' से ज्यादा 'गदर-2' में एक्शन सीन देखने को मिलेंगे।फिल्म का टीजर अमीषा पटेल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। कैप्शन में लिखा है- तारा सिंह इज बैक। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'गदर-2' का प्लॉट 1970 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित होगा। फिल्म में तारा सिंह और सकीना के बेटे जीत एक भारतीय सैनिक की भूमिका में नजर आयेंगे। इस रोल में उत्कर्ष शर्मा नजर आयेंगे।

# प्रियंका ने जबलपुर से चुनाव अभियान का किया शंखनाद, मप्र को पांच गारंटी का वादा

**जबलपुर (हि.स.)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सूबे में कांग्रेस की सरकार बनने पर हम पुरानी पेंशन को लागू करेंगे। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में दिया जायेगा। किसानों की जो कर्ज माफी कमल नाथ सरकार के समय प्रारंभ हुई थी, उसे पूर्ण किया जायेगा, यह मेरी गारंटी है। हमने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भी जो गारंटी दी थी, उन्हें पूरा किया है। आपके साथ पिछले 18 साल से गलत हो रहा है। आपका शोषण हो रहा है। यहां धन-बल से जनादेश को कुचला जाता है। पिछली बार आपने हमारी सरकार बनायी थी, लेकिन जोड़-तोड़ और पैसे से भाजपा हमारी सरकार तोड़ी और अपनी बना ली। प्रदेश में हमारे भी कुछ ऐसे नेता थे, जो सत्ता की वजह से कांग्रेस छोड़कर चले गये।

प्रियंका सोमवार को जबलपुर के शहीद स्मारक मैदान में आम सभा को संबोधित कर रही थीं। दरअसल, कर्नाटक में जीत से



उत्साहित कांग्रेस अब मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। इसी क्रम में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को जबलपुर पहुंचीं। उन्होंने यहां ग्वारीघाट पर 101 ब्राह्मणों के साथ मां नर्मदा की पूजा-आरती कर प्रदेश में पार्टी के चुनावी प्रचार अभियान का शंखनाद किया।उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत मां नर्मदा के जयकारे से की। उन्होंने कहा कि हम किसी के जज्बात और आस्था से खिलवाड़ करके राजनीति नहीं करते हैं। उन्होंने शिवराज सरकार पर आरोप लगाया कि यहां पर भ्रष्टाचार और रिश्वतवाद चल रहा है। इन्होंने महाकाल को नहीं छोड़ा। एक पुजारी ने मुझे वीडियो भेजा। हवा से मूर्तियां उड़ रही हैं। यहां 225 से ज्यादा घोटाले हो चुके हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा, जहां घोटाला न हुआ हो। यहां तो किसानों के मुआवजा वितरण तक में घोटाला हो गया। बेरोजगारी का आलम यह है कि तीन साल में मात्र 21 लोगों को ही रोजगार मिला है।

उन्होंने इस मौके पर मतदाताओं को पांच गारंटी दी। उन्होंने कहा कि आज मैं कुछ गारंटी दे रही हूं। वे गारंटी जो हम शत-प्रतिशत पूरा करेंगे। यह मेरा वादा है। यही वादा हमने कर्नाटक में किया। वहां की सरकार ने आते ही बिल पास कर दिया। हर महीने महिलाओं को 1500 रुपये दिये जाएंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपये का मिलेगा। 100 यूनिट बिजली फ्री और 200 यूनिट हाफ होगी। मध्य प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे। किसान कर्जमाफी का काम पूरा करेंगे।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख के बीच हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) का सेंसेक्स 99.08 अंक यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 62,724.71 के स्तर पर बंद हुआ है। नेशलन स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) का निफ्टी भी 38.10 अंक यानी 0.21 फीसदी की तेजी के साथ 18,601.50 के स्तर पर बंद हुआ है।




# काशी की आत्मा भारत की कालातीत परंपराओं से ऊर्जावान : प्रधानमंत्री

**वाराणसी (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जी-20 देशों के विकास मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने बैठक की सफलता की कामना और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा- काशी की आत्मा भारत की कालातीत परंपराओं से ऊर्जावान है। मुझे उम्मीद है कि आप अपना सारा समय मीटिंग रूम में नहीं बितायेंगे। मैं आपको प्रोत्साहित करता हूं कि आप बाहर जायें, अन्वेषण करें और काशी की भावना का अनुभव करें। और, मैं ऐसा केवल इसलिए नहीं कहता कि काशी मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। मुझे विश्वास है कि गंगा आरती और सारनाथ की यात्रा का अनुभव आपको वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

प्रधानमंत्री ने वीडियो संबोधन में कहा- मैं लोकतंत्र की जननी के सबसे पुराने जीवित शहर (बनारस) में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। काशी सदियों से ज्ञान, चर्चा, संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र रही है। इसमें भारत की विविध विरासत का सार है। उन्होंने कहा- वैश्विक दक्षिण के लिए विकास एक मुख्य मुद्दा है। ग्लोबल साउथ के देश वैश्विक कोविड महामारी द्वारा उत्पन्न व्यवधानों से काफी प्रभावित हुए हैं। भू-राजनीतिक तनावों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट ने एक और झटका दिया है। ऐसी परिस्थितियों में, आपके द्वारा लिये गये निर्णय पूरी मानवता के लिए बहुत मायने रखते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सतत विकास लक्ष्यों को पीछे न जाने दें। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। इस समूह के लिए दुनिया को एक मजबूत संदेश देना अनिवार्य है कि इसे हासिल करने के लिए हमारे पास एक कार्य योजना है। मैं जी-20 विकास मंत्रियों से विकास के इस मॉडल का अध्ययन करने का आग्रह करता हूं। पीएम मोदी ने कहा- भारत महिला सशक्तिकरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास तक फैला हुआ है। मैं आपसे महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए गेम-चेंजिंग एक्शन प्लान अपनाने का आग्रह करता हूं।




### विदेश मंत्री की अध्यक्षता में शुरू हुई जी-20 के विकास मंत्रियों की बैठक

**वाराणसी।** जी-20 के विकास मंत्रियों की बैठक सोमवार को यहां के पं. दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल सभागार में शुरू हुई। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में जी-20 के सभी सदस्यों के अलावा नौ अतिथि देश और 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि सहित 200 लोग भाग ले रहे हैं। बैठक में डॉ जयशंकर ने वैश्विक आर्थिक सुधार की धीमी गति व अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुटता के साथ वैश्विक स्तर पर कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लंबा कर्ज संकट और ऊर्जा, खाद्य एवं उर्वरक सुरक्षा पर दबाव, श्रृंखला में बाधा के चलते वैश्विक सुधार की गति धीमी है। ऐसे में भारत ने टिकाऊ विकास लक्ष्यों की प्रगति को गति प्रदान करने के लिए महत्वाकांक्षी सात वर्षीय कार्य योजना तैयार की है। इसमें जी-20 गतिविधियों के लिए समन्वित एवं समावेशी खाका पेश किया गया है।

# अमेरिका के मैरीलैंड में गोलीबारी, तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मैरीलैंड में गोलीबारी की घटना सामने आयी है। घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी और सात लोग घायल हो गये हैं। पुलिस ने एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। अमेरिका के मैरीलैंड के एनापोलिस इलाके के एक घर में जोरदार गोलीबारी हुई है। एनापोलिस में जिस जगह गोलीबारी हुई है, वह स्थान अमेरिकी संसद से महज तीस मील दूर स्थित है। घटना एजवुड रोड पर पैडिंग्टन प्लेस पर 1000 ब्लॉक की है। फिलहाल गोलीबारी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। गोलीबारी से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। गोलीबारी की घटना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बतायी गयी है।

